मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक : 169 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 10 फरवरी 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण मेरठ सहित कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला

मेरठ, एजेंसी। पहाड़ों पर फिर से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मेरठ और आसपास के जिलों में मौसम का मिजाज बदल गया। कई क्षेत्रों में लगातार और कहीं रुक-रुक बारिश शुरू हो गई। इससे ठिठुरन बढ़ी हैं। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह जलभराव ने भी परेशानी बढ़ाई। बारिश के चलते किसान भी परेशान हैं। पिछले सप्ताह हुई वर्षा से भी फसलों को नुकसान हुआ था। हालांकि मौसम विज्ञानियों ने गुरुवार को मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एन सुभाष का कहना है कि मंगलवार रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण वेस्ट यूपी में बुधवार को तेज हवा से मध्यम बारिश होने के अनुमान है। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि वेस्ट यूपी के सभी जिलों में तेज हवा के साथ मौसम बिगडेगा, तराई क्षेत्रों में ओले भी पड़ सकते हैं।

### पूंजीगत लाभ कर ढांचे में बदलाव को तैयार है सरकार : राजस्व सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बुधवार को कहा कि सरकार शेयरों, ऋण और अचल संपत्ति पर पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए विभिन्न दरों और होल्डिंग अवधि में 'बदलाव' करने के लिए तैयार है, ताकि इस प्रणाली को सरल बनाया जा सके। आयकर अधिनियम के तहत, चल और अचल दोनों तरह की पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाला लाभ 'पूंजीगत लाभ कर' के दायरे में आता है। हालांकि, अधिनियम के तहत कार, परिधान, फर्नीचर जैसी चल व्यक्तिगत संपत्तियां इस कर के दायरे से बाहर हैं। बजाज ने कहा कि संपत्तियों पर विविध दरों और होल्डिंग की अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ का कर ढांचा काफी जटिल है और इसपर फिर से गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा दर, होल्डिंग अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ ढांचे पर फिर से काम करने की जरूरत है। अगली बार जब भी अवसर मिलेग हम इसमें बदलाव करने को तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा विभाग भारत जैसे अन्य देशों और विकसित दुनिया में दरों का अध्ययन कर चुका है। आमतौर पर 36 महीने से अधिक समय तक रखी जाने वाली संपत्ति को दीर्घकालिक संपत्ति कहा जाता है।


### सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने शीर्ष सऊदी कमांडर से बात की

नई दिल्ली, एजेंसी। थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने बुधवार को सऊदी अरब की शाही सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फहद बिन अब्दुल्ला मोहम्मद अल-मुतेर से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर बात की। सेना ने कहा कि वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। सेना ने ट्वीट किया जनरल एमएम नरवने सीओएएस ने शाही सऊदी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फहद बिन अब्दुल्ला मोहम्मद अल-मुतेर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पहलुओं पर चर्चा की।'

## पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती, राहुल के नाना पंडित नेहरू के दिनों की हैं: राजनाथ

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण चीन और पाकिस्तान के मित्र बनने के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार कर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती नेहरू के दिनों की है, यह कांग्रेस सरकारों के समय में बढ़ी थी। उत्तराखंड में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए सिंह ने कहा कि टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस नेता ने स्वतंत्र भारत का इतिहास भी नहीं पढ़ा है। दरअसल राहुल गांधी ने हाल में संसद में केंद्र सरकार पर आरोप लगाया था कि उसकी गलत नीतियों के कारण चीन और पाकिस्तान करीब आ गए हैं। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान संसद में गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण चीन और पाकिस्तान आपस में दोस्त हो चुके हैं।

शायद उन्होंने आजाद भारत का इतिहास भी कभी पढ़ा नहीं है। प्राचीन इतिहास,तब पढ़ा ही नहीं होगा। मध्ययुगीन इतिहास भी नहीं पढ़ा होगा। सिंह ने कहा, पाकिस्तान का शक्सगाम घाटी पर अवैध कब्जा था और जिस समय पाकिस्तान ने उस चीन के हवाले किया था, उस समय भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू थे। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जब



चीन ने कराकोरम राजमार्ग बनाया,तब उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरीडोर 2013 में जिस समय बनना प्रारंभ हुआ, उस समय कांग्रेस की सरकार थी।उन्होंने कांग्रेस पर लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए उन्हें गुमराह करने का भी आरोप लगाया। सिंह ने गलवान घाटी में हुई झड़प पर टिप्पणी को लेकर भी राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, 'आस्ट्रेलिया के खोजी पत्रकार ने हाल में पाया कि गलवान संघर्ष में कम से कम 38-50 चीनी सैनिक मारे गए थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि लोगों को कांग्रेस जैसे दलों को माफ नहीं करना चाहिए।

## नडडा ने कहा, भाजपा को छोड़कर सभी पार्टियों परिवार की पार्टी बन चुकी

पणजी, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत में ह्यउत्तर से लेकर दक्षिण तक सारी पार्टियां ह्यपरिवार की पार्टीह्ण हो गई हैं।वहीं कांग्रेस 'भारतीय परिवार पार्टी' बन चुकी है। नड्डा राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए 14 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले पार्टी के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। दक्षिण गोवा के फतोर्दा में जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि अन्य पार्टियों से अलग भाजपा पहले देश के बारे में सोचती है और उसके पास मजबूत वैचारिक आधार है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा अन्य सभी दलों के पास नेतृत्व, कार्यकताओं और काम करने की मंशा की कमी है। उन्होंने कहा, 'भाजपा ऐसी पार्टी है जिसके पास विचारधारा और उद्देश्य है और वह नीतियों का पालन करती है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो अपने कार्यकताओं के कारण बढ़ रही है।

भाजपा राष्ट्र को अपने ह्रदय में रखकर अपने सिद्धांतों और नीतियों का पालन करती है।' नड्डा ने कहा कि गोवा में सत्तासीन भाजपा मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में पूरे जोरशोर से काम कर रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'मुझे याद है कि दिवंगत मनोहर पर्रिकर जी (भाजपा के वरिष्ठ नेता और गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री) ने भाजपा कार्यकताओं को जोश का नारा दिया था। प्रमोद सावंत ने पर्रिकर की गैर मौजूदगी में भी जोश बनाए रखा है। नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार के तहत गोवा में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। उन्होंने याद किया कि कैसे गोवा के लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए नाव से नदियां पार किया करते थे और अब राज्य में पुलों का जाल बिछा हुआ है।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो 10 दिन में करेंगे किसानों के कर्ज माफ, नौकरी में महिलाओं को 40 फीसदी आरक्षण

### प्रियंका ने जारी किया कांग्रेस का घोषणा पत्र

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने इससे उन्नति विधान का नाम दिया है। लखनऊ में प्रियंका गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के साथ पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। यह फैसला 10 दिनों के अंदर में ही लिया जाएगा। इसके अलावा सभी का बिजली बिल भी आधा कर दिया जाएगा। 12 लाख सरकारी पदों को भरने का भी लक्ष्य रखा गया है तथा 20 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया है। उत्तर प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो 10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त किया जाएगा। इसके साथ ही नौकरियों में 40 फीसदी महिलाओं को आरक्षण देने की भी बात कही गई है।





प्रियंका गांधी ने कहा घोषणापत्र में शामिल वायदे लोगों से बात करने के बाद ही शामिल किए गए हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान पर 3000 रुपये के मुआवजे देने की भी बात कही गई है। साथ ही साथ गो धन योजना के तहत गोबर को 2 रुपये किलो भी खरीदा जाएगा। सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने वादा किया कि 2500 रुपए गेहूं और धान की खरीदारी होगी जबकि 400 रुपये में गन्ना खरीदा जाएगा। कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक मार झेलने वाले परिवारों को 25000 रुपए भी दिए जाएंगे।

जान गंवाने वाले कोविड-19 योद्धाओं को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। प्रियंका ने कहा कि हमने दूसरी पार्टियों की तरह अन्य पार्टियों के सुझाव लेकर अपने घोषणापत्र में नहीं डाले, हमने इसमें जो भी डाला है वो जनता की ही आवाज है। हमारी सरकार बनने पर 10 दिन में किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। जिन लोगों को आवारा पशुओं की वजह से हुए नुकसान को झेलना पड़ा उन्हें 3,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा और गोधन न्याय योजना शुरू की जाएगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कांग्रेस ने मध्यम वर्ग को किफायती आवास भी देने का वादा किया है इसके साथ ही ग्राम प्रधान का वेतन 6000 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा।

कांग्रेस घोषणा पत्र के अनुसार स्कूल फीस बढ़ने से रोका जाएगा तथा शिक्षकों के खाली दो लाख पद भरे जाएंगे। एडहॉक शिक्षकों, शिक्षामित्रों को अनुभव के अनुसार भी नियमित किया जाएगा। कांग्रेस घोषणा पत्र में बेरोजगारी और महंगाई का भी मुद्दा रखा गया है। उन्नति विधान के मुताबिक कारिगरों-बुनकरों तथा पूर्व सैनिकों के लिए विधान परिषद में एक-एक सीट आरक्षित की जाएगी। पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमे खत्म किए जाएंगे। दिव्यांग लोगों को 3 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। मुहिला पुलिसकर्मियों को उनके गृह जनपथ में पोस्टिंग की अनुमति दी जाएगी।

## योगी ने यूपी में पहली बार गुंडाराज समाप्त किया : नितिन गडकरी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने चरम पर है।इस बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यूपी चुनाव को लेकर अपना बड़ा बयान दिया है। गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जबरदस्त तरीके से तारीफ कर दावा किया कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। गडकरी ने कहा कि योगी बहुत सफल मुख्यमंत्री हैं, कानून-व्यवस्था के लिए उन्होंने अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने पहली बार यूपी का गुंडाराज समाप्त किया और प्रदेश में विकास हो रहा है। 5 साल के अंदर यूपी का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका के बराबर हुआ है।



गडकरी ने कहा कि मैंने कहा है, कि 5 साल के भीतर यूपी का सड़क ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा। हवाई अड्डे बने, सिंचाई की सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं। यूपी तेजी से विकसित और समृद्ध राज्य बनने की ओर बढ़ रहा है, इसका श्रेय यूपी की बीजेपी सरकार, सीएम और डिप्टी सीएम को जाता है। सरकार ने अच्छा काम किया। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में पहले ही हमारी सत्ता है, हम एक बार फिर से चुनकर आएंगे और पंजाब में हम एक शक्ति के रूप में उभरकर आएंगे। पहली बार हम पंजाब में इतनी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

विदेश नीति को लेकर राहुल गांधी के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी विदेश नीति सफल हुई है और नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। राहुल गांधी कभी इस बात को स्वीकार नहीं करने वाले हैं, क्योंकि वहां विरोध की राजनीति कर रहे हैं। गोवा को लेकर उन्होंने कहा कि मनोहर पर्रिकर द्वारा छोड़े गए शून्य को हमेशा महसूस किया जाएगा, क्योंकि वह एक लंबे और महत्वपूर्ण नेता थे लेकिन प्रमोद सावंत ने उनके दिखाए रास्ते पर अच्छा काम किया है। उनके मार्गदर्शन से ही प्रमोद सावंत ने गोवा में सफलता हासिल की है। मैं इसके बारे में खुश हूँ।

## शिक्षामंत्री का बयान पर यू-टर्न, अगले शिक्षण सत्र से यूनिफॉर्म कोड नहीं लागू होगा

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में अगले शिक्षण सत्र से यूनिफॉर्म कोड नहीं लागू होगा। हिजाब विवाद को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बयान को संशोधित कर कहा कि कल मेरे द्धारा स्कूलों में गणवेश को लेकर बयान जारी किया गया था। मेरा बयान स्कूलों में समानता, अनुशासन और स्कूलों की पहचान को लेकर था,इसकारण यूनिफॉर्म कोड लागू करने का विषय बोला था।



उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उसका गलत अर्थ और संदर्भ निकालकर रखा है मैं उसका खंडन करता हूं। फिलहाह हम नया यूनिफॉर्म कोड लागू नहीं करने वाले हैं, और न ही उस पर कोई काम हो रहा है। पंरपरागत रूप से जो व्यवस्था चल रही है स्कूलों में गणवेश को लेकर वहीं व्यवस्था लागू रहेगी।

वहीं प्रदेश के स्कूलों में हिजाब बैन करने के स्कूल शिक्षा मंत्री परमार के बयान पर शिवराज सरकार ने अपना पल्ला झाड़ लिया।गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने साफ कहा कि प्रदेश में हिजाब को लेकर कोई विवाद नहीं है। हिजाब को बैन करने को लेकर कोई भी प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नही हैं। इसकारण किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं रहे।

दरअसल कर्नाटक में हिजाब को लेकर मचे बवाल के बाद प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री परमार ने प्रदेश में स्कूलों में हिजाब बैन करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि स्कूलों में समानता और एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रेस कोड लागू करने जा रहे है। अगले सत्र से प्रदेश के स्कूलों में ड्रेस कोड लागू होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने साफ कहा कि जिस परंपरा में लोग निवास करते हैं उसका वह अपने घरों तक में ही पालन करें और स्कूल में ड्रेस कोड आए। स्कूलों में अनुशासन बनाए रखने के लिए जिस स्कूल का यूनिफॉर्म तय किया गया है।

## घाटी में सेना और पुलिस के लिए सिरदर्द बने हाइब्रिड आतंकी



श्रीनगर, एजेंसी। जेएंडके पुलिस ने दावा किया है कि अनंतनाग में दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कि हाइब्रिड आतंकी हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आतंकी जैश से जुड़े थे, और कई जगहों पर पुलिस और सैनिकों पर हमला करने की योजना बना रहे थे। दरअसल इनदिनों कश्मीर में हाइब्रिड आतंकी एक नई चुनौती बने हुए हैं।

अधिकारियों का कहना है, कि कश्मीर घाटी में पिछले कुछ दिनों में इसतरह की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें हमला करने वाला शख्स ऐसा था जो कि आतंकियों कि लिस्ट में शामिल नहीं था। ये वे लोग होते हैं, जो कि हमला करने के बाद सामान्य जीवनशैली में लौट आते हैं और उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इन्हें सामान्य नागरिक बता दिया जाता है। ये कट्टर विचारधारा से जुड़े होते हैं और किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

हाइब्रिड आतंकियों को यूं भी समझा जा सकता है, कि वैसे अपना काम करते हैं, लेकिन मौका मिलने पर आतंकी घटना को अंजाम देने से भी नहीं चूकते हैं। वे अपनी जीवनशैली में ही कुछ समय दहशतगर्दी को भी देते हैं।इनके पास हथियार भी होते हैं जो कि आतंकी संगठनों की तरफ से उन्हें दिए जाते है।

इसतरह के आतंकियों को तैयार करने के लिए सबसे पहले ब्रेनवॉश किया जाता है। धर्म और नफरत के नाम पर उस कुछ भी करने के लिए तैयार किया जाता है। इसके बाद गुप्त रूप से हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है। इस श्रेणी में ज्यादातर युवा होते हैं जिन्हें कट्टर बना दिया जाता है।इसतरह के आतंकियों को आदेश उनका आका देता है। आतंकी घटना को अंजाम देने के बाद वे अपने आका के अगले आदेश का इंतजार करते हैं। जब उन्हें आदेश मिलाता है,तब वहां एक बार फिर से सामान्य जीवन जीने लगते हैं। दरअसल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर नकेल कसी गई,तब आतंकियों ने हमले का नया तरीका निकाल लिया। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी भी काम में शामिल है।

## कोरोना की वजह से इस बार पिट गया चुनाव सामग्री का कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। इस समय पांच राज्यों में भले ही विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से बड़ी रैलियों के बजाए वर्चुअल कैंपेन पर जोर देने की वजह से चुनाव सामग्री का कारोबार पिट गया है। राजनीतिक दलों के नेता भी डोर-टू-डोर कैंपेन, रोड शो और छोटी जनसभाओं को संबोधित करते नजर आ रहे हैं। इससे प्रचार सामग्री से जुड़े व्यापारियों को खासा नुकसान पहुंचा है।

दिल्ली के सबसे बड़े थोक मार्केट, सदर बाजार, में पॉलिटिकल पार्टियों के झंडे, पटके, टोपी, बैनर, बिल्ले, पैन, डायरी आदि बनाने वाले व्यापारियों का अच्छा कामकाज है। अब कोविड प्रतिबंधों और चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों की वजह से चुनाव प्रचार सामग्री व्यापार की कमर टूट गई है। ऑल इंडिया इलेक्शन मैटेरियल मैन्यफ्रैक्चर्स एंड ट्रेडर्स असोसिएशन



के महासचिव गुलशन खुराना ने बताया कि 5 साल पहले जो बिजनेस 5 हजार करोड़ रुपए का होता था। वह अब सिमटकर 600-700 करोड़ रुपए का रह गया है। सोशल मीडिया और कोरोना की वजह से प्रचार सामग्री व्यापारियों की हालत खराब हो गई है।

कोरोना काल से पहले बड़ी-बड़ी रैलियां होती थीं। गली मोहल्ले में पदयात्राएं होती थीं। माहौल बनाने के लिए पटके, झंडे, बिंदी, साड़ियां, टोपी, झालर, बैंड, बैनर, टीशर्ट, स्टिकर आदि बिकते थे। महामारी में यह काम पिट गया है। सोशल मीडिया और वर्चुअल कैंपेन पर राजनेता फोकस किए हैं। इससे इलेक्शन कैंपेनिंग के दौरान उपयोग होने वाला सामान कम बिका है। दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव हो रहा है। यहां से काफी माल कैंपेन में जाता था। इस बार ऐसा नहीं हुआ है। गुलशन ने बताया कि कोविड-19 को ध्यान में रखकर मास्क भी बनाए थे। सभी राजनीतिक दलों के रंग और चुनाव चिन्ह मास्क का डिजाइन तैयार किया। मगर, नेताओं से लेकर कार्यकताओं में महामारी का कोई खौफ नहीं दिख रहा।

अधिकतर लोग बगैर मास्क के रैलियों और राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे है। हमारे मास्क भी ज्यादा नहीं बिके, जबकि अभी कोरोना गया नहीं है। यदि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और समर्थक मास्क लगाएंगे, तो उनका प्रचार भी होगा और वे संक्रमण से भी बच सकते हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्र और राज्य सरकारों से डिमांड की है कि चुनाव प्रचार सामग्री से संबंधित व्यापारियों को वित्तीय राहत पैकेज दिया जाए। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि इलेक्शन कैंपेन का बिजनेस देश में सीजनल है। इनसे जुड़े व्यापारियों को चुनाव का इंतजार रहता है।

*सर्व तीर्थ नायक है माँ नर्मदा - महंत हर्दयगिरी*

# पेशवा घाट पर भव्य नर्मदा जयंती महोत्सव में बनारस की तर्ज पर हुई नर्मदा महाआरती

» मोमिना बेगम, मदरलैंउ संवाददाता





आलीराजपुर : वैदिक काल से पावन नगरी के रूप में माँ नर्मदा नदी के किनारे स्थित महेश्वर नगरी में नर्मदा जयंती का एक दिवसीय भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रातः बेला में पूज्य साध्वी महंत जगतगिरी गुरु माँ एवं महंत हर्दयगिरी महाराज के सान्निध्य में सुविख्यात प्राचीन पेशवा घाट पर इक्यावन युगल जोड़ी द्वारा सवा दो सौ किलो दूध एवं पंचामृत से आचार्य विद्वानों के मंत्रोच्चारण में माँ नर्मदा का महाभिषेक किया गया। सवा क्विंटल कढाई हलवे का भोग लगा कर माँ नर्मदा को चुनरी चढाई गई। इस अवसर पर पाँच सौ एक कन्याओं का पूजन किया गया।

शाम के मुख्य कार्यक्रमों में पूज्य साध्वी महंत जगतगिरी गुरु माँ एवं महंत हर्दयगिरी जी के पावन सान्निध्य, अतिथिद्वय श्री तिलकसिंह ह्यडीआईजीह्व पुलिस खरगोन, विक्रम सेन ह्यअध्यक्षह्व भारतीय पत्रकार संघ ह्यएआइजेह्व, कथा वाचक संत श्यामदास महाराज,योगेश शर्मा प्रांत सेवा प्रमुख, विक्की शर्मा भारतीय पत्रकार संघ युवा प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र राजपूत प्रदेश पदाधिकारीह्वकिसान मोर्चा रहे। इस अवसर पर शाम को अमेरिका से आयी सुश्री उमा फड़के ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। स्वर सम्राज्ञी स्व. लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए निगुर्णी भजन की प्रस्तुति दी।पूना आए अनूप कुलथे ने वायलिन पर मन मोह लिया। महेश्वर नगर के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्याम रंजनसेन गुप्ता के नृत्यांजलि संस्था की पलक उपाध्याय, सलोनी दुबे, वैष्णवी सोनेर, गोरी अत्रे, अमीषा गुप्ता, शीतल श्रवनेकर, प्रज्ञा चौहान द्वारा नर्मदा अष्टक एवं शिव तांडव की नृत्यमय प्रस्तुति दी।अतिथियों द्वारा दीपदान किया गया। दीपदान समिति ने पाँच हजार एक दिप जलाकर छोड़े गए। माँ नर्मदा की काकड़ आरती हुई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। प्रसाद के साथ पूजित रुद्राक्ष भी वितरण किए गए। इस अवसर पर हजारों जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि ह्यनरेंद्र अटलह्व ने किया एवं आभार पंडित मधु चौरे द्वारा किया गया।

# निर्धन परिवार की कन्या के विवाह हेतु सहयोग किया श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड

गुरुग्राम* ।श्री श्याम परिवार फाउंडेशन, श्री श्याम बजरंग परिवार संघ व श्री श्याम सहायता कोष व अन्य लोगो के द्वारा आज एक निर्धन परिवार के कन्या के विवाह हेतु जरूरत के सभी सामान दिए गए

श्री श्याम परिवार फाउंडेशन बहुत सारे कार्यों में लगा हुआ है जिसमें की लोगों को चिकित्सा में सहायता, गुरुग्राम संकीर्तन महोत्सव, द्वादसी निशुल्क संकीर्तन महोत्सव, योग शिवर, निशुल्क वैक्सीनेशन कैंप, निशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप, और आर्टेमिस हॉस्पिटल के साथ मिलकर लोगों के लिए मुफ्त एंबुलेंस को चलाना जैसे बहुत से कार्य किये जा रहे है

आज उपहार स्वरूप एक सोने की नथ, चांदी का सेट, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुए, चार चांदी के कंगन, एक लड़की की अँगूठी, एक लड़के की अंगूठी व गले की चैन चांदी की, एक बेड़, गद्दे, तकिये, एक अलमीरा, सिलाई मशीन, कम्बल, दरी, डिनर सेट, बैड शीट,

लड़की की साड़ीया, सूट, लहँगा चुन्नी, लड़के के कोटपैंट, लड़के के कपड़े, लड़की की चप्पल, प्रेस, जूसर मिक्सर, प्रेशर कुकर, दीवार घड़ी, लड़की व लड़के की हाथ की घड़ी, टेबल फैन, व अन्य काफी समान आज संस्था के सदस्यों द्वारा आज धनकोट गांव



मैं रहने वाले परिवार को दिया गया है इसके टैंट का इंतजाम, व बारात के खाने से संबंधित सभी और भी जो जरूरी कार्य है वो सभी किये जा रहे है ।फॉउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा सुखी वैवाहिक जीवन की मंगल कामना देते हुए कहा कि बेटी समाज की धरोहर है बेटियां समाज के लिए अमुल्य धन है इसी पर समाज की नींव टिकी हुई है

इस अवसर पर श्री श्याम परिवार फाउंडेशन, श्री श्याम बजरंग परिवार संघ व श्री श्याम सहायता कोष के सदस्य सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी सहयोग करने वाले व्यक्तियों का हृदय की गहराइयों से हार्दिक धन्यवाद करते है

## संक्षिप्त समाचार

### पिंक बूथ का हुआ उद्घाटन नई दिल्ली जिले के पीएस कनॉट प्लेस में




संयुक्त पुलिस आयुक्त नई दिल्ली रेंज, श्री. ए0के0सिंह, आईपीएस ने नई दिल्ली जिले के पीएस कनॉट प्लेस के जनपथ मार्केट में एक गुलाबी बूथ का उद्घाटन किया ।महिला पुलिस कर्मचारियों द्वारा संचालित पिंक बूथ का उद्देश्य शिकायतकताओं, विशेषकर महिलाओं और लड़कियों को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर तत्काल राहत प्रदान करके, उन्हें बाजार के भीतर महिला पुलिस कर्मचारियों तक पहुंच प्रदान करके सुविधा प्रदान करना है । उद्घाटन समारोह में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य और नई दिल्ली जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. नई दिल्ली जिले की इस पहल का स्थानीय लोगों और बाजार संघों ने स्वागत और प्रशंसा की है

### केंद्रीय बजट और राजकोषीय विवेक के साथ डिजिटल सपोर्ट, फ्रैंकलिन टेम्प्लेटॉन

नई दिल्ली । महामारी के कारण मंदी की अनिश्चितता से अर्थव्यवस्था को बचाने करने का प्रयास करते हुए, केंद्रीय बजट ने रिकवरी की गति को बनाए रखने के लिए भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर अपने सीमित संसाधनों के सही खर्च पर ध्यान केंद्रित किया है । साथ ही, राज्यों के चुनाव नजदीक होने के के बावजूद एक उपभोक्ता और गरीब हितैषी दिखने की विवशता से दूर जाते हुए केंद्रीय बजट ने लोकलुभावनवाद की जगह राजकोषीय विवेक के रास्ते पर चलने का फैसला लिया । बजट में सरकार ने निरंतर पूंजीगत व्यय की आवश्यकता को पहचाना है, जो न केवल निर्माण जैसे क्षेत्रों में विकास पुनरुद्धार के लिए बल्कि निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के लिए भी महत्वपूर्ण है । हालांकि इसने बुनियादी ढांचे के उपायों पर ध्यान केंद्रित करके और कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय को प्रोत्साहित करके अर्थव्यवस्था के आपूर्ति पहलू को संबोधित किया है । हालांकि, इन सबके बावजूद बजट समग्र मांग को बढ़ावा देने के उपायों के मामले में पीछे है । वित्त वर्ष 23 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य संशोधित कर 6.4% रखा गया है, जो अधिकांश तौर पर बाजार उम्मीदों के अनुरुप हैं ।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब के सीएम बनना चाहते हैं - चन्नी



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब के सीएम बनना चाहते हैं या फिर प्रॉक्सी (छद्दम तरीके के) तरीके से शासन करना चाहते हैं। चन्नी ने एक समाचार चैनल से कहा, ह्यकेजरीवाल यहां सीएम बनना चाहते हैं लेकिन उनकी यह इच्छा कभी पूरी नहीं होगी। उन्होंने 200 से 400 करोड़ रुपये विज्ञापन में ह्यअब की बार केजरीवालह्व कहने के लिए खर्च किया है लेकिन लोगों ने जब यह स्वीकार नहीं किया तो उन्होंने भगवंत मान का नाम जोड़ा। ह्य

अपने भानजे के यहां छापेमारी से संबंधित केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा, ह्यकेजरीवाल ऐसी बातें हर बार चुनाव के समय करते हैं और फिर माफी मांग लेते हैं। ऐसा व्यक्ति सीएम नहीं बनना चाहिए तो गलती करने के बाद हर बार माफी मांग ले। कल वे फिर २ड्ड११८ कहेंगे ह्य राज्य में 20 फरवरी को वोटिंग होगी और चन्नी और केजरीवाल की पार्टी के बीच इसमें कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। जहां आम आदमी पार्टी के प्रमुख ने चन्नी पर दिल्ली की कल्याणकारी योजनाओं की नकल करने का आरोप लगाया है। चन्नी के रिश्तेदार के यहां भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के छापे को लेकर भी वे मुखर हैं। दूसरी ओर, चन्नी ने केजरीवाल पर बाहरी होने का आरोप लगाया है।

बातचीत के दौरान चन्नी ने विश्वास जताया कि कांग्रेस राज्य में बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। बातचीत के दौरान चन्नी ने पूछा गया कि अगर कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला तो क्या आम आदमी जैसी दूसरी पार्टियों के साथ तालमेल पर विचार करेंगे, तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने वाला। पार्टी दो तिहाई बहुमत हासिल करेगी। चन्नी ने यह भी कहा कि इस चुनाव में, पूर्व सीएम और कांग्रेस छोड़कर अलग पार्टी बनाने वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह कोई फैक्टर नहीं हैं।

# खाद्य तेलों के भंडारण सीमा आदेश को कार्यान्वित करने के लिये केंद्र ने राज्यों के साथ बैठक की



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने तीन फरवरी, 2022 को एक आदेश को अधिसूचित किया था, जिसके तहत खाद्य तेल और तिलहनों की भंडारण सीमा मात्रा 30 जून, 2022 तक बढ़ा दी गई है। इसका उद्देश्य है देश में खाद्य तेलों की कीमतें स्थिर करने के लिये सरकार द्वारा उठाये गये विभिन्न पहलों में तेजी आ सके। भंडारण सीमा आदेश केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को यह अधिकार देता है कि वे खाद्य तेलों और तिलहनों के भंडारण तथा वितरण को नियमबद्ध कर सकें। इससे देश में खाद्य तेलों और तिलहनों की जमाखोरी रोकने के सरकारी प्रयासों को बल मिलेगा। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने आठ फरवरी, 2022 को एक बैठक की, जिसमें तीन फरवरी, 2022 को जारी उपरोक्त आदेश को क्रियान्वित करने की योजना पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान इस बात पर बल दिया गया कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी बिना आपूर्ति श्रृंखला और वैधानिक कारोबार में अड़चन पैदा किये भंडारण सीमा मात्रा आदेश लागू कर सकते हैं। खाद्य तेलों के सम्बंध में भंडारण सीमा तय कर दी गई है। भंडारण सीमा खुदरा व्यापारियों के लिये 30 कुंतल, थोक व्यापारियों के लिये 500 कुंतल, बड़े रिटेलरों की दुकानों की श्रृंखला के लिये 30 कुंतल और उनके डिपो के लिये 1000 कुंतल तय की गई है।

# 10 और 12 की परीक्षाएं 26 अप्रैल से प्रारंभ होंगी



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं 26 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा 26 अप्रैल से ऑफलाइन मोड में होंगी। बोर्ड ने विभिन्न पक्षों से चर्चा और कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सेकंड टर्म बोर्ड परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित करने का फैसला किया है। सैद्धांतिक परीक्षाएं 26 अप्रैल से प्रारंभ होगी। कक्षा 10 और 12 के लिए डेटशीट जल्द ही जारी की जाएगी और यही सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। टर्म-2 की परीक्षाओं में वस्तुनिष्ठ और विषयपरक दोनों तरह के प्रश्नों के जवाब देने होंगे। परीक्षा के लिए सीबीएसई, सैंपल पेपर के पैटर्न का पालन करेगा। सीबीएसई की एकेडमिक वेबसाइट पर यह सैंपल पेपर्स पिछले माह जारी किए गए थे।

यह पहली बार है जब सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की अंतिम परीक्षा दो टर्म में आयोजित कर रहा है। देश में कोरोना की स्थिति के चलते ऐसा किया जा रहा है। पिछले साल कोरोना की दूसरी लहर के दौरान बोर्ड, परीक्षा आयोजित नहीं कर पाया था और परिणाम तैयार करने के लिए उसे वैकल्पिक मूल्यांकन योजना का सहारा लेना पड़ा था।

# बीजेपी का घोषणापत्र जारी गरीबों को तीन सिलेंडर और किसानों को हर महीने 6 हजार देने का वादा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने अपने घोषणापत्र को उत्तराखंड दृष्टिपत्र नाम दिया है। घोषणापत्र समिति के संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रह्लाद जोशी की मौजूदगी में बीजेपी का घोषणापत्र बुधवार को जारी हुआ बीजेपी का मेनिफेस्टो जारी करते हुए रमेश पोखरियाल ने कहा, 13 जिलों में जाकर अलग-अलग लोगों से सुझाव मांगे जिनमें सैनिक, किसान, महिलाएं युवा शामिल हैं। हर विधानसभा में मोबाइल टीम भेजी गईं, वे वहां पर सुझाव पेटियां रखीं। लोगों से पूछा गया कि आप कैसा उत्तराखंड चाहते हैं।ह्व रमेश पोखरियाल ने कहा कि हम उत्तराखंड को 2025 तक देश का श्रेष्ठतम राज्य बनाना चाहते हैं। सुरक्षित देवभूमि चाहते हैं, भूमि पर अवैध कब्जे के कारण जनसांख्यिकी परिवर्तन हो रहा है, हम इसके लिए कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 6 हजार केंद्र और 6 हजार राज्य सरकार देगी। यानी किसानों के खाते में 12 हजार जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार को योग की राजधानी बनाने का हमारा मिशन है। गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर करने की योजना है। गरीब घरों को साल में 3 सिलेंडर निशुल्क दिए जाएंगे। इसके अलावा बीपीएल परिवार की महिलाओं को 2000 प्रतिमाह, गरीब बच्चों को 1 हजार प्रति माह दिया जाएगा। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए 14 फरवरी को वोटिंग होगी। उत्तराखंड की कुल 70 विधानसभा सीटों में 632 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वोटों की गिनती 10 मार्च को होगी। रमेश पोखरियाल ने कहा कि हम उत्तराखंड को 2025 तक देश का श्रेष्ठतम राज्य बनाना चाहते हैं। सुरक्षित देवभूमि चाहते हैं, भूमि पर अवैध कब्जे के कारण जनसांख्यिकी परिवर्तन हो रहा है, हम इसके लिए कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 6 हजार केंद्र और 6 हजार राज्य सरकार देगी। यानी किसानों के खाते में 12 हजार जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार को योग की राजधानी बनाने का हमारा मिशन है। गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर करने की योजना है। गरीब घरों को साल में 3 सिलेंडर निशुल्क दिए जाएंगे। इसके अलावा बीपीएल परिवार की महिलाओं को 2000 प्रतिमाह, गरीब बच्चों को 1 हजार प्रति माह दिया जाएगा। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए 14 फरवरी को वोटिंग होगी। उत्तराखंड की कुल 70 विधानसभा सीटों में 632 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वोटों की गिनती 10 मार्च को होगी।

# दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहन की राजधानी बनाने की दिशा में केजरीवाल सरकार का बड़ा निर्णय, दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में बनाए जाएंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहन की राजधानी बनाने की दिशा में केजरीवाल सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है ।दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सभी सरकारी दफ्तरों में 3 माह के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी और वहां पर आने वाले आम नागरिक अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके संबंध में केजरीवाल सरकार की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

दिल्ली सरकार के सभी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों और कार्यालयों में आने वाली आम जनता के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्देश दिए गए हैं। केजरीवाल सरकार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के सभी विभाग उपयुक्त स्थानों की पहचान करें और अपने परिसर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करें। सरकारी कार्यालयों में 3 माह के भीतर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

डिस्कॉम के पैनल में शामिल वेंडर के जरिए इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनवाने पर 6 हजार रुपए प्रति चार्जिंग प्वाइंट सब्सिडी मिलेगी। दिल्ली के डिस्कॉम के साथ मिलकर परिवहन विभाग ने सिंगल विंडो प्रक्रिया स्थापित की है। सिंगल विंडो प्रक्रिया का उपयोग डिस्कॉम्स के पैनल वाले विक्रेताओं से रियायती और कम टैरिफ पर ईवी चार्जर लगाने के लिए किया जा सकता है। केजरीवाल सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि सरकारी भवनों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना सुनिश्चित करें।

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को साकार करने के लिए दिल्ली में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नए फैसले के तहत अब सभी सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जहां पर सरकारी कर्मचारियों के साथ आम जनता भी अपने वाहनों को चार्ज कर सकेगी। सरकारी दफ्तरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनने से लोग दफ्तरों में काम कराने के दौरान अपने वाहनों को चार्ज कर सकेंगे। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी-कर्मचारी भी इलेक्ट्रिक वाहनों से दफ्तर आने के लिए प्रेरित होंगे।

-दिल्ली में तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या

दिल्ली में सितंबर से नवंबर तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों ने सीएनजी और डीजल वाहनों की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। कुल बेचे गए वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों का 9 फीसदी हिस्सा है जबकि राष्ट्रीय औसत 1.6 फीसदी है। दिल्ली में सितंबर और नवंबर 2021 में ईवी की बिक्री 9.2 फीसदी थी। वहीं सीएनजी वाहनों की बिक्री नवंबर में 6.5 फीसदी रह गई है। इस दौरान कुल 9,540 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। इसमें से सितंबर में 2,873, अक्टूबर में 3,275 और नवंबर में 3,392 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। पेट्रोल वाहनों के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# केजरीवाल के घर के बाहर किसानों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

## दिल्ली के किसानों को नहीं मिला किसान का दर्जा-विनोद सहरावत

नई दिल्ली, 9 फरवरी। नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि सात साल पहले जब केजरीवाल ने सत्ता संभाली थी तो उस वक्त वायदा किया था कि वह 25 कॉलेज एवं 500 से ज्यादा सेकेंडरी विद्यालयों का निर्माण किया जाएगा लेकिन आज सात साल में पांच विद्यालय खोलकर वह लोगों को शराब कैसे पीना है यह सिखा रहे हैं। लाल डोरा बढ़ाने की बात केजरीवाल सरकार ने की थी लेकिन आज एक भी गांव में लाल डोरा बढ़ाया नहीं गया। आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सहित दिल्ली के हजारों किसानों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर 12 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। किसानों की मांग है कि अरविंद केजरीवाल ने जो भी वायदे 7 साल पहले किसानों और मजदूरों से किए थे वह आज तक पूरे नहीं हो पाये हैं।

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल सरकार नई शराब नीति के तहत दिल्ली को शराब की नगरी बनाने पर तुले हुए हैं। साल 2015 में अरविंद केजरीवाल ने वायदा किया था कि किसान को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देंगे, लेकिन आज तक वायदा पुरा नहीं हुआ है। यही नहीं कृषि यंत्रों, खाद और ट्रेक्टरों पर सब्सिडी देने की बात भी केजरीवाल सरकार ने किसानों से कहा था लेकिन आज तक उसे भी पूरा नहीं किया।

श्री बिधूड़ी ने कहा कि किसान ट्रेक्टर को कमर्शियल वाहन की श्रेणी से हटाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। इसके अलावा धारा 81-ए और धारा-33 को भी तुरंत हटाने की मांग भी पूरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की मृत्यु हो जाती है, उनके उत्तराधिकारियों का नाम राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया जा रहा। आज से शुरू हुए अनिश्चितकालिन प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल, किसान मोर्चा के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री विनोद सहरावात एवं किसान मोर्चा महामंत्री श्री अनूप कुमार चौधरी सहित हजारों की संख्या में किसान एवं मंजदूर मौजूद थे।




श्री बिधूड़ी ने कहा कि किसान अपने उतराधिकारियों को अपनी जमीन उनके नाम करवाना चाहते हैं तो सरकारी अधिकारी से जोर जबरदस्ती उन्हें रोक दिया जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. साहेब सिंह वर्मा ने किसानों को उनकी जमीन का उन्हें अधिकार दिया था लेकिन उन अधिकारों का अगर हनन केजरीवाल सरकार द्वारा करने की कोशिश की गई तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसानों को एमएसपी का 50 प्रतिशत अलग से भुगतान किया जा रहा है लेकिन यह सच्चाई नहीं है। 2018 से अब तक का 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाए। चार सालों से गांवों का विकास पूरी तरह ठप्प पड़ा है, उसे शुरू किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की जमीन का इस्तेमाल सिर्फ गांवों के विकास के लिए किया जाए और वहां स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क और बारात घर जैसी सुविधाएं दी जाएं।

किसान मोर्चा के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री विनोद सहरावात ने संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के किसानों को किसान का दर्जा नहीं दे रही है। किसान अपनी मांग को लेकर डटे हुए हैं और जब तक हमारी मांग पूरी नहीं की जाती तब तक हम यहां से नहीं जाएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री को हमारी मांग पूरी करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हल्की बूंदाबांदी से किसान चिंतित

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में लगातार दो रोज से हो रही बेमौसमी बारिश से जहां किसानों की चिंता बढा कर रख दी है तो वहीं, दूसरी तरफ जन जीवन प्रभावित हो रहा हैं। बारिश के दौरान बिजली गुल रहना जिला में कोई नई बात नही हैं। इससे पेयजल समस्या भी प्रभावित हो रही है। वहीं, बुधवार तडके तावडू शहर व ग्रामीण इलाकों के कई फीडरों पर बिजली गुल रही और विभागीय अधिकारी मौसम पर इसका ठीकडा फोड रहे हैं और हकीकत यह है कि मामूली सी हवा,आंधी व बारिश आने से शहरी व ग्रामीण इलाकों में बिजली गुल रहना आम बात हैं। वहीं, दूसरी ओर जिला में बारिश के बावजूद जिला का वायु प्रदुषण सूचकांक(एक्यूआई) में कोई खासा बदलाव नहीं आया है और जिला का वायु सूचकांक 107 व समीपवर्ती भिवाडी का 225 दर्ज किय गया है। बुग्गर, रहमदीन, मोहम्मदीन, अजरू, धोलू, ओमप्रकाश, सत्तार, प्रिंस वकील व लीलू प्रधान आदि ने बताया कि जिला में लगातार दो रोज से हो रही बेमौसमी बारिश से जहां किसानों की चिंता बढा कर रख दी है तो वहीं, दूसरी तरफ जन जीवन प्रभावित हो रहा हैं। बारिश के दौरान बिजली गुल होने से भी दिक्कते हो रही हैं।

इस बारे में उप मण्डल कृषि अधिकारी डा0 अजीत सिंह ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पूर्व अनुमान के तहत 10 व 11 फरवरी को गरज के साथ बूंदाबांदी के संकेत दे रखे हैं और साथ ही कहा कि बुधवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई है।

### अवैध पिस्तौल रखने के असल आरोपी को किया गिरफ्तार

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए सीआईए (2) की टीम ने 1 आरोपि को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान संदीप उर्फ ढिलू वासी थुराना के रूप में हुई जिसने संदीप उर्फ सुनील वासी थुराना को अवैध पिस्तौल बेचा था संदीप उर्फ सुनील को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है तथा संदीप उर्फ ढिलु को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया ।

### घर में घुसकर चोरी करने की कोशिश करने वाले को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार व चोरी की वारदातों पर लगाम लगाते हुए नारनौंद थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेश उर्फ शीलू वासी मिलकपुर के रूप में हुई जो राकेश वासी राजथल के घर में घुस कर चोरी करने की कोशिश कर रहा था जिस को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया हैं ।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम के कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग कार्य का लिया जायजा



मदरलैंड संवाददाता, एटा। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराना है। डीएम ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन हेतु ईवीएम वेयर हाउस कलक्ट्रेट कैम्पस में स्थापित जिला निर्वाचन कार्यालय के पीछे बिल्डिंग में चल रहे ईवीएम के कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग कार्य का जायजा लेते हुए मौजूद संबंधित रिटर्निंग आफीसर सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग कार्य को जल्द पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र 103 अलीगंज 104 एटा 105 मारहरा एवं 106 जलेसर के लिए ईवीएम के कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग कार्यस्थल पर मौजूद हैदराबाद के इंजीनियर्स से वार्ता की। डीएम ने कहा कि जिले की विधानसभा क्षेत्रों में बूथ पर प्रयोग की जाने वाली ईवीएम की हैदराबाद के इंजीनियर्स के माध्यम से ईवीएम वीवीपैट कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग इत्यादि कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। ईवीएम वीवीपैट कमीशनिंग कन्डीडेट सेटिंग के कार्य को समय से पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर रिटर्निंग आफीसर वेद प्रिय आर्य, अलंकार अग्निहोत्री, तहसीलदार सीपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### बेसहारा गोवंश अभी भी घूम रहे सड़कों पर

मैनपुरी। मैनपुरी में बेसहारा गोवंशो की समस्या एक लाइलाज बीमारी की तरह हो गई है। 2017 के बाद मैनपुरी में लगभग हर जगह यह बेसहारा गोवंश देखने को मिल रहे है। चारो तरफ घूमने वाले बेसहारा गोवंश अब तो खूनी भी नजर आने लगे है। अगर किसान या कोई राहगीर इनके सामने आ जाए तो यह उसे उठाकर पटक देते है। गोवंश द्वारा जिसे उठाकर पटका जाता है। उसका कोई अंग नष्ट होने उसकी या तो जिंदगी खराब हो जाती है। या फिर उसके प्राण पखेरु उड़ जाते है। जिला में लगभग हर जगह बेसहारा घूमने वाले गोवंशो की तरफ अब तो प्रशासन भी ध्यान नही देता है। घूमने वाले गोवंशो को मानो लाइसेंस मिल गया है चाहे जहां घूमे चाहे किसी किसान भी फसल बर्वाद करें। मैनपुरी में इस समय चारो तरफ विधानसभा चुनाव का दौर देखने को मिल रहा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में बेसहारा लेकिन सवाल ये है कि दिन रात फसलों की रखवाली कर रहे किसानों, ग्रामीणों की जान की सुरक्षा की गारंटी कैसे मिले।आपको बता दे कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आदेश में कहा था कि सड़को पर घूमने वाले गोवंशो को पकड़कर गौशाला में भेजा जाए। ऐसा नही है कि मुख्यमंत्री का आदेश का पालन नही हुआ। नौकरशाही के द्वारा पालन किया गया। क्षेत्र में भ्रमण करके गोवंशो की तलाश की गई। अगर कहीं पर दस गोवंश घूमते मिले तो दो गोवंश पकड़कर गौशाला में भेजकर इतिश्री कर ली गई। इस तरीके का काम पूरे जिला में हुआ।

## भावांतर योजना का लाभ नहीं मिलने से किसानों में रोष

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला के अधिकांश किसान बाजरे की भावांतर योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं। इससे संबंधित किसानों में रोष व्याप्त हैं।


किसानों की माने तो उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ की बाजारा फसल का पंजीकरण कराया था और सरकार की हिदायत अनुसार ही बाजरे की बिक्री की थी लेकिन अभी तक वह भावांतर योजन से वंचित हैं।

गणेश दास, सुरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, इलियास, आदिल, हारून, मुस्तुफा, सहरून, कालू, हसीन व जाकिर आदि समेत जिला के अधिकांश किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ खरीफ सीजन के लिए शुरू की गई बाजरा भावांतर योजना से जिला के अधिकांश किसान वंचित हैं। किसानों की माने तो उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ की बाजारा फसल का पंजीकरण कराया था और सरकार की हिदायत अनुसार ही बाजरे की बिक्री की थी लेकिन अभी तक वह भावांतर योजन से वंचित हैं। जबकि एक किसान हसीन ने हाई कोर्ट का दरवाजा भी खट खटाया लेकिन इसके बावजूद भी उसका बाजरा सरकारी रेट पर बिक्री नहीं हो सका और भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल सका।

इस बारे में इस बारे में जिला उपायुक्त से सम्पर्क करने पर बताया गया कि साहब फिल्ड में हैं और वह किसी भी तरह की बयानबाजी के लिए अधिकृत नहीं है।

## अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन ट्यूबवेलों की केबल काटी

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला के गांव सैनिक बाहुल्य गांव कलवाडी(तावडू) के करीब आधा दर्जन ट्यूबवेलों से अज्ञात चोर द्वारा बिजली की कैबल काटने का मामला प्रकाश में आया है। संबंधित किसानों ने तावडू सदर थाना में घटना की शिकायत भी दे दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है और घटना की शिकायत मिलने की बात कही है। पूर्व सैनिक रामकुमार पुत्र हरनारायण निवासी कलवाडी ने बताया कि रात्रि को अज्ञात चोर उनकी करीब 50 फुट व गांव के अन्य किसानों के करीब आधा दर्जन ट्यूबवेलो से कीमती केबल चोरी करके ले गया। पीडित ने बताया कि पुलिस को शिकायत दे दी गई है और जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस बारे में पुलिस का कहना है कि शिकायत मिल गई है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## डायलिसिस की सुविधा न मिलने से गुर्दा रोगी परेशान

### डायलिसिस यूनिट के शुरू होने का मरीजों को इंतजार



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिला में गुर्दा रोगियों की संख्या काफी ज्यादा है। उन्हें डायलिसिस की जरूरत है। जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट बनकर तैयार खड़ी है। लेकिन इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा। कुछ तकनीकी खामिया हैं जिन्हें दूर करने के लिए कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी जा रही है। लेकिन ये खामियां कब तक दूर होंगी मरीजों को इस बारे में नहीं बताया जा रहा। यूनिट शुरू न होने से परेशान रोगी आसपास के जनपदों में डायलिसिस के लिए भटकने पर मजबूर हैं।

ज्ञात हो कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस यूनिट स्थापित कराने के दिशा निर्देश दिए थे। एनआरएचएम के तहत इन यूनिट की स्थापना सरकार को करनी थी। एनआरएचएम के तहत मैनपुरी में भी इसके प्रयास शुरू होने थे। लेकिन 2018 तक इसके लिए कोई कसरत नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया तो जिला अस्पताल में यूनिट की स्थापना की कार्रवाई शुरू कराई गई। पिछले वर्ष जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट स्थापित कराई गई है। लेकिन इसकी शुरूआत अब तक नहीं हो पायी है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्र कहते है कि स्वास्थ्य विभाग ने यूनिट शुरू होने की रिपोर्ट शासन को भेज दी ह

## बसपा प्रत्याशी जुनैद मियां पर हमले की कोशिश बुलेरो सहित दो हमलावर पकड़े

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता



एटा। जनपद के जैथरा क्षेत्र में 103 विधानसभा अलीगंज के बसपा प्रत्यासी सऊद अली खाँ जुनैद मियां जैथरा ब्लॉक में अपने समर्थक रामकिशोर यादव के साथ चुनाव प्रचार कर रहे थे, तभी एक बुलेरो उनका पीछा करने लगी जुनैद मियां ने बताया कि पहले तो हम लोग ये समझे कि यह बुलेरो गाड़ी कही जा रही होगी, लेकिन बुलेरो सवार लड़को ने आगे चलकर गाड़ी की नम्बर प्लेट रगड़कर हटाने की चेष्टा की तो ब्लॉक प्रमुख रामकिशोर को कुछ शक हुआ अचानक उन बुलेरो सवार हमलावरों ने अपनी गाड़ी आगे लगा दी और जान से मारने के उद्देश्य से हमला कर दिया। जिस पर बसपा प्रत्याशी कार्यकताओं और समर्थकों ने हिम्मत जुटाकर दो हमलावरों को दबोच लिया बाकी हमलावर बुलेरो में सवार होकर भागने में सफल रहे। इस घटना की खबर आग की तरह फैल गई जिसने भी सुना वह जुनैद मियां की कोठी की तरफ भाग लिया। वहाँ उपस्थित हजारों की भीड़ को बसपा प्रत्याशी जुनैद मियां ने बताया कि जैसा हम चुनाव से पूर्व समझ रहे थे कि विरोधियों की जो मानसिकता है, वो हम पर हमला करा सकते हैं, वैसा ही हुआ बुलेरो में उसी पार्टी के झंडे बैनर थे।

पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकिशोर यादव ने दिया था बसपा प्रत्याशी जुनैद मियां की मां को वचन पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामकिशोर यादव ने सभी को आश्वत करते हुए कहा कि जुनैद की माँ को वचन दिया है, कि मेरे रहते जुनैद पर कोई आँच नही आएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जुनैद मियां की तरफ चलने वाली गोली पहले मेरे सीने से गुजरेगी तब जुनैद का कुछ बिगाड़ पाएगी। मेरे जीते जी जुनैद का बाल भी बांका नही होगा ये मैं आप सभी को वचन देता हूँ। इस घटना से जुनैद मियां के समर्थकों में भारी रोष व्याप्त है। बताते चले अलीगंज विधानसभा सीट के लिए तृतीय चरण में 20 फरवरी को मतदान होना है, और सभी पार्टियां जोर शोर से चुनाव प्रचार में लगी है इस बीच इस तरह की घटना बहुत ही चिंता का विषय है। क्योंकि अलीगंज विधानसभा के चुनावों में पूर्व में होने वाली हिंसाओं का एक इतिहास रहा है। इसलिए स्थानीय प्रशासन को इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाकर ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी होगी। ताकि क्षेत्र में जनता भय मुक्त मतदान करके अपने मताधिकार का उचित प्रयोग कर सके।

## सपा राष्ट्रीय महासचिव का भाजपा पर हमला

### मैनपुरी में भाजपा के सपने नही होगें पूरे



मैनपुरी। विधानसभा करहल में सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने क्षेत्र के ग्राम असरोई व लाखनमऊ में सभाएं की। उन्होंने ग्राम दिहुली, कुम्हेरी, मीठेपुर, असरोही, प्रहलादपुर, सोडरा की जनसभाओं में भाजपा पर हमला बोला। कहा कि भाई को भाई से लड़ाकर भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। लेकिन मैनपुरी के लोग भाजपा के सपने को पूरा नहीं होने देंगे। रामगोपाल यादव ने कहा कि सपा सरकार आने पर पुरानी पेंशन दी जाएगी। घोषणा पत्र में अखिलेश यादव ने जितने भी वायदे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। फसल के लिए एमएसपी प्रदान की जाएगी। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त मिलेगी। समाजवादी पेंशन फिर से शुरू की जाएगी। एमएलसी अरविंद यादव ने भी सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल यादव, अखिलेश पाल, बिल्लू यादव, सर्वेश यादव, राहुल यादव, संजीव कुमार, राजेंद्र सिंह यादव, अभिषेक यादव, शिवकुमार यादव, धर्मेंद्र शाक्य, शेरसिंह, रतनलाल राजपूत, प्रधान कमलेश यादव, गौरव, यश प्रताप, देव प्रताप, सोनू यादव, सिलेटी सिंह यादव, प्रदीप पाल, लालू यादव, प्रेमसिंह यादव, सुरेंद्र कुमार यादव, अलवर सिंह यादव, राजकुमार चक, यशवीर सिंह, अनुज कुमार, विश्राम सिंह, रवि यादव मौजूद रहे।

## जनपद में मतदाता की चुप्पी खिला सकतीं है कोई नया गुल

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। जनपद की मारेहरा विधानसभा सीट ने पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव और मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाने मे अहम भूमिका निभाई है। हमेशा अहम भूमिका निभाने वाली निधौलीनकला आज प्रत्याशियों के आचार विचार का आकलन करने मे जुटी है कि आम जनता का हितेषी कौन हो सकता है। जनपद की चारों विधानसभाओं पर पार्टियों के प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ चुनाव के मैदान में मतदाताओं को लुभाने का काम कर रहे हैं। लेकिन इसी बीच मतदाता अपनी चुप्पी साधे हुए देख रहा है कि वही चेहरा वही सरकारें जिनके बारे में पहले भी सब देख चुके हैं कि किस पार्टी की सरकार ने कितना विकास व कितना झूठ बोलने का कार्य किया है। उसको मतदाता गंभीरता से लेते हुए चुप्पी साधे नजर आ रहा हैं। कहने को तो मुख्य पार्टी समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी दोनों पार्टियों के कार्यकताओं मे बहुत ही जोश है, लेकिन मतदाताओं की खामोशी चुनावी गणित बिगाडने को आतुर दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर यह कहा जाये कि मतदाताओं की चुप्पी कोई नया गुल खिला सकतीं है तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। वही प्रत्याशियों के अपने कार्यकाल मैं कार्य न कराने से जनता नाखुश है। काफी जगह प्रत्याशियों को मतदाताओं के बीच विरोधाभास का सामना करना पड़ रहा है तो काफी जगह सम्मान से सुशोभित किया जा रहा है सबसे बड़ी खास बात यह है कि मतदाता के मूड का प्रत्याशी व कार्यकर्ता पता नहीं लगा पा रहा है।

बीजेपी विधायक प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह लोधी का पुतला फूंककर किया विरोध

मारहरा विधानसभा क्षेत्र के गांव कुठिला लायकपुर में बीजेपी प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी का उस समय पुतला फूंका गया जिस समय उस गांव में वोट मांग रहे थे। मतदाताओं की नाराजगी को देखते हुए प्रत्याशियों के चेहरों पर डूबते सूरज की तरह रौनक भी बिखरती नजर आ रही है।

## स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर का अहम दायित्व - प्रेक्षक

» मदरलैंड संवाददाता




एटा। विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तैनात किए गए माइक्रो आब्जर्वर को दो पालियों में शहर के जनेश्वर मिश्र सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रेक्षक एटा सदर विधानसभा राजेन्द्र रतनू, प्रेक्षक अलीगंज अमर पाल सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण के दौरान गहनता से जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समुचित दिशा निर्देश भी दिए।

प्रेक्षक ने कहा कि जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो। इसके लिए मतदान केन्द्रों पर मॉनीटरिग हेतु तैनात किए गए सभी माइक्रो आब्जर्वर अपने दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करें जिससे निर्वाचन के दौरान कोई समस्या न आए। मतदान केन्द्र की होने वाली गतिविधियों को माइक्रो ऑब्जर्वर द्वारा ऑब्जर्वर किया जाएगा। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 20 फरवरी को होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए पोलिंग पार्टियां मण्डी समिति से 19 फरवरी को रवाना होंगी। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर आयोग के अण्डर में हैं अतः निष्पक्ष होकर कार्य करें जिससे कि आपकी निष्पक्षता दिखाई दे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान शुरू होने से पहले प्रातः 5:30 बजे एजेण्टों की मौजूदगी में मॉकपोल शुरू होना है 15 मिनट तक एजेण्ट का इंतजार कर सकते हैं। प्रत्येक बूथ पर वीडियोग्राफर लगाए गए हैं इसके अलावा 900 से अधिक बूथों पर बेबकास्टिंग भी कराई जा रही है। मॉकपॉल की वीडियोग्राफी अतिआवश्यक है। मतदान केन्द्र पर प्रत्येक दशा में प्रातः 7 बजे से मतदान शुरू हो जाना चाहिए शाम 6 बजे तक जो भी व्यक्ति लाईन में लग जाएगा उसका वोट टोकन वितरण के माध्यम से अवश्य डलवाया जाए।

इस दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 अवधेश कुमार वाजपेयी, बीएसए संजय सिंह, एलडीएम वीरेन्द्र सिंह, एटा सदर एवं अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में तैनात माइक्रो ऑब्जर्वर आदि मौजूद रहे।

## लघु सचिवालय के रख रखाव में भारी अनियमिताएं होने से लोगों में रोष, टूटे -खिडकी दरवाजे इस बात की बानगी

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा के शासन काल में बने जिला मुख्यालय नूंह में बने लघु सचिवालय में साफ-सफाई, भवन आदि की कथिततौर से देख रेख ना होने से नव निर्मित भवन जीर्णक्षीर्ण हालत में हो गया है। लोगों की माने तो लघु सचिवालय में मूलभूत सुविधाओं का जहां बुरा हाल हैं। वहीं, शौचालयों व अन्य जगहों पर हो रहे जल रिसाव के अलवा खिडकी-दरवाजे आदि न होने से लोगों को बडी परेशानी उठानी पड रही है। सीढियों में गुटका की पीक, टूटी हुई खिडकियों से दुर्घटनाओं की आशंका के अलावा जिस तल पर सहकारिता मंत्री डा0 बनवारीलाल मिटिंग हॉल में ग्रीवेंस कमेटी के दौरान जन समस्याऐं सुनते हैं उसका तो बुरा हाल हैं हॉल के पीछे व जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के पास बने शौचालय के दरवाजे टूटे, ऊपर पाईपलाईन लीकेज से सारे दिन पानी टपकता रहता है जिससे कार्यालय में आने वाले लोगों के अलावा खुद कर्मचारी भी परेशान हैं और वह इसको दीया तले अंधेरा की संज्ञा दे रहे हैं। हांलाकि, हर तल पर सफाई कर्मचारी एक मिशन के तौर पर सुबह से सफाई में लगे रहते हैं लेकिन टूटे दरवाजे लगाना व अन्य काम उनसे परे हैं।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि शासन-प्रशासन तक समस्या समाधान की आवाज बुलंद करने के बावजूद कोरे आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिल पा रहा है।

इस बारे में जिला उपायुक्त से सम्पर्क करने पर बताया गया कि साहब फिल्ड में हैं और आने पर वह ही इस बारे में बेहतर जानकारी मुहैया करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सफीपुर समेत कई जगहों पर थामा कांग्रेस का दामन



मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। पिरान कलियर विधानसभा में लगातार कांग्रेस का कुनबा बढ़ रहा है। बुधवार को सफीपुर समेत कई जगहों पर नेताओ ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधायक फुरकान अहमद ने सभी का माल्यार्पण कर पार्टी में आने पर स्वागत किया और उन्हे कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। सफीपुर में ऋषिपाल प्रधान के पुत्र गौरव ने अपनें समर्थकों के साथ कांग्रेस ज्वाईन कर ली। इस दौरान उन्होने कहा कि कांग्रेस सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, जबकि भाजपा व दूसरे दल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं। युवाओ के भविष्य, कर्मचारी वर्ग से खिलवाड़ कर रहे हैं। जिस कारण आम जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि वह हमेशा सबको साथ लेकर चले हैं और आगे भी सबको साथ लेकर क्षेत्र में विकास को गति दी जाएगी।

### दल पूरी ताकत से मैदान में, उक्रांद के प्रत्याशी होंगे विजयीः हरीश पाठक

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश पाठक ने कहा कि दल पूरी ताकत के साथ चुनाव लड रहा है निश्चित रूप से दल के प्रत्याशी विजयी होंगे तथा सरकार बनायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने एक गाने की लांचिंग भी की। इस अवसर पर दल के केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व पर उत्तराखंड की जन जन तक अपनी बात रख रहा हूं। लंबे समय के बाद आप सभी से मुलाकात हो रही है आप और हम उत्तराखंड क्रांति दल के थीम सॉन्ग यूकेडी को लाना है, उत्तराखंड बचाना है और एक मौका तो दो यूकेडी को का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि इन सबसे पहले मैं उत्तराखंड की मौजूदा स्थिति पर कहा कि इसी हफ्ते चुनाव है, और हमारे 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। कोशिश थी 70 पर लड़ने की, मगर कोई बात नहीं, महंगे चुनाव को देखते हुए, कुछ साथी नहीं लड़े। उन्होंने कहा कि दिल्ली और नागपुर के रिमोट से चलने वाले दल, उत्तराखंड का भला नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ले लीजिए या बड़े भाई पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत हरदा को लीजिए। उन्होंने कहा कि एक भाई नरेन्द्र मोदी करके वोट मांगता है, और दूसरा उत्तराखंडियत का ढोंग पीटता है। भू कानून, मूल निवास, मूलभूत सुविधा, फ्री बिजली पानी का वादा जो आज दोनों कर रहे है। उन्होंने कहा कि 21 साल से क्या कर रहे थे। अंतरिम गवर्मेंट बीजेपी की रही। उसके बाद तो जनता ने 10 बीजेपी और 10 साल कांग्रेस की निर्वाचित सरकार बनाई। क्या किया। खनन, भ्रष्टाचार लगातार जारी रहा और राज्य बनने के बाद उत्तराखंड की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी, इन परिस्थितियों के चलते राज्य पर अतिरिक्त बोझ चुनाव का ना पड़े इसीलिए हमने वह कदम उठाया, लेकिन नौ बिंदुओं पर समर्थन दिया था। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लताफत हुसैन, केन्द्रीय प्रवक्ता विजय बौड़ाई, विजेंद्र रावत, कुंदन सिंह बिष्ट, एडवोकेट एसएन बिष्ट, सागर पंवार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा राज्य के समग्र विकास के लिए कटिबद्धः सीएम

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आज देश व उत्तराखड प्रदेश में सड़कों का व्यापक स्तर जाल बिछ गया है भाजपा राज्य के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है। यहां खटीमा से वर्चुअल माध्यम से दृष्टि पत्र के लोकार्पण अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से प्रदेश व देश में सड़कों का जाल बिछ चुका है यह कार्य केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने करके दिखाया और उत्तराखंड में कई किलोमीटर सड़कों का जाल बिछ गया है। ऑल वेदर रोड पर तेजी से काम चल रहा है तथा राज्य का व्यापक स्तर पर समग्र विकास किया जायेगा। सीएम धामी ने कहा कि दृष्टि पत्र के बारे में अन्य वक्ताओं ने विस्तार से कह दिया है भाजपा मेरी मां के समान है जिन्होंने एक सैनिक पुत्र को मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति लगाव है उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देवतुल्य जनता भाजपा को जानती है राज्य में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना 2024 तक पूरी हो जाएगी और उत्तराखंडवासी रेल से यात्रा कर सकेंगे, वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एम्स का कुमाऊ में सैटेलाइट सेंटर भी स्थापित किया जायेगा

### रायपुर विस से उक्रांद प्रत्याशी अनिल डोभाल ने किया सघन प्रचार

देहरादून, एजेंसी। रायपुर विधानसभा से उक्रांद प्रत्याशी अनिल डोभाल का सघन प्रचार वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कॉलोनी में रहा। जनसम्पर्क करते हुए जनता के बीच प्रत्याशी अनिल डोभाल ने कहा है कि उक्रांद राज्य की अपनों की सोच रखती है। उन्होंने कहा कि रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आज भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है। चाहे भिलांग, अस्थल हो या द्वारा, केसर वाला हो आज भी वहां की जनता सड़क, बिजली पानी, चिकित्सा और शिक्षा की सुविधाओं के लिए तरस रहा है। रायपुर क्षेत्र में नगर निगम वार्डों की सफाई, सड़कों की दुर्दशा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार उक्रांद को मौका देता है तो जनता के साथ किये गए वादों को हम पूरा करेंगे। इस अवसर पर रंजना नेगी, रचना थपलियाल, रक्षित, अनीता नेगी, कौशल्या, पुष्पा नौटियाल, मीना थपलियाल, आयुष, संजीव सचदेवा, संजीव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता हर समय रहता है चुनाव मूड में: विजयवर्गीय

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हर समय चुनाव के लिए तैयार रहता है और यह कार्यकताओं की पार्टी के प्रति निष्ठा तथा आत्मबल का ही परिणाम है कि आज पूरे देश में राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार सत्ता में है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विजयवर्गीय ने हरिद्वार जनपद में प्रवास के दौरान रुड़की में मेयर गौरव गोयल के आवास पर कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी लगन और निष्ठा के साथ चुनाव की तैयारी में लगा रहता है। आज भाजपा इन्ही कार्यकताओं की बदौलत प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हो रहे विधानसभा के चुनाव में पार्टी का कार्यकर्ता पूरे मनोबल से कार्य कर रहा है और जो लक्ष्य पार्टी ने प्रदेश में 60 सीटों को प्राप्त करने का रखा है, वह लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। विजयवर्गीय ने रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा के साथ मिलकर शहर में भाजपा के पक्ष में वोट को लेकर आहवान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को विधानसभा के प्रत्येक सीटों पर अधिक से अधिक मतों से विजय प्राप्त करने के लिए उनमें जोश भरा। यहां पहुंचने पर मेयर गौरव गोयल, पंडित रमेश सेमवाल तथा पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री आदेश सैनी, प्रवीण संधू, डॉ. सौरभ गुप्ता, पार्षद चंद्रप्रकाश बाटा, डॉ. नवनीत शर्मा, संजीव राय, अनूप राणा, रमेश जोशी, धीरज कुमार, पूनम देवी, शीतल कालरा एडवोकेट, डा. टेक बल्लभ, विभोर अग्रवाल, अनूप शर्मा, रानू गोयल, नरेश सचदेवा, शिवम अग्रवाल, अविनाश त्यागी, सार्थक गोयल मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद अडवानिया ने भरा कार्यकर्ताओ में जीत का जोश

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। कलियर, झबरेड़ा, भगवानपुर विधानसभाओ में पार्टी के प्रचार प्रसार एवं कार्यकताओं के मार्गदर्शन हेतु बुधवार को गुजरात प्रान्त से राज्यसभा सांसद दिनेश अडवानिया एवं पूर्व विधायक लाल जी भाई नन्द विहार कालोनी स्थित पुष्पेंद्र आर्य के निवास पर पहुंचे। जहां उन्होने श्री कृष्ण शाखा के स्वयंसेवको व आर्य समाज नन्द विहार के पदाधिकारियों के साथ भाजपा प्रत्याशी मुनीश सैनी को विजयी बनाने के लिये विचार विमर्श किया एवं प्रबल जीत के लिये कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया। प्रथम आगमन पर आर्य समाज नन्द विहार द्वारा ओम पट्टिका पहनाकर तथा अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर प्रवासी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शहीद स्मारक स्थल ऐतिहासिक वट वृक्ष स्थान पर भी अतिथियों को ले जाकर उस स्थान के महत्व की जानकारियां दी गई तथा अतिथियों एवं कार्यकताओं द्वारा सामुहिक रूप से शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, भगवानपुर विधानसभा विस्तारक योगेश, हरपाल सैनी प्रधान आर्य समाज नन्द विहार, जवाहरलाल आर्य मंत्री आर्य समाज नन्दविहार, प्रवेश धीमान, बबलू आर्य, सोनू सैनी, अंग्रेशपाल सैनी, तेजपाल सैनी, अमिता आर्य, प्रियंका आर्य आदि उपस्थित रहे।

## बसपा सुप्रीमो आज हरिद्वार में, बसपाई, दलित समाज में जोश




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। उत्तराखण्ड के सियासी रण में अब स्टार प्रचारको की आमद दर्ज हो गई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बाद ब्रहस्पतिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती जनपद हरिद्वार में वर्चुवल रैली करने जा रही है। इसे लेकर तमाम बसपाईयो व एससी समाज में जोश बना है। अपनी नेता का भाषण सुनने को बुधवार से ही बसपाई और एससी समाज के लोग तैयारियों में बने हैं। उधर झबरेड़ा विधानसभा प्रत्याशी आदित्य बृजवाल का जनसंपर्क अभियान चरम पर बना है। बुधवार को आदित्य बृजवाल और उनके पिता पूर्व विधायक हरिदास ने क्षेत्र में कई जगहों पर बैठके की। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने उन्हे समर्थन की घोषणा की। आदित्य बृजवाल ने क्षेत्रवासियों को बसपा की नीतियों की जानकारी देने के साथ ही अपने लिए वोट मांगे। कहा कि कांग्रेस, भाजपा ने युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही छात्रों के साथ भी धोखा किया है। देश में किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों के हालात तो बिलकुल बदतर है। पूर्व विधायक हरिदास ने क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कहा कि विधानसभा क्षेत्र में पूरी तरह से माहौल बसपा के पक्ष में बना है। क्षेत्रवासी भाजपा और कांग्रेस के दोगले पन को पहचान चुके है। दोनों दल हमेशा से पुंजीपतियो के साथ खड़े रहे हैं। जिस कारण कांग्रेस, भाजपा शासन में गरीब को महंगाई, बेरोजगारी की मार झेलनी पड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी अनित कुमार जाटव, जिलाध्यक्ष जोनी मौर्य, शिवा, रोहित कुमार कोहली, अंकित भक्तोवाली, शुभम डेलना, आकाश पटेल और आदि महिला प्रचारक मौजुद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में दिया गुणवत्तापरक शिक्षा पर जोर

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। बाबू गुलाबराय की 134वी जयंती पर अंतरराष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज फिरोजाबाद हिंदी विभाग, सेंट जोंस कॉलेज हिंदी विभाग आगरा, प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट फिरोजाबाद, अखिल विश्व हिंदी समिति टोरंटो कनाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में गोष्ठी का आयोजन हुआ। हिंदी साहित्य में बाबू गुलाबराय का योगदान विषय पर आयोजित गोष्ठी में अतिथियों, विशेषज्ञों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं हिंदुस्तानी एकेड़मी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बाबू गुलाबराय का हिंदी साहित्य में विशेष योगदान रहा है, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। मुख्य अतिथी नवीनकरण एवं भाषा प्रसार विभाग केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के अध्यक्ष प्रो. उमापति दीक्षित ने कहा कि आज पूरी दुनिया में हिंदी को अपनाया जा रहा है, जो तमाम भारतीयो के लिए गौरव की बात है। हमें भी हिंदी को अपनी बोलचाल, लिखने, पढ़ने की भाषा बनाना होगा। हिंदी सरल और व्यवहारिक भाषा है। मुख्य वक्ता प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट के निदेशक डॉ. रामस्नेही लाल शर्मा ने कहा कि हमें हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ ही हिंदी साहित्यकारों के सम्मान के प्रति भी गंभीरता से कार्य करना होगा। उनका संस्थान दोनों ही दिशा में कदम उठा रहा है। विशिष्ट अतिथी प्रो. आनन्द वर्धन शर्मा ने कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी साहित्यकारों के प्रति सम्मान को लेकर सरकारें गंभीर हुई है, जो एक अच्छी और खुशी की बात है। अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी और हिंदी साहित्यकारों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ी है। बाबू गुलाबराय स्मृति संस्थान आगरा के अध्यक्ष प्रो. श्री भगवान शर्मा ने कहा कि बाबू गुलाबराय ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम किया। हिंदी साहित्य में भी उनका योगदान अहम रहा है। राजकीय उच्चतर माध्यमि विद्यालय बिझौली, नारसन, हरिद्वार के शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि हमें हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ ही इसे आम जन की व्यवहारिक भाषा बनाए जाने के प्रति भी गंभीरता से काम करना होगा। केवल कागजों में ही दिखावा करने या भाषणों से इस दिशा में काम नहीं होगा। अपने बच्चों को अंग्रेजी के प्रति जागरूक न कर हमें उन्हे हिंदी भाषा के प्रति जागरूक और प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर राजेश्वर प्रसाद बंसल, डीएन शर्मा, अनिल उपाध्याय, प्रो. सुबोध शंकर, डॉ. निर्मला यादव, प्रो. एसपी सिंह, गोपाल बघेल, डॉ. प्रवीन गुप्ता आदि ने भी अपने विचार रखे। आयोजन समिति में डॉ. प्रकाश चैधरी, एकता सिंह चैहान, डॉ. सुनीता शर्मा शामिल रहे।

## सचिन पायलट की सभाओ ने बदल दिया मंगलौर में माहौल

» मदरलैंड संवाददाता



मंगलौर। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट की सभाओ ने मंगलौर में सियासी समीकरण बदल दिए हैं। मंगलौर क्षेत्र में माहौल पूरी तरह से कांग्रेस का बना है। हालांकि किसानों, जाट नेताओ की एकजुटता ने भी पहले से ही यहां बसपा की टेंशन बढ़ा रखी है। विधानसभा में सबसे बूरी हालत भाजपा की बनी है। 2017 में तीसरे पायदान पर रहने वाली भाजपा के लिए फिलहाल माहौल राहतदायक नहीं है। बता दें कि मंगलवार को सचिन पायलट ने मंगलौर, झबरेड़ा में सभाएं और रोड़ शो किया। इसमें उन्होने अपनी पार्टी के लिए वोट मांगे और भाजपा पर सियासी हमला बोला। पिछड़े वर्ग को महंगाई, बेरोजगारी की बात समझाने के साथ ही कोरोना काल में छोटे दुकानदारों पर पड़ी टैक्स और बिजली के बिलों की मार को भी समझाया। पायलट की सभाओ के बाद से क्षेत्र में हालात भी बदले हुए नजर आ रहे हैं। उधर बुधवार को भी कांग्रेसियो का जनसंपर्क जारी रहा। विधायक काजी निजामुद्दीन और कांग्रेस प्रदेश महामंत्री राजेंद्र चैधरी एड़वोकेट ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर पार्टी के लिए वोट मांगे। विधायक निजामुद्दीन ने कहा कि भाजपा ने आज किसान की हालत खराब कर दी है। आवाज उठाने पर किसानों को दबाया जाता है, लेकिन इस बार किसान जीतने जा रहा है। राजेंद्र चैधरी एड़वोकेट ने कहा कि पूरे देश का किसान आज भाजपा के खिलाफ ताल ठोके हैं। 2022 में मंगलौर समेत पूरे प्रदेश में कांग्रेस जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा को किसान, मजदूर और गरीब तबका मिलकर सत्ता से विदाई देने जा रहा है। राजेंद्र चैधरी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से किसानों के साथ खड़ी रही है।

## मुद्दविहीन भाजपा ने पांच दिन पहले जारी किया घोषणा पत्रः उक्रांद

- **भाजपा के पास उत्तराखंड के लिये कोई विजन नहीं : विजय बौड़ाई**

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड के चुनाव में अब केवल पांच दिन शेष हैं, और 2022 का घोषणा पत्र अब जारी किया गया है। अभी तक भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी नहीं कर पाई थी, जो यह दशार्ता है कि भाजपा के पास उत्तराखंड के लिये कोई विजन नहीं है। यहां जारी एक बयान में उक्रांद केन्द्रीय प्रवक्ता विजय बौड़ाई ने आरोप लगाया कि भाजपा बड़े जोर-शोर से प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, तमाम केन्द्रीय मंत्रीगण, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री उत्तराखंड में प्रचार के लिये कर रहे हैं लेकिन यह नही बता पा रहे हैं कि वास्तव में भाजपा प्रदेश में क्या करना चाहती है। पिछले 2017 के घोषणा पत्र में भाजपा का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा लोकायुक्त का था जिसको बड़े जोर से कहा गया कि 100 दिन के अंदर खंडूरी की सरकार में बनाये गए कानून के अनुसार लोकायुक्त का गठन भाजपा सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि लेकिन 5 वर्षों में लोकायुक्त की तरफ देखा तक नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते रहे कि उत्तराखंड में लोकायुक्त की आवश्यकता नहीं है। दूसरा मुख्य वायदा जनता से किया था कि जितनी भी रिक्तियां हैं उन पर 06 माह के अंदर भर्ती की जाएगी, लेकिन पांच वर्षों के अंतिम पांच माह में वह केवल कुछ पदों की विज्ञप्ति निकाल पायी। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के समक्ष जनहित के मुद्दों का नितांत अभाव है। उन्होंने कहा कि इसी कारण वह 2022 का घोषणा पत्र पांच दिन पहले जारी कर रही है। चुनाव में जाने के लिये जनता के बीच घोषणा पर प्रस्तुत किया जाता है लेकिन भाजपा इधर-उधर की बात तो कर रही है, जोर शोर से प्रचार भी कर रही है लेकिन घोषणा जारी करने में डर रही है। डर स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा इस बार मुद्दा विहीन हो गयी है।

## कांग्रेस नेता अभिनव थापर यमुनोत्री विधानसभा के चुनाव पर्यवेक्षक मनोनीत

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता अभिनव थापर को उनकी संगठन कार्य व विधानसभा चुनाव में को-ऑर्डिनेशन हेतु यमुनोत्री विधानसभा का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि देहरादून निवासी अभिनव थापर ने कैंट-देहरादून विधानसभा से कांग्रेस टिकट की दावेदारी की थी किन्तु अंतिम समय में वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना से कैंट देहरादून के कांग्रेस प्रत्याशी की दौड़ हार गए। इस अवसर पर अभिनव थापर ने पार्टी के आदेश का पालन करते हुए कैंट विधानसभा सहित देहरादून, उत्तरकाशी व हरिद्वार जिले की कुछ विधानसभाओं में कांग्रेस प्रत्याशीयों के पक्ष में लगातार कार्य कर रहे हैं, इसको देखते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आदेश पर महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने आज अभिनव थापर को यमुनोत्री विधानसभा का पर्यवेक्षक नियुक्ति का उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा आदेश जारी किया गया। इस अवसर पर यमुनोत्री विधानसभा के पर्यवेक्षक अभिनव थापर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से कई वर्षो से जुड़े हैं पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका पूरी मेहनत के साथ क्रियान्वयन किया जाएगा।

## भाजपा का दृष्टि पत्र एक विजन: नितिन गडकरी

- **दृष्टि पत्र में सभी वर्ग व सभी लोगों का भविष्य का कार्यक्रम निर्धारित**
- **जो काम पचास साल में नहीं हुए वह सात साल में भाजपा की केन्द्र सरकार ने कर दिखाये**

देहरादून, एजेंसी। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि उत्तराखंड देवभूमि व वीर जवानों की भूमि है जो सैनिक अपनी जान हथेली पर रखकर देश की सुरक्षा करते हैं वह उन सभी का अभिवादन करते हैं। आज राजपुर रोड स्थित एक होटल में उत्तराखंड विधानसभा 2022 के चुनाव के लिए दृष्टि पत्र 2022 को जारी करते हुए गड़करी ने कहा है कि भाजपा का दृष्टि पत्र एक विजन है जिस प्रकार से आंखे दान करना आसान होता है लेकिन दृष्टि दान करना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड सहित देश तरक्की कर रहा है और जो काम पचास साल में नहीं हुए वह सात साल में भाजपा की केन्द्र सरकार ने कर दिखाये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा दूर दृष्टि और विजन है जो कहती है वही करती है। उन्होंने कहा कि आज देश में पैसे की नहीं बल्कि दृष्टि की कमी है जिसे भाजपा दूर करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दृष्टि पत्र में सभी वर्ग व सभी लोगों का भविष्य का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिन बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है उस पर भाजपा की राज्य में आने वाली सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में उन्होंने नमामि गंगे में व्यापक स्तर पर काम किया और गंगा को अविरल बनाने का हर स्तर पर काम किया। उन्होंने कहा कि राज्य के 10 शहरों में 33 परियोजनाओं को बनाने का काम किया और गंगा को अविरल किया गया। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी आत्मा है देवभूमि के रूप में चार धाम की यात्रा भी महत्वपूर्ण है गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने का काम केन्द्र सरकार ने किया साथ ही इसमें राज्य सरकार का व्यापक स्तर पर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार आने पर और तीव्र गति से राज्य का विकास किया जायेगा, इसके लिए भाजपा कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि स्विटरजरलैंड व उत्तराखंड एक समान है यहां पर साढे. 12 हजार करोड की वॉल वेदर रोड का काम किया जा रहा है। इसलिए स्विटरजरलैंड से इंजीनियरों को बुलाकर इसका डीपीआर तैयार कर काम किया गया। रेलवे परियोजना के अंतर्गत टर्नल स्थापित किये हैं जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण को समाहित किया गया है। गडकरी ने कहा कि सड़क निर्माण में एक भी पेड़ का कटान नहीं किया जायेगा, सभी पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जायेगा और उत्तराखंड में इसके लिए युवाओं को ट्रेनिंग दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पर्यावरण की रक्षा करने का काम किया जायेगा। चार धाम राज्य की लाईफ लाइन है शेष सड़कों का कार्य इस वर्ष तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिसम्बर तक चार धाम का काम पूरा कर लिया जायेगा। कैलाश मानसरोवर व मानस सरोवर पर काम किया जा रहा है और यह भी इस वर्ष तक पूरे कर लिये जायेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, सह प्रभारी आरपी सिंह, रेखा वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, सांसद मालाराज्य लक्ष्मी शाह, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, अनिल गोयल, विनय गोयल मनवीर चैहान, बलजीत सोनी आदि शामिल रहे। संचालन राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब रत्न डॉ. कुलवंत सिंह गिल पंजाब लोक कांग्रेस की सलाहकार समिति में शामिल



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, मोहाली : पंजाब रत्न अवार्ड से सम्मानित डॉ. कुलवंत सिंह गिल को पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी (पीएलसीपी) की प्रदेश सलाहकार समिति का सदस्य बनाये गए हैं। डॉ. कुलवंत सिंह गिल विश्व गुरुमत रूहानी मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट, रतवाड़ा साहिब, मोहाली में कई वर्षों तक एजुकेशन डायरेक्टर व सलाहकार के तौर पर कार्यरत रहें हैं व मोहाली विधानसभा क्षेत्र में उनकी अच्छी पैठ है। वे मोहाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती तीनों सीटों में पड़ते क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं।

### आत्म नगर में खाली पड़ी कुर्सियों ने सुनी मोदी की आवाज



मदरलैंड संवाददाता,लुधियाना। आत्म नगर हल्का लुधियाना की सबसे हॉट सीट है जहां पर सिखों की वोट बैंक सबसे ज्यादा है एक तरफ कांग्रेस के उम्मीदवार तो दूसरी तरफ लोक इंसाफ पार्टी के उम्मीदवार मे पहले से ही जंग चल रही है वही भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है प्रेम मित्तल जो अभी तक आत्म नगर हल्के को ठीक से जान भी नही सके है 10% आत्म नगर के लोग ही इस चेहरे को पहचानते हैं वही भाजपा द्वारा हर हल्के में एल ई डी लगाकर नरेंद्र मोदी की ऑनलाइन रैली की गई मगर दुगरी फेस वन मार्केट में खाली कुर्सियों को नरेंद्र मोदी की आवाज सुनाई दी गिनती के मित्तल परिवार के लोग ही गिने चुने बैठे थे बाकी सभी कुर्सियां खाली पड़ी थी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आतम नगर हल्के में भाजपा की क्या हालात कितनी वोट भाजपा को मिल सकती है आतम नगर हल्का पहले अकाली दल का गढ़ माना जाता था पिछले 10 सालों से लोग इंसाफ पार्टी ने कब्जा किया हुआ है इस बार कांग्रेस का जोर ज्यादा है वहीं दूसरी ओर भाजपा ने हिंदू उम्मीदवार को इस हल्के में उतार कर बहुत भारी गलती की है।

### स्मृति ईरानी के दौरे से बदले समीकरण, लुधियाना वैस्ट में भाजपा उम्मीदवार एडवोकेट सिद्धू को मिला महिलाओं का जबरदस्त समर्थन



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। लुधियाना वैस्ट विधानसभा में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा भाजपा उम्मीदवार एडवोकेट बिक्रम सिद्धू के पक्ष में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा की गई महिलाओं की विशाल रैली ने सभी समीकरण बदल दिये है।

इस रैली में उमडे महिलाओं के विशाल समूह ने एडवोकेट बिक्रम सिद्धू को एकतरफा विजयी बनाने की हुंकार भर दी है। रैली को सम्बोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि इस क्षेत्र से चुनाव लड रहा कांग्रेस प्रत्याशी 5 वर्ष तक सरकार में मंत्री रहा परंतु महिलाओ के हितों की रक्षा नही कर सका। रेप के मामलों में इंसाफ के लिए महिलाएं दर दर भटकती रही, महिलाओं की चेन खीचने व उनका अपमान करने की बढी घटनाओं ने सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस शासन में महिलाओं की सुरक्षा तार तार हो चुकी है। महिलाएं पंजाब में भी बेफ्रिक होकर जीवन जीये इसके लिए 20 फरवरी को महिलाएं और पुरूष कमल के फूल का बटन दबाकर भाजपा के उम्मीदवार एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू को विजयी बनाये। रैली को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट बिक्रम सिद्धू ने कहा कि भाजपा के लिए महिलाओं की सुरक्षा सर्वप्रथम है जिसे भाजपा सुनिशिचत करेगी। महिलाओं की और से एडवोकेट सिद्धू का महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण शर्मा व कई अन्य महिलाओं द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा लुधियाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंगल भी उपस्थित थे।

## किन्नरों को भीख मांगना छोड़ कर अपना ब्यापार करनेकी दी प्रेरणा... सुखविंदर कौर

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। समाज में किसी भी ब्यापारिक कार्य को करने के लिये एक सम्मान सभी को अधिकार है जिसके चलते आज के वक्त में सड़को पर किन्नर बिरादरी को भीख मांगते देखते हुये जीत फाउंडेशन की प्रधान सुखविन्दर कौर , फाइनांस सेक्रटरी स गुरिन्दर पाल सिंह ने किन्नरों को भीख मांगना छोड़ कर अपना ब्यापार करने का लिये ब्यूटिशन का कोर्स करवाने का फैसला किया सिडबी के साथ मिलकर समराला चौंक स्थित किनर बिरादरी के लिये मेडम ईशा, बावा , रीमा, व माही भाटिया के सहयोग से ब्यूटिशन की क्लास लगवाते हुये छे : महीने में पूरा कोर्स करवाने की शुरआत की ,

फाउंडेशन की प्रधान सुखविंदर कौर ने रखे सम्मान समारोह में किनरों को सम्बोधित करते हुये कहा की फाउंडेशन नहीं चाहती की आप किसी के आगे हाथ फैलाकर भीख मांगों , इसलिये आपको अपना ब्यापार शुरू करने के लिये यह कोर्स करवाया गया है जिसके लिये सिडबी बैंक आपको सर्टिफिकेट मिलने के बाद ब्यापार शुरू करने के लिये लोन उपलब्ध करवाने के लिये आपको पूरा सहयोग देगा , फाउंडेशन के फाइनांस सेक्रटरी स गुरिन्दर पाल सिंह ने कहा की जीत फाउंडेशन सभी मध्य वर्ग परिवारों को ब्यापार शुरू करवाने के हर सम्भव सहयोग करेगी फाउंडेशन की और से शहर के विभिन्न विभिन्न स्थानों पर चल रहे ब्यूटिशन सेन्टर, सिलाई सेन्टर , व कम्प्यूटर कोर्स करने वाले विद्यार्थी फाउंडेशन के किसी भी सदस्य या सी. एन. आई. चैनल से सम्पर्क कर सकता है जीत फाउंडेशन द्वारा कोर्स पूरा करने के उपरान्त सभी किनर विद्यार्थियों को प्रधान सुखविंदर कौर व फाइनांस सेक्रटरी स गुरिन्दर पाल सिंह ने ब्यूटिशन किट ० सर्टिफिकट दे कर सभी किनर विधार्थियो का सम्मान भी किया इस अवसर पर किंनर विधार्थियो में संध्या ,सन्दीप, नर्गिस , मनीषा महक ,सोनिया ,अजय , मोना, गोरा , गगनदीप , रौशनी, हरप्रीत , मुनिया ने अपने अपने विचार रखते हुये जीत फाउंडेशन के कार्यो की सराहना करते हुये उनकी समस्त टीम का धन्यवाद ० शुक्राना भी किया

## ठेकेदार की शिकायत कर दुगरी में बन रही सड़क का काम रोका

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। दुगरी पुलिस थाना रोड पिछले कई सालों से इतनी खस्ता हालत में थी कि कोई भी सुधार नहीं हो रहा था अब चुनावो मे इस रोड को बनाने का काम शुरू किया मगर ठेकेदार द्वारा घटिया मैटीरियल इस्तमाल करने का आरोप संजय तिवारी ने लगाया संजय तिवारी ने



बताया कि नगर निगम कमिश्नर को शिकायत की गई है कि ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने में अपनी मन मर्जी की जा रही है पहले भी इसी ठेकेदार द्वारा सड़क बनाई गई थी जो कुछ ही दिनों में उखड़ गई संजय तिवारी ने कहा कि ऐसे ठेकेदार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो जनता का पैसा बर्बाद कर रहा है जब ठेकेदार सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे मटेरियल में कोई कमी नहीं है जो भी मुझे टेंडर में कहा गया है उसी हिसाब से बनाई जा रही है जबकि आज दुगरी थाने से श्मशान घाट को बन रही सड़क का आज काम बंद करा दिया गया है

## 4 मिनट में मे 70 सवालों के हल करके ऋषि नगर के बच्चे बने चैंपियन







» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। ब्रेनोब्रेन के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें 27 देशों के विद्यार्थी शामिल रहे लुधियाना से ब्रेनोब्रेन ऋषि नगर के बच्चों ने सफलता पाई इसमें अनिरुद्ध सिंगल ,शिवांश सपरा ,अत्यंत भाटिया, सनाया , हुनर मलिक और माहिर मलिक ने 70 सवालों के जवाब देकर चैंपियन ट्रॉफी जीती इसके साथ ही आकाश्र अग्रवाल गिरतिक बंसल, धॉनिया भाटिया खुशी तायल ने गोल्ड मेडल जीते वही कृष्णा तायल, माशा करीर अर्जुन उप्पल ने सिल्वर मेडल हासिल किए धैर्य और अरनव ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया विद्यार्थियों की कामयाबी पर केंद्र की संचालिका रेणुका अहूजा ने बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी

## रैली के बाद लुधियाना के गिल विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे अभिनेता माही गिल: एसआर लधर

### बहुमत से सरकार बनाएगी बीजेपी: हरदीप सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। अभिनेत्री माही गिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद पहली बार लुधियाना के गिल पहुंची, जहां गिल निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व आईएएस अधिकारी एसआर लधर ने उनका स्वागत किया। आम जनता मौजूद रही। अभिनेत्री माही गिल से मिलने और उनके विचार सुनने के बाद बड़ी संख्या में। माही गिल ने कहा कि लधर का दूसरा नाम विकास है। उन्होंने अपने करियर में कई अच्छे काम किए हैं। उन्होंने आम लोगों के अधिकारों के लिए कई सरकारी योजनाएं लाई हैं। इस अवसर पर उम्मीदवार लधर ने कहा कि बीजेपी ने हमेशा राष्ट्रहित में काम किया है. कि सरकार बनने के बाद उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा पंजाब और पंजाबियों के कल्याण के लिए सोचा है। शराब माफिया, ड्रग माफिया और अन्य बड़े माफियाओं का खात्मा किया जाएगा। लोग शामिल थे।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विधानसभा सैंट्रल में पंजाबियों को पंजाबी व गुजरातियों को गुजराती भाषा में संबोधन कर भावुक कर मांगे वोट

## विधानसभा सैंट्रल में चुनाव चिन्ह कमल खिला कर देबी को भेजो विधानसभा : स्मृति ईरानी

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। विधानसभा सैंट्रल से भाजपा उम्मीदवार गुरुदेव शर्मा देबी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने खुद को पंजाब की बेटी व गुजरातियों की बहू बताते हुए विधानसभा सैंट्रल में रहने वाले पंजाबियों को पंजाबी व गुजरातियों को गुजराती भाषा में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की भावुक अपील की। इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार देबी का नाम पुकारते हुए कहा कि जिनके नाम में गुरु + देव दोनो ही एक साथ मौजूद है। उनकी तारीफ के लिए शब्द कम रहें हैं। विधानसभा सैंट्रल के विकास को सही मायने में परिभाषित करने के लिए इस बार विधानसभा सैंट्रल में वोट की ताकत से बदलाव कर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल खिला कर देबी को विधानसभा में भेजें। पंजाब में सशक्त हुई भाजपा आपकों विधानसभा सैंट्रल में पटरी से उतरे विकास को तरजीह देकर विकासशील विधानसभा क्षेत्र बना कर देगी। केंद्र व पंजाब में लंबे समय तक सतासीन रही कांग्रेस पार्टी ने पंजाब व लुधियाना को विकास से वंचित रख कर पंजाब के साथ घोर पाप व नइंसाफी की है। पंजाब की सीमाओं पर देश का जवान दुश्मन देश पाकिस्तान से दो-दो हाथ कर रहा है इसके विपरित कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने नवजोत सिद्धू जैसे शख्स को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जो कि दुश्मन को गले लगा रहा है। राहुल गांधी के पंजाब में चुनावी मैदान में उतरने पर स्मृति ईरानी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो शख्स अपनी अमेठी सीट नहीं बचा पाया वह पंजाब में डूबती कांग्रेस की नैय्या को कैसे पार लगाएगा। इस दौरान उन्होने केंद्र में सतासीन सरकार की तरफ से सिख विरोधी दंगो के आरोपियो को जेल की सलाखों के पीछे पंहुचाने व सिख संगत को श्री करतारपुर साहिब के खुले दर्शन दीदार के लिए कारिडोर खोलने सहित अन्य पंजाब हितैषी कार्यो का विस्तारपूर्वक व्याख्यान किया। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार गुरदेव शर्मा देबी ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को सिरोपा व तलवार भेंट कर सम्मानित किया। वहीं स्मृति ईरानी ने तलवार लहरा कर देबी की जीत का संदेश जनमानस को दिया। इस अवसर पर पंजाब भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल सरीन जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंघल, जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, सचिव पंकज जैन, पार्षद ओम प्रकाश रतड़ा, पार्षद चौधरी यशपाल, पार्षद प्रभजोत कौर भोला, संतोष कालड़ा, पूर्व पार्षद दविन्द्र जगगी, नीरज वर्मा, रमेश जैन बिट्टा, सुभाष डाबर, जान मसीह, राजेश मगगो, गौरवजीत गोरा, मंडल अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह राजू, हिमांशू कालड़ा व राजीव शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम द्वारा स्नैचिंग करने के मामले में एक आरोपित को किया गया काबू

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने छीना झपटी करने वाले एक आरोपित को काबू करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मुनीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना निवासी डोहर कलां के रूप में हुई है। आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महेंद्रगढ़ के गांव खातीवास के रहने वाले धर्मेंद्र ने थाना सदर नारनौल में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह नारनौल बैंक में कार्य करता है। जो शाम के समय गांव महरमपुर नदी के पास बाईक पर सवार अज्ञात लड़कों ने शिकायतकर्ता की बाईक के आगे मोटरसाइकिल लगा कर रोक लिया और हथियार दिखाकर पैसे छीन कर भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने थाना सदर नारनौल में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले में छानबीन करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले आरोपितों का पता लगाकर एक आरोपित मुकेश उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया है। छीनाझ्र झपटी की वारदात को अंजाम देने में शामिल एक आरोपित को कल शाम शहर नारनौल क्षेत्र से पकड़ कर गिरफ्तार किया है।

## जनता के साथ आपसी तालमेल बनाए रखने के लिए एसपी ने ली बैठक

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन ने आमजन के साथ पुलिस एवं जनता के आपसी तालमेल एवं अच्छे सम्बन्ध हेतु मीटिंग की गई। जो मीटिंग लेते हुए एसपी महेंद्रगढ़ ने कहा कि अगर जनता पुलिस का साथ दे तो अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है, क्योंकि इससे पहले भी जनता के सहयोग से पुलिस ने अपराधों पर अकुंश लगाया है और अपराधों को अंजाम देने वाले आरोपितों को काबू किया है।

इसके अलावा एसपी ने कहा कि पुलिस जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाने के लिए उनके साथ समयझ्रसमय बैठक करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और शांति व्यवस्था कायम करना है। इसके लिए जिला स्तर पर पीस कमेटी के साथ बैठक की गई है। पीस कमेटी व पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सुझावों को आपस में विचार विमर्श करने से अपराध मुक्त समाज की स्थापना हो सकती है। यह तब मुमकिन है, जब पुलिस एवं आम जनता के बीच के संबंध मधुर होंगे। दोनों के बीच समन्वय के आधार पर ही अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

इस सम्बन्ध में कल दिनांक 8 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय नारनौल में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों से बातचीत के दौरान विचार विमर्श किया गया और कुछ पुलिस की कार्रवाई और कुछ जनता के छोटे-मोटे झगडों या अन्य समस्याओं पर चर्चा की गयी। इस मीटिंग के दौरान लोगों नें अपनी समस्याएं भी अवगत करवाई। जिनके निवारण के लिए समस्याओं पर कार्य जारी है और जल्द ही उनका निवारण किया जाएगा। इस सम्बन्ध में एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचित करें।

इसके अलावा एसपी ने मीटिंग में मौजूद पीस कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया कि अवैध रुप से नशा बेचने वाले की जानकारी पुलिस को दें, ताकि अवैध नशे के कारोबार करने वालों और कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम विशेषकर अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस और जनता में आपसी तालमेल अनिवार्य है। अवैध नशे का कारोबार करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ जिला पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

इसके साथ ही एसपी ने आयोजित बैठक के दौरान मौजूद लोगो को साईबर क्राईम से बचने के लिए भी जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी अन्जान व्यकित द्वारा काल, मैसेज के माध्यम से किसी प्रकार के लालच में ना आकर अपनी किसी प्रकार की बैंक डिटेल या कोई फोन पर प्राप्त ओटीपी किसी के साथ सांझा ना करें।

## चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पंजाब में फिर बनाएगी सरकार: कमलजीत सिंह कड़वल

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। हलका आत्म नगर वार्ड नं. 42 में स्थित डी-ब्लॉक में लाली गिल की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रत्याशी कमलजीत सिंह कड़वल के पक्ष में वेलहोम सोसायटी की ओर से एक सुनियोजित बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए कमलजीत सिंह करवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में सभी वर्गों को सुविधाएं प्रदान की हैं और आज पंजाब में जो विकास हुआ है जिसमे सड़कों, नए पुलों और शहरों में अच्छे पार्क कांग्रेस द्वारा किए गए विकास का परिणाम ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत भूषण आशु ने अपने मंत्री के कार्यकाल में पूरे लुधियाना का विकास किया था और आज शहर के कई वार्डों का विकास हुआ है। इस दौरान पार्षद सुखदेव सिंह शीरा और पूर्व पार्षद रंजीत सिंह उभी ने मतदाताओं को कमलजीत सिंह कड़वल द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। कमलजीत सिंह कड़वल के चुनावी एजेंडे के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र आत्मनगर वासियों से अपील है कि कमलजीत सिंह कड़वल को आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनाकर पंजाब में कांग्रेस को फिर से सत्ता में लायें ताकि आत्मनगर में शुरू किये गये कार्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर दविंदर सिंह वालिया, रेशम सिंह सग्गू, अशोक पब्बी, जगदेव सिंह लक्खा, चोपड़ा, जीता जी, हरबंस बांसल, तरसेम बांसल, अजय, मनदीप सिंह, जगरूप सिंह, रवि शर्मा, बलजिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, रणजीत सिंह हरजीत सिंह, प्रिंकल लुधियाना, स्वप्न जग्गी, परमदीप सिंह समेत क्षेत्र के अन्य निवासी मौजूद रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बदल गए राजनीति के मायने



ओमप्रकाश मेहता

आज की राजनीति... सत्ता का उदय; सेवा का लोप...

अब भारतीय राजनीति के शब्दकोष से 'सेवा' शब्द का लोप हो गया है, अब राजनीति में 'सत्ता' अहम् हो गई है, और उसे हासिल करने के बाद उसे 'चिरंजीवी' बनाने के अथक प्रयास शुरू कर दिये जाते है। आज की राजनीति के पुरौथा न तो उन्हें सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाने वालों की चिंता करते है और न उनकी परेशानियां समझने की कौशिश करता है, एक बार सत्ता प्राप्त होने के बाद उसे सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाने वाले कहां है? किस हाल में है? इससे किसी को कोई सरोकार नहीं रहता चार साल बाद जब उन्हें याद आती है कि ह्वअगले साल चुनाव हैह्ल तब ही उन्हें अपने मतदाताओं की याद आती है और हर तरीके के प्रलोभन से अपनी सत्ता को दीर्घजीवी बनाने के प्रयास शुरू हो जाते है। आम मतदाताओं की आर्थिक परेशानियों व उनके हाथ से दूर होती ह्वरोटीह्ल की आजतक चिंता नहीं की गई? क्या आम वोटर की दैनंदिनी जिन्दगी से जुड़े ये मुद्दें चुनावी मुद्दें नहीं बन सकते? आश्चर्य यह कि आज के राजनेता मतदाता भी दैनंदिनी समस्याओं से पूरी तरह वाकिफ है, फिर भी ये समस्याऐं सिर्फ और सिर्फ चुनावी वादों तक ही सीमित रहती है और चुनाव बाद उन्हें विस्मृत कर दिया जाता है।

मुझे याद है आजादी के बाद के राजनेताओं ने आजादी का श्रेय आम जनता को दिया था और करीब तीन दशक तक तत्कालीन राजनेताओं ने अपने मतदाताओं की चिंता भी की थी किंतु उसके बाद याने भारत के इतिहास प्रसिद्ध आपातकाल व उसके बाद इन आधुनिक भाग्यविधाताओं ने आम वोटर को उसके भाग्य पर छोड़ दिया और हर पांच साल में चुनावी मौसम के समय ही मतदाताओं की कभी न पूरे होने वाले वादों के साथ पूछ-परख शुरू की गई जो आज तक भी जारी है।



आश्चर्य की बात यही है कि पिछले पचहत्तर सालों में दुनिया कहां से कहां पहुंच गई, किंतु भारतीय राजनीति आज भी पिछली शताब्दी के पांचवें-छठवें दशक पर ही स्थिर है, वही चुनाव के तरीके, वही सत्ता हथियाने की कौशिशें और फिर सत्ता प्राप्ति के बाद वही मतदाताओं की उपेक्षा? यह सिलसिला यही तक सीमित नहीं है, हमारे देश के मतदाता भी उसी लीक पर चल रहे है, उन्होंने भी समय के अनुसार अपने आपको बदलने और राजनेताओं की सोच को बदलने का प्रयास नहीं किया। ....और अब जो आज की राजनीति में जाति और धर्म का प्रवेश कराया गया है, यह देश तो ठीक यहां के मतदाताओं के लिए किसी ह्लमहामारीह्य से कम नहीं है। आज जातीय आधार पर चुनावी टिकटें तय होती है, जातीय आधार पर वोट मांगे जाते है और जातीय आधार पर ही सत्ता में मंत्रियों का चयन होता है, आज की राजनीति में जो धर्म का जहर समाहित हो गया है, उससे देश की दशा व दिशा भविष्य में क्या होगी? यह आज हमारी कल्पना से परे है। अब यही चिंता का विषय है कि इस राजनीति की दिशा कब बदलेगी और आर्थिक असमानता व सामाजिक अस्थिरता राजनीति में चिंतन के अहम् मुद्दें कब बनेगें? आज की राजनीति सिर्फ ह्वदिन में तारे दिखानेह्ल के प्रयास वाली राजनीति है। आज दावे चाहे कितने ही बढ़-चढ़कर किए जाये किंतु उनकी जड़े कहां है, यह स्वयं दावा करने वाले भी नहीं जानते।

आज की सबसे बड़ी चिंता यह भी है कि आज संसद से लेकर विधानसभाएं आपराधियों से भरी पड़ी है, इस चयन को रोकने में सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग तथा सरकारें सभी अब तक असफल सिद्ध हुए है। आज भी देश की सर्वोच्च से लेकर जिला अदालतों तक सांसदों-विधायकों पर पांच हजार से अधिक गंभीर आपराधिक मामले चल रहे है और ये विधायक-सांसद अपने रूतबे के आधार पर इनके फैसले नहीं होने दे रहे है और ये मामले दिन दूने रात चौगुने बढ़ते जा रहे है। पहले हमारे संविधान में न्यायालय में आपराधिक मामलों के दोषी को चुनाव लड़ना प्रतिबंधित था, किंतु बाद में राजनेताओं ने अपनी सरकार के माध्यम से इसे संशोधित करवाकर इसमें ह्वन्यायालय से दोषीह्ल जुड़वा दिया अब न तो कोर्ट से फैसले आ पाते है और न अपराधियों का चुनाव लड़ना बंद हो पा रहा है, इसीलिए आज राज्य विधानसभाओं व संसद के दोनों सदनों में गंभीर अपराधियों (हत्या व बलात्कार के दोषियों) की भरमार हो गई है।

इस प्रकार आज चिंता का अहम विषय यही है कि इस तरह हमारा देश व राजनीति कब तक चलते रहेगें? यह सब हमारे आधुनिक भाग्य विधाताओं पर है, यदि वे इस चलन को रोकने की ठान ले तो यह दूषित चलन रातों-रात ठीक हो सकता है? पर.... गंभीरता से सोचों कि क्या सत्ता की लोलुप राजनीति में यह संभव हो सकेगा?

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की लत



पिछले सात सालों से केंद्र सरकार हर क्षेत्र से भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करती आ रही है, जो जमीनी सच्चाई से दूर दिखता है। सरकार की भ्रष्टाचार खत्म करने और हर क्षेत्र में पारदर्शिता लाने की बात सर्वेक्षणों से मेल नहीं खाती। गौरतलब है कि भारत में पिछले सात सालों में भ्रष्टाचार का सूचकांक कम तो हुआ है, लेकिन इतना नहीं कि उसे बेहतर कहा जा सके। 25 जनवरी, 2022 को ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने ह्यकरप्शन परसेप्शन इंडेक्सह्न (सीबीआई) 2021 जारी किया, जिसके मुताबिक भ्रष्टाचार में भारत की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों अपने मन की बात कार्यक्रम में बहुत व्यथित होकर भ्रष्टाचार पर काबू न पाए जा सकने पर चिंता जाहिर की। इसे रोकने के लिए युवाओं को मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। मगर यह कितना फलीभूत हो पाएगा, कहना मुश्किल है। हर साल दुनिया के देशों में भ्रष्टाचार की स्थितियों का आकलन पेश होता है, जिसमें भारत लगातार नीचे के पायदान पर खिसकता नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि हमारे यहां भ्रष्टाचार जैसे लोगों की रग-रग में व्याप्त हो चुका है, जिसकी सफाई आसान नहीं लगती। स्थिति यह है कि लोगों को अपने ही खाते से अपनी गाढ़ी कमाई की बचत निकालने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। इसका ताजा उदाहरण आंध्र प्रदेश के गुंटूर में कर्मचारी भविष्य निधि के दफ्तर में केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ के औचक छापे से सामने आया है। पता चला कि वहां के कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय के अधिकारी रिश्वत लेकर कर्मचारियों को पैसे निकालने की मंजूरी देते हैं। यह रिश्वत वे पेटीएम, पे-फोन जैसे अपने डिजिटल खातों में डलवाते थे। कोविड महामारी के दौरान जब बहुत सारे लोगों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो गया, बहुत सारे लोगों की नौकरियां चली गई, तो उन्हें परिवार चलाने, बच्चों की फीस या कर्ज की किस्त भरने के लिए अपने भविष्य निधि खाते से पैसा निकालने के अलावा कोई चारा न था। हालांकि सरकार ने इसके लिए नियम लचीला कर दिया, पर भ्रष्ट अधिकारी अपनी जेब भरने के लोभ में भला कहां नियम-कायदों और दूसरों की मजबूरी समझते हैं। भविष्य निधि खाते में लोग पैसा इसलिए बचा कर रखते हैं कि जब वे नौकरी से अवकाश ग्रहण करेंगे, तो जीवनयापन में मददगार साबित होगा। इसके अलावा, अगर कभी बीच में बच्चों के विवाह, मकान बनाने आदि में पैसे की जरूरत पड़ेगी, तो निकाल सकते हैं। मगर महामारी ने बहुत सारे लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने तक का संकट पैदा कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि कोरोना काल में जिन लोगों ने भविष्य निधि खाते से पैसे निकाले, उनमें से ज्यादातर निम्न आयवर्ग के थे। ऐसे लोगों को उन्हीं का कमाया पैसा निकालने की इजाजत देने में भविष्य निधि दफ्तर के अधिकारियों ने अड़ंगे डाले और रिश्वत लेकर पैसे जारी किए। यों भविष्य निधि खाते से पैसा निकालने को लेकर कुछ नियम-कायदे हैं। वहां से उसी तरह पैसा नहीं निकाल सकते, जिस तरह अपने बैंक खाते से निकाल सकते हैं। दो दृष्टियों से ऐसे नियम बनाए गए हैं।

# कांग्रेस पर मोदी का प्रहार



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**उसे नागालैंड में शासन किए 24 साल, ओडिशा में 27 साल, झारखंड में 37 साल और तमिलनाडु में 50 साल हो गए हैं। जिन राज्यों में 2014 और 2019 के पहले भी उसका राज्य रहा, वह भी कभी रहा, कभी नहीं रहा। बंगाल, केरल, कश्मीर, म.प्र., उ.प्र., राजस्थान, गोवा आदि में भी बराबर फेर-बदल होता रहा। जो तेलंगाना उसने बनाया, उसमें भी वह पिट गई। यह इसीलिए हो रहा है कि वह ऊर्ध्वमूल हो गई है याने उसके जड़े जमीन में नहीं, जनता में नहीं, ऊपर याने हवा याने नेताओं याने गांधी परिवार में हो गई है। मेरे शब्दों में कहूं तो वह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। उसे जनता के दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है। उसने अपने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। सरकार ने जिस बहादुरी से कोरोना को हराया है, मंहगाई को काबू में रखा है, करोड़ों असमर्थ लोगों को अनाज बांटा है, आयकरदाताओं की संख्या दुगुनी कर दी है, इस कोरोना-काल में नए-नए करोड़ों काम-धंधे लोगों को शुरू करवाए हैं, वे सब कांग्रेस को दिखते ही नहीं हैं। अगर कांग्रेस को आईना दिखाएं तो अपना चेहरा देखने की बजाय वह आईने को ही तोड़ देना पसंद करेगी। कांग्रेस के जमाने में जैसे भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया था, क्या भाजपा सरकार पर कोई उंगली भी उठा सकता है?**



संसद के नए सत्र में राष्ट्रपति का भाषण राष्ट्रीय ज्यादा, राजनीतिक कम ही होता है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में कांग्रेसी सांसदों के धुर्रे उड़ाकर रख दिए। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां भारी-भरकम आंकड़ों के साथ गिनाई हीं, उनके साथ-साथ उन्होंने कांग्रेस पर इतने भीषण प्रहार किए कि आनेवाले कई दिनों तक कांग्रेसी नेताओं के घाव हरे रहेंगे। कांग्रेसी नेता राहुल ने भी यों तो कोई कमी नहीं छोड़ी थी, मोदी सरकार की टांग खींचने में लेकिन राहुल का भाषण शायद कुछ नौसिखियों ने तैयार करवाया था, जिसकी महापंडिताई के कारण राहुल मजाक के पात्र बन गए। मोदी के नीति-निर्माण सलाहकार जैसे भी हों लेकिन उनके भाषण-सलाहकार उत्तम कोटि के हैं, उसमें कोई शक नहीं है। मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस की दयनीति दशा को प्रकट करने में तथ्यों का अंबार लगा दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 60 साल तक भारत पर एकछत्र राज करनेवाली कांग्रेस पार्टी ने अब संकल्प कर लिया है कि वह अब अगले सौ साल तक सत्ता में नहीं आएगी। उसे नागालैंड में शासन किए 24 साल, ओडिशा में 27 साल, झारखंड में 37 साल और तमिलनाडु में 50 साल हो गए हैं। जिन राज्यों में 2014 और 2019 के पहले भी उसका राज्य रहा, वह भी कभी रहा, कभी नहीं रहा। बंगाल, केरल, कश्मीर, म.प्र., उ.प्र., राजस्थान, गोवा आदि में भी बराबर फेर-बदल होता रहा। जो तेलंगाना उसने बनाया, उसमें भी वह पिट गई। यह इसीलिए हो रहा है कि वह ऊर्ध्वमूल हो गई है याने उसके जड़े जमीन में नहीं, जनता में नहीं, ऊपर याने हवा याने नेताओं याने गांधी परिवार में हो गई है। मेरे शब्दों में कहूं तो वह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। उसे जनता के दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है। उसने अपने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। सरकार ने जिस बहादुरी से कोरोना को हराया है, मंहगाई को काबू में रखा है, करोड़ों असमर्थ लोगों को अनाज बांटा है, आयकरदाताओं की संख्या दुगुनी कर दी है, इस कोरोना-काल में नए-नए करोड़ों काम-धंधे लोगों को शुरू करवाए हैं, वे सब कांग्रेस को दिखते ही नहीं हैं। अगर कांग्रेस को आईना दिखाएं तो अपना चेहरा देखने की बजाय वह आईने को ही तोड़ देना पसंद करेगी। कांग्रेस के जमाने में जैसे भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया था, क्या भाजपा सरकार पर कोई उंगली भी उठा सकता है? किसानों ने अनाज-उत्पादन के नए रिकॉर्ड कायम किए हैं। छोटे किसानों की दशा सुधारने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं लेकिन कांग्रेस मोटे किसानों को भड़काती रही। मोदी ने उत्तरप्रदेश के चुनाव का जिक्र किए बिना वहां किए गए भाजपा के कई लोक-कल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरु द्वारा उनके जमाने में बढ़ी हुई मंहगाई पर दी गई सफाई का भी मजाक उड़ाया। भाजपा पर कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति का जो आरोप लगाती आ रही है, उसी टोपी को मोदी ने कांग्रेस के सिर पर मढ़ दिया। मोदी ने कांग्रेस को ह्यबांटो और राज करोह्ल की नीतिवाली पार्टी बताया। कहा कि वह एक राष्ट्र की अवधारणा में विश्वास नहीं करती। वह टुकड़े-टुकड़े गेंग बन गई है। इसमें शक नहीं है कि कांग्रेस के पास प्रतिभाशाली और प्रभावशाली वक्ताओं की कमी नहीं है लेकिन अफसोस है कि वे इंदिरा गांधी परिवार के सदस्य नहीं हैं।

# 'रहे ना रहे हम..... महका करेंगे'



रीना रवि मालपानी

लता जी का जाना तो एक युग का अवसान है। वह लता जी जो सुरों का संज्ञान थी, भारत की पहचान थी। आप तो अपने मधुर स्वर से हर गीत में स्वयं ही अमर हो गई। आप तो एक ऐसी सूरो की मलिका थी जिनके तराने युगो-युगो तक लोगों को गुनगुनाने और झूमने पर विवश कर देंगे। यह कैसा निष्ठुर बसंत था जो जीवन में बहार का स्वर देने वाली अनूठी कोकिला को ही मौन देकर चला गया। आपकी असीम सुर साधना की क्षमता तो आवाज के जादू से शब्दो के लौह कण को कुन्दन में सृजित और परिवर्तित करने का अनोखा जादू रखती थी। आपके बोल तो अनायास ही अधरों पर नाचने लगते थे। नश्वर शरीर का अंत तो निश्चित है, पर आपके स्वर से सजा स्वर्णिम युग सदैव जीवंत रहेगा। आपका स्वर तो पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने की क्षमता से परिपूरित था। आपकी स्वर लहरें तो दशको तक प्रशंसकों के दिल में हिलौरे मारती रहेगी।

नियति का नियामक चक्र देखिए जिस सुर साम्राज्ञी पर माँ शारदे की असीम कृपा थी वह उन्हीं के साथ विदा हो गई। आपने अपने अनूठे स्वर से लगभग 50 हजार से भी ज्यादा गीत सँजोये। आपकी संगीत साधना भारत रत्न, पद्मविभूषण, दादा साहेब फाल्के अवार्ड और कई उन्नत उपलब्धियों से अलंकृत हुई। आप तो वाग्देवी की वो सच्ची आराधक थी जो अनुपम नगमों के साथ सदा गुनगुनाई जाएगी। सरस्वती की कृपा अनुरूप कई सदियों में शायद एक लता जी पैदा होती है जो जनमानस के हृदय को अपनी सुर साधना से तरंगित करने की असीम क्षमता रखती है। उनके मर्म को स्पर्श कर सकती है, छू सकती है। आपका सफर 1929 से



2022 का वो यादगार सफर है जो लोगों के दिलों में घर बना गया। आपकी आवाज ने दिलों की गहराइयों में एक अमिट छाप छोड़ दी। आपके जैसी अद्भुत प्रतिभा का अवतरण तो सच में ईश्वरीय आशीर्वाद है। जब भी आपके स्वर कर्ण में गूँजेंगे हम आपका अमरत्व आपके स्वर के माध्यम से स्पर्श कर लेंगे। मिट्टी का शरीर ही तो मिट्टी में विलीन हुआ है पर आप स्वर के ज्योतिपुंज से अमरत्व की ऊँची सीढ़ियों को छु चुकी हो और सदैव सिरमौर कहलाई जाओगी।

संगीत के वटवृक्ष को अपने स्वर प्रेम से लता जी ने ही तो सींचा था। कला की अनूठी साधना में संगीत जगत में आपके स्वर की अपूरणीय क्षति को कोई भी पूरा नहीं कर पाएगा। मधुर कंठ की महारानी चीर निद्रा में जरूर चली गई पर अपने स्वर का आशीर्वाद देकर हमें उल्लासित और झूमता हुई छोड़ गई। इंदौर में जन्मी पंडित दीनानाथ मंगेशकर और शेवन्ती की लाड़ली ने फिल्मी गीतों को अपनी आवाज का जादू दिया। उनकी इसी आवाज ने कई फिल्मों को लोकप्रियता के आयाम दिए। संगीत की स्वामिनी सादगी और सौम्यता की मूर्ति सरस्वती की अनवरत साधना में लीन साधिका अपने हृदय स्पर्शी गीतों के साथ उम्र के बंधनों को पीछे छोडते हुए पुरानी और नई दोनों अदाकाराओं की सफल आवाज बनी। आपके साथ ही तो सबने सुरों के स्वाद को जाना। इस यशस्वी स्वर कोकिला का यूं खामोश होना हर इंसान के मन को आहत कर गया पर आपके सँजोये अमूल्य संगीत की धरोहर का खजाना हमारी आने वाली पीढ़ियों के पास भी सुरक्षित है। आपके जाने से नैनों में अश्कों की लड़ियाँ जरुर है पर आपके स्वर की गूँज सारी फिजाओं को महका रही है और जीवन को बसंत के नए आयाम दे रही है। ईश्वर की रचित सृष्टि के पंचतत्व में विलीन स्वर कोकिला को सजल नेत्रों से श्रद्धांजलि, भावपूर्ण नमन एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते है। आप अपने अनूठे स्वर की धरोहर से हमारे स्मृतिपटल पर सदैव जीवंत रहेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### रेफरल अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया प्रखंड के रेफरल अस्पताल तरैया में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लड टेस्ट, हाइट, यूरीन, हेमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस-बी, ब्लड सूगर, एचआईवी आदि की जांच की गयी। जांच के बाद गर्भवती महिलाओं को आयरन फॉलिक एसिड एवं कैल्शियम की दवाइयां भी दी गई। रेफरल अस्पताल तरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीनाथ प्रसाद ने बताया कि शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजन होता है। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत 104 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई साथ ही उन्हें उचित सलाह दिया गया कि गर्भवस्था के दौरान उन्हें कैसा खान-पान करना है तथा कैसे रहना है। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीनाथ प्रसाद, डॉ अमरजीत कुमार, डॉ ए. अंसारी, लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, अस्पताल गार्ड गणेश राय, अमरनाथ राय समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### घरेलू विवाद में मारपीट दो महिलाएं घायल

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के चांदपुरा गांव में घरेलू विवाद में हुई मारपीट की घटना में दो महिलाएं घायल हो गई हैं। घायल महिला सुरेंद्र महतो की पत्नी राधिका देवी एवं शंभू महतो की पत्नी फुलझड़ी देवी है। जिसका प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत प्रतिवेदन दिया गया है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### धूमधाम से हुआ मां सरस्वती की मूर्ति का विसर्जन





मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। फतुहा – विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन क्षेत्र में बुधवार को पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। महाआरती के बाद मां की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा की शक्ल में गंगा नदी तक ले जाया गया। जहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जित किया गया।इस मौके पर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ ही विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए मां सरस्वती को विदाई दी। इससे पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों व महिलाओं ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को सरस्वती पूजन की बधाई दी। मां सरस्वती के जयघोष से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। फतुहा नगर परिषद में शनिवार को बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा का क्रम देर रात तक चलता रहा। बुधवार की सुबह बसंत पंचमी आयोजन कमेटी यादव ग्रुप की ओर से मां सरस्वती की झांकी सजा कर उन्हें विसर्जन के लिए ले जाया गया। विसर्जन से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने मां की भव्य आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विसर्जन कार्यक्रम में भव्य जागरण के साथ हाथी,ऊँट, घोडे भी थे,में बसंत पंचमी आयोजन समिति यादव ग्रुप के जिला पार्षद बबलु यादव, राजवीर ऊर्फ सोनी, शिबू यादव, राहुल कुमार, चंदन सिंह, के साथ 25 के वार्ड पार्षद संजय कुमार ऊर्फ बिटटू मौजुद थे।

### बकरी पालन से युवा सवारे अपना भविष्य: डॉ मधुसूदन



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। कृषि विज्ञान केन्द्र खोदावन्दपुर में बुधवार को नवयुवकों को चार दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ मधुसूदन कुंडू एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ रामपाल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर निदेशक डॉ कुंडू ने बताया कि नव युवकों को कृषि की तरफ आकर्षित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है.बकरी पालन के सफल संचालन से नवयुवक अपना भविष्य संवार सकते हैं.एवं बकरी पालन से अधिकतम लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की.वहीं प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश सिंह एवं डॉ विनय कुमार ने भी किसानों को बकरी पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी.तथा किसानों को उचित प्रबंधन द्वारा रोग बीमारी से बचाव का सुझाव दिया।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ ही, तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू!

» **मदरलैण्ड संवाददाता**




बांका। बांका जिला के रजौन प्रखंड के ओडहारा पंचायत के कटिया गांव में बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ ही तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया। मालूम हो कि यहां हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा दिया जा रहा है। जिसके लिए सबसे पहले बुधवार की सुबह 201 महिलाओं के जत्था ने कटिया मंदिर प्रांगण से माथे पर कलश लेकर पुंसिया बस्ती के तालाब में जाकर जल भरकर वापस लौट कर 201 कलश स्थापित किया गया। इससे पहले महिलाओं ने पूजा स्थल से निकलने से पहले पूरी विधि विधान से 5 पंडितों द्वारा पूजा पाठ करवाया गया। जिसके बाद महिलाएं जल भरने के लिए निकली। जबकि पंचायत प्रतिनिधियों का भी आगमन लगातार बना रहा। ओडहरा पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार सिंह, ओडहरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी, उप मुखिया मुकेश मंडल, पैक्स अध्यक्ष राघवेंद्र मंडल सहित कई वार्ड सदस्य भी इस भक्तिमय माहौल में मौजूद रहे। तथा कलश शोभायात्रा में कदम ताल मिलाकर चल रहे। जबकि बुधवार से ही 24 घंटे का अष्टयाम भी रखा गया है। तो कीर्तन मंडली को भी बुलाया गया है। जबकि अंतिम दिन प्रसाद वितरण के बाद भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए ग्रामीण एक दूसरे से सहयोग ले रहे हैं। इधर कटिया समेत पूरे पंचायत का माहौल भक्तिमय हो गया है।

# निर्माण कार्य रोका पूर्व वार्ड सदस्या ने प्रशासन से लगायी गुहार

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेगूसराय। दौलतपुर पंचायत के वार्ड दस में एक गली में करवाये जा रहे फाइबर ब्लॉक लगाने का कार्य रोक दिया गया है.इसको लेकर इस वार्ड की पूर्व वार्ड सदस्या मीरा देवी ने खोदावन्दपुर पुलिस को आवेदन देकर निर्माण कार्य पूर्ण करवाने में सहयोग करने की मांग की है.दिये गये आवेदन में उसने बताया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत इस गली में सड़क निर्माण का कार्य करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया था.वार्ड सभा में पारित इस योजना को कार्यरूप देने के लिए कार्यस्थल पर निर्माण सामग्री गिरवायी गयी.परंतु इस वार्ड के रामदेव पंडित ने उसे धमकी दिया कि दस हजार रुपया दो तभी कार्य करवाने देगें.रुपया देने में असमर्थ होने पर उसने न केवल गाली-गलौज किया वरन मारपीट करने पर उतारू हो आया. उसने निर्माण कार्य को भी रोक दिया है.इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया उमा कुमार चौधरी ने बताया कि इस तरह की कोई जानकारी हमारे संज्ञान में नहीं है.इस मामले की पूर्णरूपेण जानकारी प्राप्त करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

# भाजपा और जदयू के बीच घमासान, ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला देकर भाजपा ने नीतीश कुमार से मांगा मुख्यमंत्री का पद



» **मदरलैण्ड संवाददाता**

पटना। बिहार में बीजेपी और जेडीयू के बीच दिन पर दिन खाई बढ़ती जा रही है. दोनों पार्टियों के नेताओं के बयानों से लगता है कि बीजेपी ने अब नीतीश कुमार की जगह अपना मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर डाली है. सासाराम से बीजेपी के सांसद छेदी पासवान ने इसके लिए ढाई-ढाई सल का फॉमूर्ला पर सीएम बनने का बयान देकर बिहार में भूचाल मचा दिया है. उन्होंने कहा कि 2014 से बिहार में एनडीए की सरकार है. इस दौरान नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहे, अब इसके बाद के ढाई साल बीजेपी को देना चाहिए.

**CM नीतीश कुमार बिना कुर्सी के नहीं रह सकते**

बीजेपी के सांसद छेदी पासवान ने कहा कि उट नीतीश कुमार बिना कुर्सी के नहीं रह सकते. मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार किसी से भी हाथ मिला सकते हैं. इधर, छेदी पासवान के बयान पर जेडीयू ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें आईना देखना चाहिए. पहले वो अपने सीनियर नेताओं से बात कर लें.

**विपक्ष को बोलने का मिला मौका**

सांसद छेदी पासवान के ढाई-ढाई साल के फॉमूर्ले पर बिहार कांग्रेस ने पूछा कि बीजेपी नया फॉमूर्ला देते हुए अपना मुख्यमंत्री बनाने की बात कहने लगी है. बिहार में बीजेपी का अगला मुख्यमंत्री आखिर कौन होगा? बता दें कि बीजेपी और जेडीयू के बीच चल रहे इस घमासान ने विपक्ष को बोलने का मौका दे दिया है.छेदी पासवान पहले जेडीयू पार्टी का सदस्य थे. वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं देने के विचार पर पार्टी से इस्तीफा दे दिये और बीजेपी में शामिल हो गए. जेडीयू में रहने के दौरान छेदी पासवान नीतीश कुमार की सरकार में कैबिनेट मंत्री थे.

# जमीन विवाद सुलझाने गई सरपंच की ही हो गई लाठी डंडे से पटाई

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



भागलपुर। भागलपुर में मधुसूदनपुर ओपी क्षेत्र के गनौरा बाधरपुर पासिटोला में पप्पू चौधरी और विजय राम एवं ओपी सिंह में हो रहे जमीनी विवाद के दौरान जमकर लाठी डंडा चला है वहीं इस दौरान मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हुआ है बताया जा रहा है कि इसमें निस्फ अम्बे पंचायत कि सरपंच मीरा देवी समेत करीब पांच लोग मामूली रूप से घायल हैं जबकि शेखर चौधरी नामक एक युवक का हाथ टूट गया है लोकनायक जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल भागलपुर में इलाज कराने के लिए पहुंची निस्फ अम्बे पंचायत की सरपंच मीरा देवी ने बताया कि पप्पू चौधरी का ओपी सिंह और विजय राम से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है वहीं विजय राम और ओपी सिंह पिछले कई दिनों से पप्पू चौधरी पर उक्त जमीन को लिखने का दवाब भी बना रहा थो यही नहीं इसमें सरपंच मीरा देवी को भी दखल देने के लिए कहा जा रहा थो सरपंच मीरा देवी की मानें तो बुधवार की सुबह पप्पू चौधरी से विजय राम और ओपी राम में झगड़ा होने लगो इसी दरमियान विजय राम, ओपी राम, महेंद्र राम के पुत्र सुनिल राम, नरेश राम और सूरज कुमार सिंह, जितेंद्र राम, दिलीप राम, रंजन राम, गोपाली राम, गोपाल सिंह, मनोज राम, सुबोध कुमार, पवन कुमार सिंह, मनीष राम, राकेश सिंह समेत अन्य कई लोगों ने पप्पू चौधरी, उसकी पत्नी और पुत्र शेखर चौधरी की बेरहमी से पिटाई कर दी जिसमें शेखर का हाथ भी टूट गया है सरपंच ने कहा कि जानकारी मिलने पर वह विवाद शांत कराने के लिए पहुंची हुई थी लेकिन इन दबंगों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया और वह बेहोश हो गईं जबकि सरपंच के पुत्र राजीव कुमार ने कहा कि मां को बेहोश देखकर उनका एक भांजा, भाई, बहन और वह खुद दबंगों के चंगुल से मां को छुड़ाने के लिए गया था लेकिन दबंगों ने उन्हें भी नहीं बख्शो पिटाई में भांजा, बहन और भाई को भी चोट लगी है राजीव ने बताया कि दबंगों ने उन लोगों को जातिसूचक गालियां भी दी है राजीव ने कहा कि इस दौरान करीब पांच लोग घायल हैं वहीं राजीव ने इस मारपीट में गोपाल राम, गंगा प्रसाद सिंह, धनंजय राम समेत अन्य कई लोगों पर उक्त दबंगों का सहयोग करने का आरोप लगाया है वहीं दूसरी ओर इस संबंध में मधुसूदनपुर ओपी प्रभारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिस भेजा गया था लेकिन वहां सबकुछ ठीक थो अब एक सवाल यहां यही उठता है कि अगर ही मधुसूदनपुर ओपी प्रभारी के अनुसार माहौल पूरा शांत था और उनके भेजे गए पुलिस वालों में उन्हें ऑल इज वेल का रिपोर्ट भी दे दिया तो फिर यह वायरल वीडियो कहां का है इस वीडियो में लाठी - डंडा चला रहा यह युवक किसकी पिटाई कर रहा है ऐसे ढेरों सवाल है जिसका जवाब शायद मधुसूदनपुर ओपी प्रभारी के पास भी नहीं होगो अब देखना यह होगा कि इस मामले में पुलिस के आलाधिकारी क्या कदम उठाते हैं क्योंकि एक सरपंच की पिटाई कहीं से भी यथोचित नहीं है वैसे भी सूबे के पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने भी पहले ही जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर किया है

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-टू के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज-टू के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले भर में मोतिहारी,बंजरिया,मधुबन,पताह ,छौड़ादानों,रामगढ़वा,कल्याणपुर एवं तुरकौलिया प्रखंडों में चयनित 50 पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण )लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित पंचायतों के मुखिया,पंचायत सचिव ,स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं प्रखंड समन्वयक को प्रशासी पदाधिकारी -सह -राज्य समन्वयक राजीव कुमार सिंह एवं राज्य सलाहकार रत्नेश वर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।उप विकास आयुक्त कमलेश कुमार सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता कार्य को गंभीरता पूर्वक करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्रों में गंदगी को हटाकर पुण्य का भागी बने एवं बेहतर कार्य पारदर्शिता पूर्वक करें।प्रखण्ड स्तर पर गठित प्रखण्ड परियोजना अनुश्रवण इकाई प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में क्रियान्वयन एजेन्सी का काम करेगी।वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत क्रियान्वयन समिति क्रियान्वयन एजेन्सी का कार्य करेगी।साथ ही वार्ड स्तर पर वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत को कार्य योजना प्रेषित करेगी, जिसके आधार पर ग्राम सभा कार्य योजना को अनुमोदित कर क्रियान्वयन करायेगी।जिला स्तर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति प्रखण्ड से प्राप्त सभी प्रस्तावों का समीक्षोपरान्त तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगी।

# अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने चार लोगों को मारी ठोकर पांच जख्मी

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेगूसराय। बुधवार की शाम बेगूसराय- रोसड़ा मुख्य पथ एसएस 55 पर दौलतपुर गांव के समीप एक अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने चार लोगों को ठोकर मार दिया.इस घटना में 5 लोग जख्मी हो गया.घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों लोगों की भीड़ जुट गयी और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गया.तीन जख्मी को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोदावंदपुर में भर्ती करवाया.जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया.वहीं दो जख्मी को इलाज के लिए रोसड़ा नीजी अस्पताल ले लाया गया.जख्मी की पहचान दौलतपुर पंचायत के वार्ड छह निवासी मोहम्मद शब्बीर की पत्नी जरीना खातून, मोहम्मद कलीम की पत्नी नूरजहां खातून एवं पुत्र मोहम्मद आदिल के रुप में की गयी.जबकि दो जख्मी की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो सका.वहीं घटना की सूचना मिलते ही खोदावंदपुर थाना के एएसआई बलवंत कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच पड़ताल करने में जुट गये तथा क्षतिग्रस्त स्विफ्ट कार बीआर09जी 2075 को अपने कब्जे में ले लिया.वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि स्विफ्ट कार बेगूसराय से रोसड़ा की ओर तीव्र गति से जा रही थी, तभी घटनास्थल के समीप एक बाइक में ठोकर मार दिया.और भागने के क्रम में वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया.जिससे गाड़ी पेड़ को तोड़ते हुए अपने दरवाजे पर सड़क किनारे बैठे तीन लोगों को ठोकर मार दिया.इस घटना में कुल पांच लोग जख्मी हो गया।

# दो दशक से पथ का मरम्मती कार्य नही होने से मुख्य पथ जर्जर

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेगूसराय। प्रखंड मुख्यालय चौक से बजही, मटिहानी होकर मालपुर गांव जानेवाली मुख्य पथ अत्यंत जर्जर है.पिछले दो दशक से इस पथ की मरम्मती नहीं हुई है.मरम्मती नहीं होने के कारण इस पथ पर दो और चार पहिया वाहन का आना-जाना मुश्किल हो गया है.इस पथ पर पैदल चलने में कठिनाई होती है.इस पथ में जगह जगह गढ्ढा बन गया है.गढ्ढा में सड़क है या सड़क में गढ्ढा इसका पहचान करना मुश्किल है.बरसात के दिनों में इस पथ पर जलजमाव हो जाता है. एक से दो फुट की ऊंचाई तक पानी लग जाता है.जिसके कारण स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को काफी परेशानी होती है.

**कहते हैं सामाजिक कार्यकर्ता-**

जिला किसान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह सीपीएम नेता मटिहानी गांव निवासी शिवाकांत प्रसाद सिंह ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले इस पथ की मरम्मती हुई थी.इस पथ का कालीकरण किया गया था, परंतु सड़क किनारे नाला निर्माण नहीं होने से जलजमाव होने लगा.सड़क टुट गयी.जगह जगह गढ्ढे बन गये.इस सड़क की मरम्मती की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया.श्री सिंह ने बताया कि इस सड़क के जीर्णोद्धार की मांग पूर्व सांसद डॉ मुनाजिर हसन, डॉ भोला सिंह, वर्तमान सांसद गिरीराज सिंह, पूर्व मंत्री कुमारी मंजू वर्मा से की गयी, परंतु किसी ने इस कार्य में रुचि नहीं ली.सड़क के जीर्णोद्धार का भरोसा तो दिया था, लेकिन पूरा करना उचित नहीं समझा.उन्होंने बताया कि वर्तमान विधायक राजवंशी महतो से भी इस पथ के जीर्णोद्धार की मांग की गयी है.उन्होंने इसका भरोसा दिया है.परंतु क्या होगा कोई बता नहीं सकता है.

**मुख्य सामाजिक कार्यकताओं का रास्ता है यह पथ-**

कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, अरुण प्रसाद सिंह, मनी प्रसाद सिंह, वीरेन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा नेता अजय कुमार, मुरलीधर राय, पंकज पंडित, सीपीआई नेता जागेश्वर राय, सीपीएम शिवाकांत प्रसाद सिंह, डॉ भगवान प्रसाद सिंह, चन्द्रशेखर महतो, मदन कुमार आदि का घर इसी पथ के बगल में अवस्थित है. इतना ही नहीं आइएएस अधिकारी प्रवेज आलम, आयकर अधिकारी प्रणव कुमार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मो सुभान, पूर्व प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ साथ वर्तमान विधायक राजवंशी महतो का ससुराल भी इसी सड़क के बगल मालपुर गांव में है.इन सभी लोगों का बराबर आनाजाना इस पथ से होता रहता है. बावजूद इसके इस सड़क की हालत खस्ता है. कब तक इस सड़क का जीर्णोद्धार होगा यह तो आनेवाला वक्त ही बताएगा.

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हुई ।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एम. के. चौधरी ने बताया कि इस शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। जिसमें महिला चिकित्सक डॉ. भावना भारती ने सभी गर्भवती महिलाओं की जाँच की सभी को प्रसव होने तक दावा खाने आराम करने की सलाह दी ।साथ ही सभी को वजन जांच, हाइट, बीपी , प्रेशर आदि की जांच किया गया। साथ ही आयरन का टेबलेट आदि दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एम के चौधरी, डॉ. भावना भारती, प्रेम राज,लेखापाल अनिमेश कुमार आदि मौजूद थे।

### बिहार प्रदेश के अत्यन्त पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बरारी के जदयू विधायक बिजय सिंह निषाद को जदयू बिहार प्रदेश के अत्यन्त पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू नेता अंजार आलम के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया साथ हीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए जदयू नेता अंजार आलम ने कहा कि बिजय सिंह निषाद के नेतृत्व में पूरे बिहार का संगठन मजबूत और धारदार होगा ।मौके पर तौसीफ आलम,औरंगजेब आलम,तारिक आलम,अजय बिस्वास,तल्लु सोरेन,जाकिर आलम,शमशेर आलम,अजय कुमार राय,मुर्शिद आलम,जनार्धन राय,अंजुम बिहारी,सुनील मंडल सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दिया।

### डोर-टू-डोर हो रहा शोसल आडिट

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। ग्रामीण कार्य विभाग पटना के आदेशानुसार, जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आजमनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में ग्राम पंचायत सालमारी पिंढाल बघौरा हरनागर,मलिकपुर में बुधवार से डोर–टू–डोर शोसल आडिट किया जा रहा है ।आडिट कर रहे कर्मी रास बिहारी ने बताया मनरेगा,पीडीएस,प्रधानमंत्री आवास योजना,लोहिया स्वच्छ अभियान की स्थल पर पहुँच जांच की जा रही है ।साथ ही उक्त योजना के लाभुकों पर सम्पर्क कर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है ।उक्त पंचायतों में पांच दिनों तक आडिट करने की बात कही गयी ।इस अवसर पर पर सालमारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गोलाम सरवर उर्फ फुलटू सहित वार्ड सदस्य एंव विभाग के कर्मी उपस्थित थे ।आडिट के लिए गुडडु कुमार,रास बिहारी,अख्तर हुसैन,नीलम, ट्विंकल देवी प्रतिनियुक्त है।

### गरीबों के बीच किया गया शॉल का वितरण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कदवा प्रखंड के महम्मदपुर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्या अर्चना देवी राय की इकलौती पुत्री अपूर्वा पलक के तेरहवें जन्मदिन के शुभ अवसर पर अतिथियों एवं अपूर्वा पलक के हांथों बुजुर्गों विधवा आदि के बीच कम्बल का वितरण किया गया ।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में निःवर्तमान विधान पार्षद अशोक अग्रवाल,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ० चंद्रभूषण ठाकुर,सुमन सिंह,पूर्व प्रखंड प्रमुख पारस कुमार राय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे ।वहीं इसके द्वारा शॉल का वितरण किया गया ।वहीं इस दौरान समाजसेवी संतोष रजक, शिक्षक कृष्णनंद राम,संजीव कुमार मेहता,भाजपा महिला मोर्चा की प्रखंड महामंत्री काला देवी,जदयू प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश भगत,रामनाथ चौधरी,मीरा चौधरी आदि के हाथों दिव्यांग,विधवा व वृद्धों के बीच शॉल का वितरण किया गया।

### जब्त देशी चुलाई शराब का बीडीओ की मौजूदगी में हुआ विनष्टीकरण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सालमारी ओपी पुलिस द्वारा सालमारी ओपी प्रांगण में बीडीओ सुनील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अलग–अलग चार कांडों में जब्त देशी चुलाई शराब का विनष्टीकरण किया गया ।सालमारी ओपी पुलिस से जानकारी के मुताबिक अलग–अलग कांडों में जब्त38लीटर देशी चुलाई शराब का विनष्टीकरण किया गया ।बीडीओ सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया अलग–अलग कांडों में कुल38लीटर देशी चुलाई शराब का विनष्टीकरण किया गया ।जो अलग–अलग कांडों में जब्त किया गया था ।विनष्टीकरण के दौरान सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार एसआई कमलानंद सिंह मौजूद रहे ।सालमारी ओपी प्रभारी विजय कुमार ने बताया शराब कारोबारी व शराब पीने वाले के लिए प्रशासन सख्त है ।शराब को लेकर सालमारी पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही उन्होंने कहा शराब कारोबारियों को किसी हालत में पनपने नहीं दिया जाएगा थाना कांड संख्या264/276/258/308इन चारो कांडों से जब्त38लीटर देशी चुलाई शराब का विनष्टीकरण किया गया है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट घायल इलाजरत

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के रौतारा थाना क्षेत्र स्थित हथियादियरा में आपसी विवाद में एक ही परिवार के दो पक्षो के बीच मारपीट होने पर कई लोग जख्मी हो गया है। जिसे बेहतर इलाज के लिए सिलीगुड़ी ले जाया गया है। वहीं मामले को लेकर थाना में पीड़ित लुतफुर की ओर से 11 लोगों को नामजद करते हुए आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। मामले को लेकर लुतफूर रहमान ने बताया कि 4 फरवरी को दिन के करीब दो बजे अपने घर मे बच्चों के साथ खाना खा रहे थें। इसी बीच हथियादियरा निवासी मो जहरुल, मो ऐनुल, मो हजीबुर रहमान आदि 11 लोग मेरे आंगन में आकर गाली गलौज करने लगे इसी बीच हांथ मे लोहे का सरिया लिए मो कमाल ने मेरे सर पर प्रहार कर दिया जिससे मै गिर गया और मो मतिबुर ने फरसा से हमला कर मुझे जख्मी कर दिया वहीं अन्य आरोपियों ने मेरे पुत्रवधु मरजीना खातुन, पुत्र सरीफुल रहमान व पोता के साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। वहीं मेरे दूसरे पुत्र को भी सरिया से मारकर हाथ तोड़ दिया है ।साथ ही 10 हजार रुपया भी छीन लिया है। वहीं इस मामले को लेकर थाना अध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि एक ही परिवार के दोनों चचेरे भाई के बीच विवाद हुआ है। जिसमे एक पक्ष के ओर से आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। दोषी लोगों के विरुद्ध करवाई की जाएगी।

## बकाया बिजली बिल नहीं देने पर कटेगी बिजली, होगी कड़ी कार्रवाई

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कदवा प्रखंड में बिजली बिल भुक्तान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग के द्वारा काफी सख्ती बरती जा रही जिसको लेकर बिजली विभाग के सहायक अभियंता कदवा रंजन कुमार एवं कनीय अभियंता कदवा शिवशंकर साह के द्वारा बिजली बिल वसूली एवं बिजली काटो अभियान चलाया गया ।इस दौरान आज लगभग 50 घरों की बिजली काटी गई और यह कार्य आगे चलती रहेगी ।वहीं इस मामले पर जानकारी देते हुए बिजली कनीय अभियंता शिवशंकर साह ने कहा कि जिनका भी दो हजार से अधिक रुपए का विद्युत शुल्क बकाया है और जो कई महीनों से अपना बिजली बिल जमा नहीं किए हैं उनका बिजली काटा दिया गया है और उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है की जितना जल्द हो सके अपना बकाया विद्युत शुल्क जमा कर दें अन्यथा उनकी बिजली काट दी जाएगी वही प्रखंड क्षेत्रों के कई इलाकों में बिजली कटो अभियान चलाकर लगभग 50 घरों की बिजली काट दी गई है साथ ही आज 9 एवं 10 तारीख को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कैंप लगाया गया है जिनका भी बिजली बिल 2,000 से अधिक बकाया है या जो कई महीनों से अपना बिजली बिल जमा नहीं किया है वह कैंप में पहुंचकर अपना बिजली बिल जमा कर सकते हैं नहीं तो 10 तारीख के बाद से अधिक बिजली शुल्क बकाया रहने वाले उपभोक्ताओं के घरों से बिजली काटते हुए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वीरेन्द्र बने साहेबनगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 के वार्ड सचिव



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के वार्ड नं 9 में वार्ड सचिव का गठन किया गया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तजामुल हक, उप मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रऊफ ,वार्ड सदस्य कनिका देवी की उपस्थिति में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंध समिति के वार्ड सचिव का गठन ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से साहेबनगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 के लिए वीरेंद्र कुमार पोद्दार को सचिव के पद पर चुना गया। इस मौके पर वार्ड सचिव वीरेंद्र कुमार पोद्दार ने कहा कि वार्ड संख्या 9 के जनता के द्वारा मुझे सर्वसम्मति से वार्ड सचिव के पद पर चुना गया। मैं अपना काम बखूबी निभाउंगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तजामुल हक ,उप मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रउफ, वार्ड सदस्य कनिका देवी,पंच सदस्य धर्मदेव पासवान ,भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, ग्रामीण भोपाल पासवान,धनंजय यादव,दिनेश पोद्दार,देवाजित यादव,बुधु पासवान,सिकन्दर पासवान,अशोक पासवान,राम पासवान,सिकन्दर पोद्दार,ओम प्रकाश पोद्दार,आकाश राज,प्रमोद पोद्दार आदि मौजूद थे।

## गर्ल स्कूल रोड की मरम्मत नहीं होने पर स्थानीय दुकानदार नाखुश

### नगर आयुक्त से मिलकर की शिकायत

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कटिहार नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्ल स्कूल रोड विगत कई सालों से जर्जर अवस्था में है। इस सड़क पर सालों भर जलजमाव का आलम बना हुआ रहता था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर निगम के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया और उस जगह ईट सड़क पर बिछाया गया लेकिन काम शुरू होने के कुछ दिनों के बाद ही काम को बंद कर दिया गया और ऐसे ही कई महीने बीत गए अब यह सड़क काफी जर्जर हालत में है और इस सड़क पर जलजमाव का भी आलम बना हुआ है। आसपास के स्थानीय दुकानदार सड़क के मरम्मत नहीं होने पर काफी नाखुश है। स्थानीय दुकानदार एवं युवा राजद के प्रदेश सचिव आशु पांडे ने नगर आयुक्त मनोज कुमार से मिलकर इसकी शिकायत की है। वहीं नगर आयुक्त के द्वारा आश्वासन दिया गया कि बहुत जल्द सड़क का मरम्मत करा लिया जाएगा,वहीं राजद नेता आशु पांडे ने कहा कि अगर जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ तो दुकानदारों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## बरामद पिस्टल में नहीं है मैग्जीन और बुलेट नामजदों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी है तेज: थानेदार

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत निवासी मतला सोरेन द्वारा अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध दर्ज कराए गए मामले में ग्रामीणों के सहयोग से आजमनगर पुलिस ने पिस्टल और अपाची मोटरसाइकिल जब्त किया जब्त किये गए पिस्टल में मैग्जीन और बुलेट नहीं थी ।उक्त आशय की जानकारी आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने दी है ।थानाध्यक्ष कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत अंतर्गत राह चलते कथित अपराधियों द्वारा केवल टोकने पर मतला सोरेन पर पिस्टल निकाल तान दिया था ।मामले को लेकर पीड़ित मतला सोरेन ने तहरीर देकर तीन लोगों को नामजद किया है ।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस काम कर रही है ।ग्रामीणों के सहयोग से मोटरसाइकिल और पिस्टल जब्त किया गया है ।लेकिन जब्त पिस्टल में मैग्जीन और बुलेट नहीं था ।तो क्या तीनों नामजद बगैर मैग्जीन बुलेट के पिस्टल लेकर नुमाईश करने निकल पड़ा था ।या भागने क्रम में पिस्टल से मैग्जीन गिर गयी ऐसे कई तमाम सवालों के जवाब आजमनगर पुलिस को ढूंढने होंगे और मामले का खुलासा नामजद फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद हो पायेगा ।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर आजमनगर थाना अध्यक्ष मानुतोष कुमार की नेतृत्व वाली पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है।

***कहाँ हुई थी घटना:–***

मतला सोरेन प्रकरण आजमनगर थाना क्षेत्र के खजुरिया मुख्य सड़क के निकट उस वक्त हुआ था ।जब सड़क पर वो खड़ा था ।तभी ब्लू रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन कथित अपराधी उधर से गुजर रहा था ।जान पहचान होने के कारण मतला सोरेन नें सिर्फ उन लोगों से हाल समाचार पूछ ।तभी तीन में से एक ने पिस्टल निकाल मतला सोरेन पर तान दी थी ।तब पीड़ित सोरेन ने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी फिर सबों नें मिलकर पीछा कर तीनों को पकड़ने का प्रयास किया ।आरोपित तीनों युवक अपाची मोटरसाइकिल और पिस्टल छोड़ मौके से फरार हो गए ।जिसे ग्रामीणों ने आजमनगर पुलिस को सुपुर्द किया ।अब तक जांच में यही बातें सामने आई कि पिस्टल में मैग्जीन और बुलेट नहीं थी।

***आजमनगर थानाध्यक्ष ने कहा:–**

आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने बताया मतला सोरेन से प्राप्त आवेदन पर तीन अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है ।अपाची मोटरसाइकिल और पिस्टल बरामद किया गया है ।जब्त पिस्टल बगैर मैग्जीन और बुलेट की है ।तीनों नामजदों की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले का पटाक्षेप होगा ।गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

## नहीं हो रही पैथो-लैब की जाँच,मरीजों का हो रहा आर्थिक दोहन,अप्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन करते हैं जांच

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध पैथोलॉजी के जाल में फंसकर मरीज दोहरे आर्थिक दोहन का शिकार हो रहे हैं ।लेकिन उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई होता नहीं दिख रहा है ।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के नियमानुसार केवल एमडी पैथोलॉलिस्ट या डीसीपी डिप्लोमा इन क्लीनिक पैथोलॉजी डिग्री धारक ही कोई पैथ लैब खोल सकते हैं ।साथ हीं पैथ लैब के कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक योग्यता अनिवार्य है ।लेकिन प्रखंड के अधिकतर पैथोलॉजी बीएससी स्नातक धारकों द्वारा चलाई जा रही है। जब कि इतनी योग्यता रखने वाला व्यक्ति का पैथ लैब में सिर्फ सहयोगी का काम कर सकता है ।कई पैथलैब में एमडी पैथोलाजिस्ट की जगह एमबीबीएस रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करते हैं ।इतना ही नहीं उनका सहयोग करने के लिए साधारण तकनीशियन होते हैं ।जो10वीं कक्षा भी पास नहीं होते हैं ।गौर करने वाली बात यह है। कि किसी भी पैथोलॉजिस्ट के लिए एक दिन में20से अधिक स्लाइड देख पाना संभव नहीं है ।लेकिन इन इलाकों में साधारण पैथोलॉजी के कर्मचारियों द्वारा100 से भी अधिक स्लाइड देखा जाता है ।गौरतलब हो कि10अक्टूबर2007को महाराष्ट्र उच्च न्यायालय ने अपने एक अंतरिम आदेश में कहा था ।कि डिप्लोमा इन मेडिकल तकनीक या इसकी स्तर का शैक्षणिक योग्यता रखने वाले कोई भी व्यक्ति पैथोलॉजी लैब नहीं चला सकते है ।लेकिन व्यवहार में प्रखंड में बहुत सारे लोगों ने अपनी निजी लैब खोल रखी है। जिनपर नकेल कसने वाला कोई नहीं है ।ऐसे पैथों लैब के विरुद्ध सीएस स्तर से कार्रवाई हो तभी सम्भव है।

## दो दिवस से खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ संपन्न



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नेहरू युवा केन्द्र कटिहार के तत्वावधान में नेहरू युवा क्लब महिशाल में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय महिशाल खेल मैदान में कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी जगन्नाथ दास, वार्ड सदस्य प्रणव कुमार दास , बिन्दु कुमार प्रमाणिक, खगेश कुमार दास संयुक्त रूप से किया गया। जगन्नाथ दास ने कहा ग्रामीण युवाओ में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को नए आयाम दे सकते हैं। प्रणव कुमार दास ने का खेल मानसिक स्वास्थ्य उतना जरूरी है। इस प्रतियोगिता में कौआटोली, अजगाह, दुल्लहपुर, विश्वदीधी, हल्दीबाडी,महिशाल, रंगपुर, कानसोई के टीम भाग लिया। बॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम अजगाह उपविजेता टीम हसान्दीवाडी रहे। जबकि कबड्डी प्रतियोगिता विजेता महिशाल उपविजेता हल्दीबाडी रहे। मोके पर एनवाईवी संगीता कुमारी, दुलाल कुमार दास,खगेश कुमार दास, प्रभात कुमार दास, अमर कुमार दास, फुलेश्वर दास, तुलसी प्रमाणिक, हीरा लाल दास,सोमनाथ प्रमाणिक, बंकिमचन्द्र प्रमाणिक, राजू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद की सामान्य बैठक शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित

### 15वीं वित्त आयोग 2021-22 के चयनित प्राथमिक सूची पर चर्चा

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। विकास भवन सभागार में माननीय जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला परिषद की सामान्य बैठक शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। जिला परिषद के अध्यक्ष द्वारा जिला परिषद के समान्य बैठक में उपस्थित सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अरुण कुमार ठाकुर, जिला परिषद कटिहार द्वारा गत वर्ष लिए गए निर्णय एवं उसके कार्यान्वयन पर बिंदुवार चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15वीं वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के चयनित प्राथमिक सूची के उपरांत बची हुई योजना को वित्त वर्ष 2022-23 में पूर्ण कराया जाए तथा आगामी वित्त वर्ष 2022-23 हेतु अनट्रेड मद के तहत के चयनित प्राथमिक सूची के आधार पर जिला परिषदों की भूमि का सीमांकन, चाहारदिवारी का निर्माण, जिला परिषद अस्पताल में आधारभूत ढांचा की वृद्धि , आयोत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण, सरकारी भवन का चारदीवारी निर्माण, शवदाहगृह एवं विद्युत शवदाहगृह, बस स्टैंड और यात्री सेड का निर्माण तथा ट्रेड मद का 30% स्वच्छता खुले में शौचमुक्त, सिंपल अपशिष्ट प्रबंधन सामुदायिक शौचालय का निर्माण तथा 30 % आपूर्ति वर्षा जल संचयन वैसे सिंचाई क्षमता वृद्धि हेतु चेक डैम का निर्माण, जमींदारी बांध की मरम्मती, नदी के पुराने धार का पूर्ण स्थापना कार्य, पक्की नली के रास्ते हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराए जाने हेतु नाला का निर्माण, 1 से 5 हेक्टेयर से अधिक जल संग्रहण क्षेत्रों का जीर्णोद्धार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित की गई।

जिला के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि द्वारा अपने अपने क्षेत्र अन्तर्गत उत्पन्न समस्याओं को सदन में रखा,तत्पश्चात जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारी से पृक्षा करते हुए जिला स्तरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में उक्त कार्यों का निष्पादन हेतु उप विकास आयुक्त से अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा इन समस्याओं का समाधान जिला स्तरीय पदाधिकारी के निगरानी में जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस बैठक में नवनिर्वाचि जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अतिरिक्त, सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, निदेशक डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## वेलफेयर फाऊंडेशन के सहयोग से टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। साठी राजाराम हाई स्कूल के पिछे बने खेल स्टेडियम में सोमवार से शुरू टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट 2022 में टेनिस बाल से 16-16 ओवर फॉर्मेट का मैच खेला जा रहा है। टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन इंसान वेलफेयर फाउन्डेशन द्वारा कारपोरेट क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस टूनार्मेंट में शामिल सभी टीमें टेनिस बाल से 16-16 ओवर के मैच खेलेंगी। टूनार्मेंट के आयोजक इंसान वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शोएब कमल ने कहा की आज भी क्रिकेट अपनी फिटनेस और सोशलाइजिंग के लिए जाना जाता है। यह राष्ट्रिय खेल क्रिकेट प्रेमी और साठी क्षेत्र के लोगों के लिए नया जोश उत्पन्न करेगा उन्होंने बताया की टूनार्मेंट की फाइनल विजेता टीम को 11000 रुपये और रनर-अप टीम को 5100 रुपये से पुरस्कृत किया जाएगा।

## वार्ड नंबर 5 में वार्ड सचिव का चुनाव प्रमुख प्रतिनिधि के देखरेख में सम्पन्न



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ पंचायत के मैनाटांड़ गांव के वार्ड संख्या 5 में वार्ड सचिव का चयन प्रमुख प्रतिनिधि अनूप कुमार, पंचायत सचिव रामजी महतो, मुखिया हामिदा पासवान, वार्ड सचिव अप्पू राम एवं लोगों के बीच किया गया। सचिव का चयन करने से पहले ग्रामीणों को पंचायत सचिव द्वारा बिहार सरकार के सभी नियमों को बताया व समझाया गया। प्रमुख प्रतिनिधि अनूप कुमार ने बताया कि सभी जनता जनार्दन के बीच पारदर्शी तरीके से एवं सर्वसम्मति से वार्ड सचिव रोहित कुमार को चुना गया। उन्होंने रोहित कुमार को समझतें हुए कहा कि सरकार के नियमानुसार लोगों के बीच रह कर उनके विकास के कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

## देशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के फेनहरा गांव से तरैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को छापेमारी कर 10 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार धंधेबाज उक्त गांव निवासी मोहन प्रसाद का पुत्र संजीत प्रसाद है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह ने बताया कि संध्या गश्ती एवं शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान के तहत गुप्त सूचना मिली की संजीत प्रसाद अपने नवनिर्मित मकान के समीप चोरी-छिपे शराब की बिक्री कर रहा है। जिसके बाद वहां छापेमारी किया गया तो पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति अपने हाथ में गैलन लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ा गया। जिसके पास से दस लीटर देशी शराब बरामद किया गया। समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

## सांसद छेदी पासवान का बयान निंदनीय:-विधायक



मदरलैण्ड संवाददाता, भागलपुर। भागलपुर, गुलाबी ठंड के बीच एक बार फिर से बिहार की सियासत गर्म हो चुकी है। भाजपा सांसद छेदी पासवान के बयान पर कॉंग्रेस विधानमंडल दल के नेता सह भागलपुर विधायक अजित शर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को साथ आने का न्योता दे दिया। अजित शर्मा ने कहा कि सांसद छेदी पासवान ने नीतीश जी की दाऊद से हाथ मिलाने की बात कही है। यह एक वह मर्यादित और घिनौना बयान है। मुख्यमंत्री जी को सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश जी भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं तो हमारे साथ आइए सभी सेक्यूलर पार्टी को मिलाकर सरकार बनाते हैं और नए सिरे से काम करते हैं। बता दें की भाजपा सांसद छेदी पासवान ने बयान दिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुर्सी के लिए दाऊद से भी हाथ मिला सकते हैं। इस बयान के बाद से राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है।

## बीडीओ ने की 353 वृद्ध लोगों की उम्र का भौतिक सत्यापन किया

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा प्रखंड के 353 वृद्ध लोगों के उम्र का भौतिक सत्यापन बीडीयो अजय प्रकाश राय द्वारा बुधवार को प्रखंड कार्यालय में की गई। उम्र का भौतिक सत्यापन करते हुए बीडीयो ने बताया कि उक्त 353 वृद्धा पेंशन धारियों को पूर्व में वृद्धा पेंशन मिलता था। परंतु आधार कार्ड में उनका उम्र कम होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा उनका वृद्धा पेंशन बंद कर दिया गया था। लाभार्थी विगत कई महीनों व वर्षों से जिला अनुमंडल व प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक चुके थे। यही कारण है कि वृद्धा पेंशन से वंचित लाभार्थियों की उम्र का भौतिक सत्यापन कर जिला व अनुमंडल कार्यालय को रिपोर्ट भेजा जाएगा। ताकि उन लोगों को पुनः वृद्धा पेंशन का लाभ मिल सके। उम्र के सत्यापन में भाग लेने वालों में मोस्लिमा खातून, काबुल मियां, निशा खातून, सबीना खातून, भगनी खातून, धरमरनी देवी, मोमिना खातून, सुदामा साह, गोरी पटेल, सावित्री देवी शामिल थी।

# विधायक और थाना प्रभारी द्वारा किया गया टूनार्मेंट का उद्घाटन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। सोमवार से शुरू टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्धघाटन लौरिया के माननीय विधायक विनय बिहारी और साठी थाना प्रभारी उदय कुमार द्वारा किया गया साठी में हो रहे टेनिस टूनार्मेंट खेल में सोमवार,मगंलवार और बुधवार को साठी स्थित खेल स्टेडियम में तीन मैच खेले गए हैं। सोमवार को पहला मैच माधोपुर और साठी के बीच खेला गया। जिसमें साठी टीम ने कुल 125 रन बनाकर माधोपुर को 1 रन से हरा दिया।दूसरा मैच मगंलवार को धोबनी धर्मपुर और पटजिरवा के बीच खेला गया। जिसमें धोबनी धर्मपुर की टीम ने 138 रन बनाकर पटजिरवा की टीम को 2 रन से हरा दिया।तीसरा मैच बुधवार को भसुरारी और बहुअरवा के बीच खेला गया।भसुरारी ने 12 ओवर में112 रन बनाकर पटजिरवा को हरा दिया। खेल स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने पहुंचे हजारों लोगों के द्वारा चौके और छक्का लगाने वाले खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया जाता रहा। आयोजन स्थल पर इंसान वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शोएब कमल, एकरामुल हक, डॉक्टर शाकिब, मुखिया लालबहादुर साह, सहित अन्य फाउंडेशन के अधिकारी मौजुद रहे।

# हिजाब प्रकरण पर लालू ने साधा भाजपा पर निशाना, बोले- गृह युद्ध की ओर जा रहा है देश

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। कर्नाटक में चल रहे हिजाब प्रकरण पर अब बिहार में भी राजनीति शुरू हो गयी है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश गृहयुद्ध की ओर बढ़ रहा है. अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लालू प्रसाद यादव ने कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी है. लालू प्रसाद यादव ने इस दौरान केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर निशाना साधा है.

**देश में नया अंग्रेजआया है**

कर्नाटक में हिजाब विवाद को लेकर लालु प्रसाद यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश सिविल वार की तरफ बढ़ रहा है. इसके लिए कोई और नहीं भाजपा और मोदी जिम्मेदार हैं. 70 साल बाद फिर ये नया अंग्रेज भाजपा के रूप में आ गया है. महंगाई पर बात नहीं करते, गरीबी इतनी बढ़ गयी है, इस पर कोई बात नहीं करता. नरेंद्र मोदी भी अपनी भाषण में सिर्फ मंदिर मस्जिद करते हैं.

**भाजपा को हराने की अपील**

उत्तर प्रदेश के साथ 4 राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव से लेकर बिहार की वर्तमान सरकार पर भी लालू प्रसाद यादव ने निशाना साधा है. लालू ने कहा कि यूपी में भाजपा की करारी हार होगी. इनका सफाया हो जाएगा. जाटों पर जो इन्होंने ज्यादती की है उस बात को ये लोग भूलेंगे नहीं. इन लोगों को आतंकवादी कहा गया है. इस बात के साफ संकेत हैं कि इस बार भाजपा साफ हो जाएगी. लालू ने कहा कि हम जाट बिरादरी के वोटरों से खास अपील करते हैं कि भाजपा को हराओ.

# कुख्यात अपराधी रंजित मल्लिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। पश्चिम चम्पारण के कई थाना क्षेत्रों के एक वांक्षित कुख्यात अपराधी को पुलिस ने पुर्वी चम्पारण के नोनेया पहाड़पुर से बेतिया पुलिस गिरफ्तार करने में कामायब रही है। पश्चिम चम्पारण के पुलिस अधीक्षक ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए आगे बताया है कि गिरफ्तार कुख्यात अपराधी रंजीत मल्लिक कई हत्या, लूट, आर्मस एक्ट० एन०डी०पी०एस० एंव चोरी की कांडों में आरोपित एंव वांछित हैं।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना मिली कि बेतिया नगर थाना एंव अन्य कई थानों के कांडो में वांछित कुख्यात अपराधकर्मी रंजीत मल्लिक उम्र करीब 38 वर्ष, ग्राम नौरंगाबाग का रहनेवाला जिला पूर्वी चम्पारण के ग्राम नोनेया पहाड़पुर में अपनी बहन के यहाँ छिप कर रह रहा है।

प्राप्त सूचना के आलोक में नगर थानाध्यक्ष बेतिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रंजीत मल्लिक को कड़ी मशक्कत के बाद ग्राम नोनेया महतो टोला, थाना पहाड़पुर जिला पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रंजीत मल्लिक कई हत्या, लूट, आर्मस एक्ट० एन०डी०पी०एस० एंव चोरी की कांडों में आरोपित एंव वांछित हैं।

# धंधेबाज समेत 7 शराबी गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेतिया। ठकराहा थाना की पुलिस ने मंगलवार को संध्या गस्ती के दौरान भेडीहारी टोला के समीप युपी बिहार के सीमा पर छापामारी के क्रम मे एक धंधेबाज समेत 7 शराबीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, बुधवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शराब व शराब कारोबारीयों के विरुद्ध पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में बिहार युपी के सीमा पर स्थित भेडीहारी टोला के समीप वाहनों की जांच तथा नशेडियो के धरपकड़ के लिये छापामारी की गई।इस कारवाई में एक धंधेबाज सहित 7 शराबीयो को गिरफ्तार किया गया है।शराब के साथ गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भितहा थाना क्षेत्र के रेडहा गांव निवासी मलख यादव के रूप मे हुई है तथा शराबियों की पहचान, स्थानीय थाना क्षेत्र के ठकराहा निवासी यसवंत चौबे, बेलवारीपट्टी निवासी अंगद चौधरी, भतहवा निवासी अरबाज साह, सोनाभवानी निवासी रविन्द्र कुमार, कोईरपट्टी निवासी लखन चौहान व लालबिहारी चौहान के रुप में हुई है।गिरफ्ता अभियुक्तों के विरुद्ध ठकराहा थाना मे कांड संख्या 6/22 दर्ज करते हुवे जेल भेज दिया गया है।

# जीपीडीपी की बैठक सम्पन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा मटियरीया पंचायत के पंचायत भवन में जीपीडीपी योजना के तहत आयोजित आमसभा में पंचायत के विभिन्न विकास योजनाओं पर विचार पूर्वक चर्चा की गई। आम सभा बैठक की अध्यक्षता मुखिया दिवाकर पटवारी ने किया। पंचायत सचिव कृष्ण दत्त राम ने आम सभा को संबोधित करते हुए सभी वार्ड सदस्यों से अनुरोध किया कि प्रत्येक वार्ड में सभा का आयोजन कर प्रमुखता के आधार पर योजनाओं का चयन कर सूचीवद्ध करें। ताकि राशि उपलब्ध होते ही उन योजनाओं को कार्य रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि कुआं मरम्ती, नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक से सड़क निर्माण, मुर्गी पालन, सूअर पालन, बकरी सेड, पशु शेड, वृक्षारोपण, सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, आंगनबाडी भवन का निर्माण कार्य को विशेष रुप से प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। आम सभा में शेरपुर वार्ड नंबर 9 में अभी तक सेविका की बहाली नहीं किए जाने पर चिंता जताई गई। आम सभा में आवास सहायक, कृषि सलाहकार आंगनवाड़ी सेविका सहित अन्य कर्मियों के उपस्थित नहीं होने पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। आम सभा में भाग लेने वालों में कार्यपालक सहायक राज नंदनी कुमारी, रोजगार सेवक शत्रुघन कुमार, उप मुखिया सुनील कुमार चौधरी, वार्ड सदस्य गीता देवी, मिंटू महतो, पप्पू चौधरी, रीना देवी, अमेरिका मुखिया, मैनेजर मुखिया, सुरेश कुमार, जितेंद्र यादव, शशि कुमार, विनोद कमांडर, बालकिशन, राम चंद्र, किशोर महतो आदि शामिल थे।

# आप हमें समर्थन दीजिए मैं आपको सम्मान दूंगा- ई.सौरभ सिंह

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहा प्रखण्ड के भुआलपट्टी राम जानकी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को प्रतिनिधि अभिनदंन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में राजद समर्थित एमएलसी प्रत्याशि ई.सौरभ सिंह ने ठकराहा प्रखण्ड के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियो को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमें समर्थन दे मैं जनप्रतिनिधियों का मान सम्मान का ख्याल रखूगा। और आपके आवाज को बुलंद करूगा। इसके पहले आपका समर्थन पाकर पदस्त होने वाले लोगों से आप सभी भली भांति परिचित है। पूर्व के एमएलसी का नववर्ष छः साल का होते देखा गया है। जब चुनाव आता तो महाशय एक कैलेण्डर और एक डब्बा मिठाई लेकर प्रतिनिधियों के घर खोजने लगते और चुनाव जीतने के बाद यह भूल जाते की जिन प्रतिनिधियों के समर्थन से उस मुकाम तक पहुचे है उन प्रतिनिधियों की हालात क्या है। वाही उन्होंने कहा कि ठकराहा सभी गांवों का भ्रमण कर लिया पर कही भी एमएलसी कोटे से हुए काम नहीं दिखा। यदि इस बार मुझे आपका समर्थन मिलता है तो जन प्रतिनिधियों के सम्मान व हक के लड़ाई के साथ विकास कार्य भी धरातल पर दिखेगा। अभिनदंन समारोह में कोइरपट्टी मुखिया रूपेश चौधरी, मोतिपुर मुखिया जितेंन्द्र मिश्र झुन्नू, जागिराहा उप मुखिया विनोद यादव, कोइरपट्टी उप मुखिया नसरुल्लाह गद्दी, मोतिपुर पंचायत्त समिति सदस्य अर्थराज यादव, श्रीप्रकाश साह, वार्ड सदस्य, विकाश साहनी नरेश भारती सहित अन्य कई जन प्रतिंनिधि उपस्थित रहे।

# न्यू मार्केट के नाले में एक व्यक्ति की लाश मिली

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। डा0 राजेन्द्र पथ के न्यू मार्केट स्थित कौशल्या नर्सिंग होम के पीछे नाले में मिली एक व्यक्ति की लाश मिली है।इलाके में सनसनी फैल गयी है। कटिहार नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित कौशल्या नर्सिंग होम के पीछे नाले में सब्जी के थोक विक्रेता छोटे लाल शाह की लाश नर्सिंग होम के पीछे बने नाले में पाई गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटे लाल शाह सोमवार से लापता था। जिसके खोज में सभी परिवार लगे हुए थे।इसी कड़ी में बुधवार को छोटे लाल साह की लाश कौशल्या नर्सिंग होम के पीछे नाले में पाया गया।जिसके बाद उसके परिजनों द्वारा लाश को बाहर निकाला गया। इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दिया गया। नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरी जांच शुरू कर परिजनों के बयान के आधार पर लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।वही घटना के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।आसपास के लोग बडी.संख्या में पहुँच कर विभिन्न तरह की चर्चा कर रहे थे।

# गरीबों के लिये अल्प बजट में भर पेट भोजन की रहेगी व्यवस्था: सगीर



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। शहर के पुरानी बाटा चौक के समीप शोभा मार्केट में लेल्हा होटल का उद्घाटन राजद प्रदेश उपाध्यक्ष तारकेश्वर ठाकुर एवं राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शोभा देवी रही। लेलहा होटल के प्रबंधक मो0 सगीर ने कहा कि इस महंगाई के समय बाजार में एक वक्त का भोजन करने में सैकड़ों रुपया लग जाता है। जिसके कारण अधिकांश लोग शहर में भूखे रहने को विवश हैं। प्रबंधक मो0 सगीर ने कहा कि इसे देखते हुए हर इंसान को चिकन चावल भरपेट खाने की व्यवस्था मात्र 60 रुपये में किया गया है। इस अवसर पर राजन प्रदेश उपाध्यक्ष तारकेश्वर ठाकुर ने कहा कि इस तरह के होटल शहर में खुल जाने से गांव से आने वाले गरीब तबके के लोगों को भी कम रुपए में उत्तम मांसाहारी भोजन कर सकेंगे। इस अवसर पर राजद पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिए यादव ने कहा कि कटिहार शहर में अल्प बजट में अच्छे मांसाहारी भोजन की व्यवस्था करने से हर वर्ग के लोग हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल सकेगा इसके लिए होटल के प्रबंधक मो0 सगीर को उपस्थित लोगों ने साधुवाद दिया है। इस अवसर पर अभय सिंह, मो0 वाहिद, अजहर अली, अजय मुर्मू, अजीत जयसवा, अरविंद घोष सहित दर्जनों लोग नागरिक उपस्थित थे।

# मद्य निषेध कानून को सख्ती के साथ करायें अनुपालन : जिलाधिकारी

## सभी थानाध्यक्षों को लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि मद्य निषेध कानून बिहार सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। सभी को समेकित प्रयास कर शराब जैसे सामाजिक बुराई के चंगुल से जनजीवन को बचाने हेतु लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मद्य निषेध कानून का सख्ती के साथ अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाय। इस हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाय। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि रिवर पेट्रोलिंग, डॉग स्कॉयड के माध्यम से दियारा एवं नदी क्षेत्र में विशेष निगरानी सहित नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जाय। इस हेतु सभी आवश्यक संसाधन अपडेट कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, उनके विरूद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि मद्य निषेध कानून के कार्यान्वयन हेतु उच्चस्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारियों को सचेत रहते हुए एस-ड्राइव चलाकर छापेमारी/जब्ती करने की आवश्यकता है। साथ ही आ-सूचना तंत्र को अधिक मजबूत करते हुए प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने निदेश दिया कि प्रतिदिन चौकीदार/दफादार से शराब के विनिर्माण/बिक्री से संबंधित आ-सूचना संग्रहण करें तथा प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि मद्य निषेध से संबंधित जब्त वाहनों की नीलामी में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाय।

उन्होंने कहा कि अवैध शराब की होम डेलिवरी पर विशेष निगरानी रखी जाय। इस कार्य में एएलटीएफ को प्रभावी तरीके से कार्य करना होगा एवं होम डेलिवरी करने वालों पर पैनी नजर रखनी होगी। उन्होंने निदेश दिया कि होम्योपैथी दुकानों/प्रतिष्ठानों सहित स्प्रिट पर विशेष निगरानी रखनी है। नियमित रूप से होम्योपैथी दुकानों/प्रतिष्ठानों की जांच की जाय तथा स्प्रिट आदि पर नजर रखी जाय।

उन्होंने कहा कि शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ ही जितने भी पुराने शराब कारोबारी हैं और जमानत पर बाहर हैं, उन पर कारगर निगरानी रखते हुए सत्यापन कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्ति जो जेल गए हैं और पुनः वापस आए हैं वैसे व्यक्ति पुनः शराब कारोबार में लिप्त पाये जाते हैं तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर गुंडा पंजी में उनका नाम दर्ज कर सीसीए की कार्रवाई की जाय।

जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को नियमित रूप से मद्यनिषेध की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि वे सतत जीविकोपार्जन योजना से आच्छादित करने हेतु भी लोगों को प्रेरित कराएंगे।

पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी छापेमारी अभियान में तेजी लाएं और शराब का कारोबार करने वाले, पीने वालों को गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि धारा-107 एवं 110 सहित पीएमएलए की कार्रवाई में तेजी लाने की आवश्यकता है। जिन व्यक्तियों के विरूद्ध धारा-107 एवं 110 के तहत कार्रवाई की गयी है तथा वे अभी भी इस धंधे में लिप्त पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि मद्य निषेध को लेकर जब्त वाहनों, भवनों से संबंधित मामलों में राज्यसात करने का प्रस्ताव ससमय भेजा जाय ताकि अग्रतर कार्रवाई करने में विलंब नहीं हो। साथ ही शराब विनिष्टिकरण का कार्य भी ससमय पूर्ण किया जाय।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# व्हाट्सएप ने युवा के सहयोग से सुरक्षित इंटरनेट सेवा के लिए #टेकचार्ज अभियान की शुरूआत की

चंडीगढ़ : व्हाट्सएप ने युवा के साथ साझेदारी में एक सप्ताह तक चलने वाले #ऑनलाइनसेफ्टी अभियान की शुरूआत की घोषणा की। #टेकचार्ज अभियान 8 फरवरी को ह्यसेफ इंटरनेट डेह्ल पर शुरू हुआ, जिसमें युवा के इंस्टाग्राम पेज पर इन्फोटेनमेंट कंटेंट उपलब्ध होगा जिसका उद्देश्य लोगों में ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है तथा उन्हें सेफ्टी टूल्स एवं सुरक्षित संसाधनों का इस्तेमाल कर स्वयं को सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्रिएटर्स लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देंगे तथा इंटरनेट के सही इस्तेमाल के बारे में समझाएंगे। कई युवा क्रिएटर्स जैसे कि तनीषा मीरवानी, आंचल अग्रवाल, अनमोल सच्चर और श्रेया कपूर आदि लोगों से इंटरनेट सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण सामग्री साझा करेंगे जिनमें उचित तरीके से इंटरनेट का इस्तेमाल, डिजिटल भुगतान, ग्रुप कंट्रोल आदि के बारे में समझाया जाएगा ताकि लोग सुरक्षित रहते हुए इंटरनेट का बेहतर इस्तेमाल कर सकें। अपने बिल्कुल नए #टेकचार्ज अभियान के बारे में बात करते हुए अभिजीत बोस, हेड ऑफ इंडिया, व्हाट्सएप ने बताया, व्हाट्सएप ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निजी एंड-टू-एंड एनक्रिप्टेड मैसेजिंग सेवाओं में इंडस्ट्री लीडर है। सेफ्टी फीचर्स बनाने के लिए लगातार इनोवेशन के अलावा व्हाट्सएप विशेष डाटा साइंटिस्ट की टीम के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए 24७७365 काम करता है। इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ता को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में लगातार शिक्षित करने का हमारा निरंतर प्रयास रहा है। हमारा सुरक्षित इंटरनेट सप्ताह अभियान इसी कड़ी में एक और प्रयास है जिससे उपयोगकर्ता #टेकचार्ज अभियान का इस्तेमाल अपनी इंटरनेट सुरक्षा के लिए कर सकते हैं।

# जल्द ही आने वाली है 2022 एमजी जेडएस ईवी

## -लॉन्च से पहले लीक हुए फोटो और फीचर्स

नई दिल्ली, एजेंसी। चालू महीने में एमजी मोटर इंडिया की इलेक्ट्रिक कार एमजी जेडएस ईवी के अपडेटेड मॉडल लांच होने वाली है। लॉन्च से पहले इस धांसू इलेक्ट्रिक कार के रियर और फ्रंट लुक के बारे में पता चला है। जल्द ही 2022 एमजी जेडएस ईवी आने वाली है, जिसके लुक और फीचर्स काफी शानदार होंगे और इसकी बैटरी रेंज भी बेहतर होगी। नई एमजी झेएस ईवी ग्लोबल डिजाइन सिम्बॉल्स के साथ आती है और इसमें फ्रंट-कवर ग्रिल और चार्जिंग सॉकेट अब एमजी लोगो के बाईं ओर रखी गई हैं। सनरूफ और नए 17 इंच की फ्रेश डिजाइन वाली अलॉय व्हील्ज लगी है। एमजी मोटर सबसे ज्यादा वैल्यू फॉर मनी इलेक्ट्रिक वाहन एमजी झेएस ईवी पेश करने वाला है जो अपने देश यूके के ग्लोबल पॉपुलर प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है और इसकी भारत में किसी भी इलेक्ट्रिक वीइकल्स की तुलना में सबसे लंबी रेंज है। एमजी झेएस ईवी के साथ एमजी अपने ग्राहकों को 5-वे चार्जिंग इकोसिस्टम का विस्तार करता है, जिसमें रेजिडेंट और ऑफिस में मुफ्त एसी फास्ट चार्जर, पोर्टेबल इन-कार चार्जिंग केबल, डीलरशिप पर डीसी सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशन, 24७7 आन-द-गो चार्जिंग की सुविधा (5 शहरों में), और सैटेलाइट शहरों और पर्यटन केंद्रों में चार्जिंग स्टेशन पर फोकस है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई जेडएस ईवी को एमजी मौजूदा मॉडल के मुकाबले बड़ी बैटरी के साथ पेश करेगी, जो कि 51केडब्ल्यूएच की होगी और यह एक बार फुल चार्ज होने पर 480 किलोमीटर तक चल सकती है। एमजी जेडएस ईवी में कई ह्यसेगमेंट फर्स्टह्ल फीचर होंगे। कंपनी भारत में पहली इंटरनेट एसयूवी एमजी हेक्टर, भारत की पहली प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी एमजी झेएस ईवी और भारत की पहली ऑटोनॉमस (लेवल 1) प्रीमियम एसयूवी एमजी ग्लॉस्टर और एमजी ऐस्टर जैसी धांसू एसयूवी के लिए जानी जाती है। एमजी मोटर इंडिया ने भारत में एमजी झेएस ईवी के दो सफल वर्ष चिह्नित किए हैं, जो देश में टिकाऊ, पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित वाहन के लिए ब्रैंड की प्रतिबद्धता की पहचान है।

दो वर्षों में एमजी ने लगभग 4,000 झेएस ईवी की बिक्री की है। एमजी मोटर इलेक्ट्रिक वीइकल सेगमेंट में 27 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ भारत में दूसरी सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वीइकल निमार्ता बनने की दौड़ में है। बाजार में जेडएस ईवी की सफलता भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वास्तव में सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र-निर्माण की शुरूआत है। बता दें कि भारत में इस साल नई इलेक्ट्रिक कारों का काफिला लगने वाला है, जो कि बजट रेंज से लेकर महंगी भी होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया गिरावट के साथ बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट , विदेशी कोषों की लगातार बाहर जाने के कारण हुई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 74.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.70 पर खुला और बाद में यह दिन के उच्च स्तर 74.68 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। अंत में यह 74.87 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंच गया। अंत में रुपया पिछले बंद स्तर की तुलना में पांच पैसे नीचे आकर 74.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 74.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ ही 95.51 पर पहुंच गया।

### रूपा एंड कंपनी का मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा

कोलकाता, एजेंसी। होजयरी का सामान बनाने वाली रूपा एंड कंपनी का दिसंबर, 2021 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़कर 58.3 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 43.4 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। इसमें बताया गया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 25 फीसदी बढ़कर 433.2 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 345.6 करोड़ रुपए था।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

मुंबई, एजेंसी। घरेलू बाजार में बुधवार 9 फरवरी को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। यह लगातार 96वां दिन है, जब पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव देखने को नहीं मिला है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 91 डॉलर प्रत बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई 89.59 डॉलर प्रत बैरल के पार पहुंच गई है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपए प्रति लीटर है जबकि डीजल की कीमत 86.67 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर पर खरीदा जा सकता है। चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 101.40 रुपए है। डीजल की कीमत 91.43 रुपये प्रति लीटर थी। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.67 रुपए प्रति लीटर है जबकि डीजल की कीमत 101.56 रुपए प्रति लीटर है। भोपाल में पेट्रोल 107.23 रुपए प्रति लीटर पर खरीदा जा सकता है, जिसमें 6.27 रुपए की कटौती की गई है, वहीं डीजल की कीमत 90.87 रुपए प्रति लीटर है।

### झारखंड में दो कोयला ब्लॉकों के लिए बड़ी बोली डालमिया सीमेंट ने लगाई

नई दिल्ली, एजेंसी। डालमिया सीमेंट ने झारखंड में दो कोयला ब्लॉक के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए हुई नीलामी में सबसे बड़ी बोली लगाई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि ओडिशा में एक कोयला ब्लॉक के लिए महानदी माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे बड़ी बोली लगाई है जबकि पूर्वी ओडिशा में एक अन्य कोयला ब्लॉक के लिए सबसे बड़ी बोली याजदानी स्टील एंड पावर लिमिटेड ने लगाई है। इसी तरह असम में एक कोयला खदान के लिए सबसे बड़ी बोली असम मिनरल डेवलपमेंट कॉर्प लिमिटेड ने लगाई है। कोयला मंत्रालय ने नीलामी के पहले दिन पांच कोयला ब्लॉक के लिए बोलियां आमंत्रित की थी। इनमें से चार कोयला खदानों का पूरी तरह अन्वेषण हो चुका है जबकि एक खदान का आंशिक अन्वेषण हुआ है। बयान के मुताबिक नीलामी के लिए रखी गई इन पांचों कोयला खदानों की सम्मिलित भंडार क्षमता 118.81 करोड़ टन है। इनसे सालाना 59.44 लाख टन कोयले का उत्खनन किया जा सकता है।

### डोमिनोज और होंडा ने कश्मीर पर ट्वीट को लेकर माफी मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी। पिज्जा कंपनी डोमिनोज और जापानी कार विनिमार्ता कंपनी होंडा ने अपने पाकिस्तानी कारोबारी सहयोगियों की तरफ से सोशल मीडिया पर कश्मीर के अलगाववादियों के समर्थन में की गई टिप्पणियों से भारत में भावनाओं को ठेस पहुंचनेह्ल पर खेद जताया है। डोमिनोज इंडिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह भारतीय बाजार के लिए प्रतिबद्ध है और वह 25 साल से भी अधिक समय से इसे घर मानती आ रही है और देश की जनता, संस्कृति और राष्ट्रवाद की भावना के प्रति सम्मान का भाव रखती है। पिज्जा श्रृंखला ने कहा कि हम यहां उसकी (भारत की) विरासत को हमेशा के लिए संरक्षित करने के लिए खड़े हैं। देश हमें जो भी देता है हम उसका सम्मान करते हैं। देश के बाहर वाले डोमिनोज के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रकाशित अवांछित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हमें खेद है और हम माफी चाहते हैं। होंडा हर उस देश के कानूनों और भावनाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें वह काम करती है।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद



मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में यह बढ़त वाहन, धातु तथा बैंक शेयरों में भारी लिवाली (खरीददारी) से आई है। बाजार जानकारों के अनुसार दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 657.39 अंक करीब 1.14 फीसदी की बढ़त के साथ ही 58,465.97 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.05 अंक तकरीबन 1.14 फीसदी बढ़कर 17,463.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति के शेयर में सबसे ज्यादा चार फीसदी से अधिक की बढ़त आई है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, विप्रो और भारती एयरटेल के शेयर भी ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर सन फार्मा, आईटीसी और पावर ग्रिड के शेयर गिरे हैं। वहीं शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 1,967.89 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इससे पहले गत दिवस भी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था।

# टेस्ला से सरकार ने कहा- भारत में कंपनी लगानी है तो देना होगा रोजगार

मुंबई, एजेंसी। भारत सरकार ने टेस्ला पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। सरकार का कहना है कि हमने टेस्ला से कहा है कि अगर भारत में कंपनी स्थापित करना चाहते हैं तो यहां के लोगों को रोजगार देना होगा। भारी उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री कृष्पाल गुर्जर ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता है कि बाजार भारत में हो लेकिन नौकरी के अवसर चीन में पैदा हो। अमेरिका स्थित इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख टेस्ला को तब तक छूट नहीं दी जाएगी जब तक कि वह भारत में विनिर्माण गतिविधियों में भाग नहीं लेती है। मंत्री ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा को यह भी बताया कि कंपनी ने अभी तक सरकार की नीति के अनुसार योजनाओं के लिए आवेदन नहीं किया है। पिछले साल,



एलन मस्क की अगुवाई वाली कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर आयात शुल्क में कमी की मांग की थी लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने फर्म से किसी भी कर रियायत पर विचार करने से पहले देश में अपने प्रतिष्ठित ईवी का निर्माण शुरू करने के लिए कहा। गुर्जर ने कहा कि सरकार के पास ऑटोमोबाइल और ऑटो घटकों के साथ-साथ उन्नत रसायन सेल बैटरी के निर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन हैं। दोनों योजनाएं घरेलू और विदेशी संस्थाओं के लिए खुली हैं। टेस्ला पर एक सवाल के जवाब में, मंत्री ने कहा कि कंपनी चीन और भारत के बाजार से श्रमिकों को चाहती है। मोदी सरकार में यह संभव नहीं है। हमारी सरकार की नीति है कि अगर भारत के बाजार का उपयोग करना है तो नौकरी के अवसरों को भारतीयों को देना होगा। मंत्री का यह जवाब कांग्रेस सदस्य के सुरेश के एक सवाल के जवाब में आया कि क्या सरकार टेस्ला को भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करेगी और देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के बड़े पैमाने पर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया के सबसे बड़े रईस बने !

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया के सबसे बड़े अमीर बन गए हैं। एक दिन पहले अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी उनसे आगे निकल गए थे। लेकिन अंबानी फिर आगे हो गए हैं। मंगलवार को रिलायंस के शेयरों में तेजी आई जबकि अडानी ग्रुप की सात लिस्टेड कंपनियों में से पांच में गिरावट रही। जानकारी के मुताबिक अंबानी 89.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में दसवें और एशिया में पहले नंबर पर हैं। रिलायंस के शेयरों में 1.64 फीसदी की तेजी आई। इससे अंबानी की नेटवर्थ में 1.33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ 74.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है। दूसरी ओर अडानी की नेटवर्थ में 2.16 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 86.3 अरब डॉलर रह गई। इससे वह एशिया में दूसरे और दुनिया में 11वें नंबर पर खिसक गए। अडानी ग्रुप की सात लिस्टेड कंपनियों में से पांच के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई थी। अडानी ग्रीन एनर्जी में 4.93 फीसदी, अडानी ट्रांसमिशन में 2.30 फीसदी, अडानी टोटल गैस में 1.23 फीसदी, अडानी एंटरप्राइजेज में 1.21 और अडानी पावर में 3.27 फीसदी गिरावट आई। मंगलवार को लिस्ट हुई



अडानी विल्मर में 15.30 फीसदी तेजी आई। इस बीच फेसबुक यानी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनकी नेटवर्थ में 1.72 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 42.2 अरब डॉलर गिरावट आई है और यह 83.3 अरब डॉलर रह गई है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 238 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले स्थान पर हैं।

# हीरो मोटोकॉर्प ने बेचे 3.8 लाख बाइक्स और स्कूटर

## कंपनी भारतीय बाजार में दबदबा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी। हीरो मोटोकॉर्प ने बीते महीने जनवरी 2022 में 3.8 लाख मोटरसाइकल और स्कूटर बेचे हैं। हालांकि, इसमें सालाना और मासिक, दोनों रूप से कमी देखने को मिली है और जनवरी 2021 और दिसंबर 2021 में कंपनी ने जनवरी 2022 के मुकाबले ज्यादा टू-व्हीलर्स बेचे थे। इन सबके बीच हीरो मोटोकॉर्प टॉप पोजिशन पर काबिज है और भारत के साथ ही दुनिया की भी सबसे बड़ी टू-व्हीलर कंपनी बनी हुई है।



जनवरी 2022 सेल्स रिपोर्ट देखें तो हीरो मोटोकॉर्प ने नए साल के पहले महीने में घरेलू मार्केट और विदेशों में कुल 3,58,660 मोटरसाइकल बेचे। वहीं, इस दौरान कंपनी ने कुल 22,631 स्कूटर भी डोमेस्टिक मार्केट में बेचे और एक्सपोर्ट किए। कुल मिलाकर 3.8 लाख यूनिट में 21816 यूनिट एक्सपोर्ट किए। अब बात करते हैं नुकसान और मुनाफा की तो सालाना ग्रोथ में हीरो मोटोकॉर्प ने जनवरी 2022 में 20 फीसदी की कमी हुई है, वहीं मंथली सेल में 5 फीसदी की कमी हुई है। दिसंबर 2021 में हीरो मोटोकॉर्प ने बाहरी देशों के साथ ही घरेलू मार्केट में कुल 3,94,773 टू-व्हीलर बेचे थे। इस साल कंपनी नई योजनाओं पर काम कर रही है और बीते दिनों हीरो मोटोकॉर्प मे ऐथर एनर्जी ने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश की घोषणा की है और दोनों कंपनी की साझेदारी में नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स लॉन्च होने वाले हैं। आपको बता दें कि दुनियाभर में इन दिनों टू-व्हीलर्स और कारों के कॉम्पोनेंट्स शॉर्टेज की समस्या है और इस वजह से प्रोडक्शन भी घटा है।

हीरो मोटोकॉर्प भी इस समस्या से जूझ रही है, हालांकि कंपनी को विश्वास है कि आने वाले दिनों में इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। हीरो मोटोकॉर्प भारत में सबसे ज्यादा बाइक बेचने वाली कंपनी है और हीरो स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो पैशन प्रो और हीरो ग्लैमर बेस्ट सेलिंग बाइक्स है। हीरो डेस्टिनी, हीरो माएस्ट्रो और हीरो प्लेजर जैसे स्कूटर की भी खूब बिक्री होती है।

# हुंडई और किया ने शॉर्ट सर्किट के डर से वापस मंगाई पांच लाख कारें

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आपके पास हुंडई और किया की गाड़ियां हैं तो यह खबर आपके काम की हो सकती है। दक्षिण कोरिया की इन ऑटो कंपनियों ने अमेरिका में करीब 500,000 कारों और एसयूवी मालिकों को इन्हें घर के बाहर पार्क करने की सलाह दी है। इन कारों में आग लगने का खतरा है। पार्किंग की स्थिति में भी इनमें आग लग सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हुंडई और किया अमेरिका में अपनी कई कारों और एसयूवी को वापस मंगा रही हैं। उनका कहना है कि इन गाड़ियों में फारेन कंटेनमेंट की वजह से एंटी-लॉक ब्रेक कंप्यूटर कंट्रोल मॉड्यूल शॉर्ट सर्किट हो सकता है और इससे इंजन में आग लग सकती है। गाड़ी के खड़े रहने की स्थिति में भी ऐसा हो सकता है। यही वजह है कि इन कंपनियों में गाड़ियों को घर से बाहर पार्क करने को कहा है। हुंडई 2016-2018 के बीच बनी सेंटा एफई एसयूवीएस, 2017-2018 में बनी सेंटा एफई सपोर्ट एसयूवीएस, 2019 के सेंटा एफई एक्स एल मॉडल्स को वापस मंगा रही है। इसी तरह किया 2016-2018 के बीच बनी के900 सेडॉन मॉडल्स और 2014-2016 के बीच बनी स्पोर्टेज एययूवीएस वापस मंगा रही है। हुंडई कुल 357,830 और किया 126,747 गाड़ियों को वापस मंगा रही है। डीलर इन गाड़ियों के एंटी-क्लॉक ब्रेकिंग कंट्रोल मॉड्यूल की जांच करेंगे और गड़बड़ी होने पर नया लगाया जा सकता है। साथ ही इनका फ्यूज भी बदला जाएगा। इसके लिए कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। हुंडई और किया एक दूसरे से करीब से जुड़ी हैं। हुंडई की पेरेंट कंपनी हुंडई मोटर ग्रुप की किया में कंट्रोलिंग स्टेक है। दोनों कंपनियों के कई मॉडल्स में एक तरह की इंजीनियरिंग है। भारत में भी ये दोनों कंपनियां अलग-अलग कारोबार कर रही हैं।

# एमेजॉन ने प्रोपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर का सीजन 2 लॉन्च किया

## कार्यक्रम का उद्देश्य निर्यात बढ़ाना और भारत में वैश्विक ब्रांड्स का निर्माण करना है

चंडीगढः आज एमेजॉन इंडिया ने ग्लोबल सेलिंग प्रॉपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर के दूसरे सीजन के लॉन्च की घोषणा की। यह अभियान उभरते हुए भारतीय ब्रांड एवं स्टार्टअप्स को पूरी दुनिया में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित सहयोग देने के लिए डिजाईन किया गया है। स्टार्टअप एक्सलरेटर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स स्पेस में शुरूआती चरण स्टार्टअप्स को सहयोग करने के लिए डिजाईन किया गया है, ताकि वो एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम की मदद से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश कर भारत के ग्लोबल ब्रांड्स का निर्माण कर सकें। इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप्स को एमेजॉन से 100,000 डॉलर की पूर्णतः ईक्विटी-फ्री ग्रांट जीतने का मौका मिलेगा तथा उन्हें 10,000 डॉलर मूल्य के मुफ्त एडब्लूएस क्रेडिट मिलेंगे। यह प्रोग्राम स्टार्टअप्स को पार्टनर वीसी फर्म्स- एक्सेल, डीएसजी कंज्यूमर पार्टनर्स, फायरसाईड वेंचर्स एवं सिकोइयाकैपिटल इंडिया को अपने व्यवसायिक प्रस्तावों का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। लोकप्रिय बॉलिवुड अभिनेता एवं एंजेल निवेशक, कुणाल कपूर इस प्रोग्राम में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं। अमित अग्रवाल, एसवीपी - इंडिया एवं इमर्जिंग मार्केट्स, एमेजॉन ने कहा, ग्लोबल सेलिंग प्रॉपेल एक्सलरेटर उभरती हुई कंपनियों को अपने व्यवसायिक प्रस्ताव को जीवंत करने एवं भारत में विश्वस्तर पर लोकप्रिय ब्रांड्स का निर्माण करने का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाईन किया गया है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी के एक समृद्ध स्टार्टअप परिवेश का निर्माण करने तथा स्टार्टअप्स को भारत की आर्थिक वृद्धि का इंजन बनाने के उद्देश्य के अनुरूप है। प्रोग्राम के पहले सीजन में हमें बेहतरीन विचार, उत्साह एवं उद्यमशीलता की भावना देखने को मिले, और हम अब सीजन 2 प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं। यह निर्यात को हर आकार के व्यवसाय के लिए आसान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम 2025 तक भारत से ई-कॉमर्स निर्यात में 10 बिलियन डॉलर का व्यवसाय संभव बनाना चाहते हैं। पहले सीजन की विजेता, मेघना नारायण, को-फाउंडर, स्लर्प फार्म ने कहा, विश्व के बाजारों में विस्तार करने के मिशन के साथ हमने एमेजॉन पर कुछ साल पहले स्लर्पफार्म शुरू किया। हम पूरी दुनिया में माताओं को सेवाएं देते हैं और उन्हें अपने बच्चों को पोषणयुक्त भोजन देने में मदद करते हैं, जो बहुत तेजी एवं आसानी से बनाया जा सकता है। एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग प्रॉपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर ने पिछले साल हमारी सफलता में मुख्य भूमिका निभाई और हमें एक स्थायी व्यवसायिक मॉडल स्थापित करने में मदद की, जिससे ब्रांड के मूल्य प्रस्ताव और पूरी दुनिया के बाजारों में दृश्यता बढ़े। आज हम अमेरिका और यूके के बाजारों में अपने काम का विस्तार कर चुके हैं और सेल्स में हमें 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि मिल रही है। हमें विश्वास है कि सीजन 2 ग्लोबल बाजारों में प्रतिभागी स्टार्टअप्स की सफलता सुनिश्चित करने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

# पांड्या जैसे युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाने से कई लाभ होंगे : कर्स्टन



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी टीम के मेंटोर गैरी कर्स्टन ने कहा है कि अब ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की नेतृत्वक्षमता भी सामने आयेगी। पांड्या को अहमदाबाद फ्रेंचाइजी ने आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए कप्तान बनाया है। कर्स्टन के अनुसार एक युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाने से कई लाभ होंगे। कर्स्टन ने कहा, 'एक युवा और नये कप्तान के तौर पर मैं पंड्या के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं। मुझे लगता है कि उन्हें योजना बनाने और एक कप्तान के तौर पर यह दिखाने के लिये प्रेरित किया जायेगा कि वह इस स्तर पर क्या कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह शानदार खिलाड़ी है। जहां तक मुझे जानकारी मिली है वह वास्तव में टीम की योजना बनाने वाले समूह में शामिल होने के लिए उत्साहित रहते हैं। मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट के महत्व को समझते हैं। वह नेतृत्व के नजरिये फैसला करने वाले समूह का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। हमारी टीम में ऐसे कौशल वाले खिलाड़ी का होना खुशी की बात है।' फ्रैंचाइजी ने साथ ही कहा कि अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के होने से टीम को फायदा होगा।

उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में उन दोनों के होने से उत्साहित हूं। वे दोनों बेहतर प्रदर्शन करने वाले हैं। शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी है। मेरे विचार से वह भारत के लिए लंबे समय तक खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'वहींराशिद खान ने पूरी दुनियाभर में प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। मैंने अभी तक उसके साथ काम नहीं किया है लेकिन काम करने को लेकर रोमांचित हूं।'

# नाथन और एलीना ने शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण जीते



बीजिंग, एजेंसी। अमेरिका के नाथन चेन ने यहां शीतकालीन ओलंपिक की फिगर स्केटिंग स्पर्धा में विश्व रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। चेन ने शॉर्ट प्रोग्राम स्पर्धा में 113.97 अंक हासिल करने के साथ ही स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं महिलाओं की फ्रीस्टाइल स्कीइंग की बिग एयर स्पर्धा में चीन की ही इलीना गू सबसे कम उम्र में स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं। इलीना ने 18 साल की उम्र में यह पदक जीता है। इलीना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2018-19 में अमेरिका की ओर से खेला है। वहीं आईस हॉकी में कनाडा ने गत चैम्पियन अमेरिका को 4-2 से हराया।

# टीम इंडिया में जगह नहीं मिली, इन खिलाड़ियों ने आईपीएल से कमाये करोड़ों रुपये

मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए नीलामी 12 और 13 फरवरी को होगी। इस बार भी कई खिलाड़ियों पर मोटी रकम लगेगी। नीलामी में 15 देश के 590 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। आईपीएल से कई खिलाड़ियों ने वेतन के तौर पर करोड़ों रुपये कमाये हैं जबकि ये लोग भारतीय टीम में जगह नहीं बना पा रहे हैं।



जयदेव उनादकट : तेज गेंदबाज हैं जयदेव उनादकट ने एक टेस्ट, 7 वनडे और 10 टी20 के मुकाबले खेले हैं। वह पिछले 4 साल से भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके हैं हालांकि इसके बाद भी उनकी कमाई पर असर नहीं पड़ा है। इस क्रिकेटर ने आईपीएल से ही अब तक 36 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

कर्ण शर्मा : लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को भी पिछले 8 साल से भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें अंतिम बार साल 2014 में अवसर मिला था। इस क्रिकेटर ने भारतीय टीम की ओर से एक टेस्ट, 2 वनडे और एक टी20 के मुकाबला खेला है पर आईपीएल से वेतन के तौर पर उन्हें अब तक 35 करोड़ रुपए मिले हैं।

कृष्णप्पा गौतम : वहीं ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम ने भारतीय टीम ने केवल एक वनडे खेला है पर उन्हें आईपीएल से 30 करोड़ रुपए मिले हैं।

करुण नायर : बल्लेबाज करुण नायर ने भी भारत की ओर से 6 टेस्ट और 2 एकदिवसीय खेले हैं पर आईपीएल से उन्होंने 27 करोड़ रुपए कमाए हैं।

सौरभ तिवारी : सौरभ तिवारी ने भी आईपीएल से अब तक 27 करोड़ रुपए कमाये हैं जबकि उन्होंने भारतीय टीम की ओर से 12 साल पहले तीन एकदिवसीय खेले थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पोंटिंग , गिलक्रिस्ट के बाद वार्न ने भी लैंगर मामले में सीए को फटकारा

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट के बाद अब दिग्गज स्पिनर रहे शेन वार्न ने भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की आलोचना करते हुए कहा है कि उसने मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ अपमानजनक व्यवहार किया है। वार्न के अनुसार लैंगर को कोच पद से हटाया जाना सही नहीं है। सभी ने इस फैसले को गलत बताया है। इससे पहले सीए ने लैंगर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। वार्न ने कहा कि कोच के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया है उसके सहन नहीं किया जा सकता है। हम इसलिए सामने नहीं आ रहे कि हम जस्टिन के साथ खेले हैं और वह हमारा दोस्त और एक महान क्रिकेटर है। हम इसलिए सामने आ रहे हैं क्योंकि जिस तरह से उसके साथ व्यवहार किया गया है वह सही नहीं है। वार्न ने साथ ही कहा कि भूल जाओ लैंगर है। यह सीए का व्यवहार है जिस तरह से उन्होंने कठिन हालातों में टीम के कोच पद को संभाला था उसके लिए सभी को उनकी सराहना करनी चाहिये थी। गेंद से छेड़छाड़ मामले के बाद कोच पद संभालने के बाद टीम को उसका सम्मान लौटाने में लैंगर ने अहम भूमिका निभाई है। हम अंत में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में अखंडता को वापस आते हुए देखना शुरू कर रहे थे। वार्न से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने भी लैंगर के साथ जिस तरह से बोर्ड ने बर्ताव किया उसकी आलोचना की है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों का मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने लैंगर का अपमान किया है और उनकी छवि को खराब किया है।

### कमिंस के बचाव में उतरे चैपल

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व क्रिकेटर इयान चैपल ने कप्तान पैट कमिंस का समर्थन करते हुए कहा है कि जस्टिन लैंगर का समर्थन कर रहे पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना करनी चाहिये। चैपल ने कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को फटकारना आसान है क्योंकि वे इतने अच्छे नहीं है। इस तरह की प्रतिक्रिया अपेक्षित थी।' उन्होंने कहा, 'मैं दो बातों से हैरान हूं। पहली यह कि इस तरह की चीजों में ईमानदार रहने वाले कमिंस की बिना कारण आलोचना हो रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ खिलाड़ी जस्टिन लैंगर की पीआर मशीन के तौर पर काम कर रहे हैं।' चैपल ने यह भी कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के अगले कोच की नियुक्ति में कमिंस की भी भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'कप्तान को भी अपनी राय रखने का मौका मिलना चाहिए। उसे ऐसा कोच मिलना चाहिए जिसके साथ वह काम कर सके।'

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल नहीं एंडरसन , ब्रॉड

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड ओर वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम घोषित की है पर इसमें अनुभवी तेज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को शामिल नहीं किया गया है। एंडरसन और ब्रॉड को शामिल नहीं किये जाने से सब हैरान हैं जबकि इन दोनो ने मिलकर सबसे ज्यादा 1177 टेस्ट विकेट लिए हैं। एंडरसन के 169 टेस्ट में 640 विकेट हैं जबकि ब्रॉड के 152 टेस्ट मैचों में 537 विकेट हैं। इंग्लैंड टीम प्रबंधन अब भविष्य के लिए युवा खिलाड़ियों को अवसर देना चाहता है। वेस्टइंडीज दौरे के लिए चयनित 16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर भी शामिल नहीं हैं। बटलर की जगह बेन फोक्स को शामिल किया गया है। टीम में मैथ्यू फिशर,



एलेक्स लीस और मैथ्यू पार्किंसन जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। वेस्टइंडीज दौरे पर इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान मार्क वुड, ओली रॉबिंसन और क्रिस वोक्स के पास रहेगी। टीम गुरुवार को वेस्टइंडीज दौरे पर रवाना होगी। यहां दोनों टीमों के बीच 8 मार्च से टेस्ट सीरीज होगी।

वेस्टइंडीज दौरे के लिए चयनित इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:

जो रूट (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, जैक क्रॉली, मैथ्यू फिशर, बेन फॉक्स, डैन लॉरेंस, जैक लीच, एलेक्स लीस, साकिब महमूद, क्रेग ओवरटन, मैथ्यू पार्किंसन, ओली पोप, ओली रॉबिंसन, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।



उत्तरी चीन के हुबेई प्रांत में फ्रांस के क्वेंटीन फिलोन बॉयएथलॉन मुकाबले पहले अभ्यास करते हुए।

# आईपीएल नीलामी में शामिल नहीं हो पायेंगे अंडर 19 टीम के आठ खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व कप विजेता भारतीय अंडर-19 टीम के आठ खिलाड़ी आईपीएल के 15 वें सत्र में होने वाली नीलामी में भाग नहीं ले पायेंगे। आईपीएल 2022 सत्र के लिए नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होनी है पर अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले 8 खिलाड़ी एक विशेष नियम के कारण आईपीएल के इस सत्र में नहीं खेल पायेंगे। आईपीएल खेलने के लिए किसी भी खिलाड़ी को कम से कम एक फर्स्ट क्लास मैच या एक लिस्ट-ए मैच का अनुभव अनिवार्य है। अगर वे ऐसा नहीं कर सके हैं तो उनकी उम्र नीलामी की तारीख से पहले 19 साल होनी चाहिए पर टीम के 8 खिलाड़ी इन दोनों पैमानों को पूरा नहीं



करते हैं। इस कारण उप-कप्तान शेख रशीद सहित 8 खिलाड़ी नीलामी से बाहर हैं। वहीं बीसीसीआई से विशेष नियम के तहत इन्हें शामिल करने की मांग की जा रही है।

शेख रशीद के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश बाना, तेज गेंदबाज रवि कुमार, निशांत सिंधु, सिद्धार्थ यादव, अंगकृष रघुवंशी, मानव पारेख और गर्व सांगवान भी इन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं।

रणजी ट्रॉफी के मुकाबले 17 फरवरी से शुरू हो रहे हैं। ऐसे में अगर इन खिलाड़ियों को उनकी राज्य की टीमों में जगह मिल भी मिल जाती है, तो भी वे आईपीएल नीलामी के लिए योग्य नहीं होंगे, क्योंकि नीलामी उससे पहले 12 और 13 फरवरी को होनी है। नीलामी में 228 कैप्ड, 355 अनकैप्ड और 7 एसोसिएट देश के खिलाड़ी शामिल हैं।

# अगले ओलंपिक में भी पदक जीत सकती है मीराबाई : अविनाश

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भारोत्तोलन हाई परफोरमेंस निदेशक अविनाश के अनुसार मीराबाई चानू टोक्यो ओलंपिक की तरह ही साल 2024 पेरिस खेलों में भी पदक जीत सकती है। अविनाश के अनुसार अगले ओलंपिक तक मीराबाई की उम्र बढ़ जाएगी, इसलिए, उन्हें इस ओलंपिक टूर्नामेंट की तैयारी के लिए उन्हें कुछ खास प्रतिस्पर्धाओं में ही भाग लेना होगा जिससे उनकी उर्जा बनी रहे। उम्र बढ़ने के साथ ही फिटनेस बनाये रखना भी आसान नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि यह आसान नहीं है क्योंकि अगले ओलंपिक तक अभी तीन साल है और इस दौरान उन्हें अपना मनोबल बनाये रखना होगा। इंडोनेशिया के इको युली इराावन चार बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं, उन्होंने साबित किया है कि यह बहुत ही खास तरीके से टूर्नामेंट का चयन कर और समझदारी से तैयारी करके किया जा सकता है। इस संबंध में चानू के कोच विजय शर्मा योजना बनाएंगे जिससे सफलता की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। उनका कोच से अच्छा तालमेल है। इससे भी सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के पहले श्रीलंका को लगा झटका, बल्लेबाज कुशल संक्रमित हुए

कोलंबो, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी श्रीलंकाई टीम को शुक्रवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले करारा झटका लगा है। श्रीलंकाई टीम के प्रमुख बल्लेबाज कुशल मेंडिस कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। कुशल को रेपिड एंटीजेन परीक्षण (आरएटी) के दौरान कोविड पॉजिटिव पाया गया है। एसएलसी ने कहा, ह्यह्यश्रीलंका राष्ट्रीय टीम के साथ दौरे पर मेंडिस को संक्रमित पाये जाने के बाद पृथकवास में भेज दिया गया है ह्यह्य उन्होंने कहा, ह्यह्यआरएटी के परिणाम की पुष्टि पीसीआर परीक्षण में हुई जो उसी दिन किया गया ह्यह्य गौरतलब है कि कोविड-19 से जुड़े नियमों के अनुसार मेंडिस को अभी पृथकवास में रखा गया है। श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 11 से 20 फरवरी तक होगा जिसका पहला मैच सिडनी क्रिकेट मैदान पर होगा। ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद श्रीलंका की टीम 25 फरवरी से शुरू हो रहे दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों के लिए भारत दौरे पर जाएगी। इससे पहले



पहले तेज गेंदबाज नुवान तुषारा भी पॉजिटिव पाए गए थे। बीस सदस्यीय टीम में शामिल तुषारा ने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। इनके अलावा टीम के ट्रेनर दिलशान फोनसेका भी कोविड पॉजिटिव पाए गए थे।

# तब लगा था कि आईपीएल करियर समाप्त हो गया : सिराज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा है। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि शुरूआत में उसे लोगों के कई ताने भी सुनने पड़े। आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ 2019 में खराब शुरूआत के बाद उन्हें लगा कि उनका आईपीएल करियर समाप्त हो गया है। 2019 में आरसीबी के लिए खेले गए 9 मैचों में सिराज ने 7 विकेट लिए और 9.55 की इकॉनमी रेट से रन दे दिये थे। तब केकेआर के खिलाफ मैच में सिराज ने 2.2 ओवर में 36 रन दिए और दो बीमर फेंके



जिस वजह से उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया था। सिराज ने कहा कि 2019 में आरसीबी के साथ प्रदर्शन इतना खराब था कि मुझे लगा कि यह मेरे आईपीएल करियर का अंत है हालांकि मुझे यह भी लगा की मेरे पास अभी भी समय है। इसलिए मैंने अपने पर थोड़ा भरोसा करने का फैसला किया और इस दौरान आरसीबी प्रबंधन ने भी उनका सहयोग किया।

सिराज ने यहा भी कहा कि जब मैंने केकेआर के खिलाफ उन दो बीमर गेंदों को फेंका। तो लोगों ने कहा कि क्रिकेट छोड़ो और वापस जाओ और अपने पिता के साथ ऑटो चलाओह्न। आईपीएल 2020 में आरसीबी के लिए अच्छे प्रदर्शन के बाद सिराज को 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारत टेस्ट टीम में चयन किया गया था। सिराज आईपीएल इतिहास में दो लगातार मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज भी बने थे। सिराज आईपीएल 2022 के लिए आरसीबी द्वारा रिटेन किए जाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं। अन्य दो खिलाड़ी विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल हैं।

# लैंगर ने टीम के लिये ऊंचे मानदंड कायम किये : कमिंस

ब्रिसबेन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने मुख्य कोच पद छोड़ने वाले जस्टिन लैंगर को एक लीजैंड बताया और कहा कि उन्होंने टीम के लिये ऊंचे मानदंड बनाये थे। कमिंस ने कहा कि लैंगर को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट से बेहद प्यार है , इसलिए उन्हें अपने कठोर रवैये के लिए माफी मांगने की जरुरत नहीं है। कमिंस ने साथ ही कहा कि मुख्य कोच पद से बाहर होने का कारण उनकी कोचिंग शैली नहीं थी। वहीं इससे पहले रिकी पोंटिंग , एडम गिलक्रिस्ट सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने लैंगर का समर्थन नहीं करने के लिये कमिंस की काफी आलोचना की थी। कमिंस ने एक बयान में कहा , ह्यह्य जो फैसला क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा अभी लिया नहीं गया था , उस पर बोलने से सीए और टीम की स्थिति खराब हो जाती और मैं ऐसा कभी नहीं करता। मेरा मानना है कि ड्रेसिंग रूम की पवित्रता बनी रहनी चाहिये ह्यह्य इससे पहले लैंगर ने शनिवार को मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में उन्होंने एक बयान में अपनी कड़ी शैली के कारण खिलाड़ियों को हुई परेशानियों के लिए माफी भी मांगी थी।

# साहा रणजी नहीं खेलेंगे, टीम इंडिया में वापसी की संभावनाएं हुईं समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा इस सत्र में बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। साहा के हटने से साफ है कि उनका अंतराष्ट्रीय करियर अब समाप्त हो गया है। अब तक जो संकेत मिले हैं उससे साफ हो गया है कि साहा टीम इंडिया की भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। नये प्रबंधन ने चयनकर्ताओं को कहा है कि साह अभी विश्व के बेहतरीन विकेटकीपरों में शामिल हैं पर उसके भविष्य की योजना का हिस्सा नहीं हैं। इसी कारण 4 मार्च से मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज में भी उनके नाम पर विचार नहीं होगा। टीम



इंडिया के पास अभी ऋषभ पंत जैसा आक्रामक और युवा विकेटकीपर बल्लेबाज है। इसके अलावा उभरते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। इसी को देखते हुए प्रबंधन ने साहा को बताया है कि टीम की योजनाओं में वह शामिल नहीं हैं क्योंकि ऋषभ के साथ कुछनए विकल्प तैयार किये जाएंगे। ऐसे में भरत को अनुभव हासिल करने के लिए अवसर दिये जाएंगे। भरत ने 78 फर्स्ट क्लास मैच में 4200 से अधिक रन बनाए हैं। इसी को देखते हुए साहा ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष अभिषेक डालमिया और संयुक्त सचिव स्नेहाशीष गांगुली को बताया है कि वह निजी कारणों से इस सत्र में रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे। इसी कारण बंगाल टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है।

# पीटरसन , ब्रेविस आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामांकित

## महिला वर्ग से डिएंड्रा अटापट्टू शामिल

दुबई, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज कीगन पीटरसन और अंडर 19 विश्व कप के स्टार खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस के साथ ही बांग्लादेश के इबादत हुसैन को जनवरी महीने में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष वर्ग से आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। पीटरसन को भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। ब्रेविस ने अंडर 19 विश्व कप की छह पारियों में 84.33 की औसत से 506 रन बनाने के साथ ही सात विकेट भी लिए थे। वहीं पीटरसन ने भारत के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 244 रन बनाए



थे जबकि ब्रेविस ने वेस्टइंडीज में अंडर 19 विश्व कप में दो शतक और तीन अर्धशतक लगाए थे। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुने गए थे। वहीं बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हुसैन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में दो टेस्ट खेले और 9 विकेट लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में 46 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी सहायता से बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड में पहली बार टेस्ट जीता। दूसरी ओर महिला वर्ग में श्रीलंकाई क्रिकेटर चामारी अटापट्टू, वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन और इंग्लैंड की हीथर नाइट को नामांकन किया गया है।





# स्टाइलिश के साथ अट्रैक्टिव लुक के लिए लड़के फॉलो करें आसान ट्रिक्स



**अक्सर लड़के अपने आप को स्मार्ट दिखाने के लिए क्या क्या नहीं करते है। चेहरे की क्लीनिंग के लिए फेस वॉश और फेस क्रीम लगाकर निकल जाएंगे, जबकि यह जल्दबाज़ी आपको अनाकर्षक दिखाती है। तो कम समय में बेस्ट लुक के लिए आजमाएं ये ट्रिक्स।**

- महीने में एक बार हेयर कट ज़रूर लें, क्योंकि गर्दन के पीछे और कान के पास बाल अनइवन दिखते हैं, जो चेहरे को बिगाडने का काम करते हैं इसलिए इनकी कटिंग जरूरी है।
- किसी-किसी की आईब्रोज़ घनी व मोटी होती हैं, जो चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ देती है। इसलिए किसी अच्छे सलॉन में जाकर आईब्रोज़ बनवाएं। अगर बालों की ग्रोथ जल्दी होती है तो घर में प्लकर रखें।
- सप्ताह में एक बार नाखून काटें। अगर नाखून हार्ड हैं तो शॉवर लेने के बाद वे नरम हो जाएंगे और तब आप इन्हें आसानी से काट सकते हैं। नेल्स कट करने के बाद हाथों में मॉयस्चराइज़र ज़रूर लगाएं।
- हल्की फ्रेंगरैंस वाला परफ्यूम चुनें। किसी एक ब्रांड परफ्यूम को अपना सिग्नेचर सेंट बनाएं। सबसे अलग और बेहतरीन खुशबू भी आपकी पर्सनैलिटी में चार-चांद लगा देगी।
- चेहरा साफ करने के लिए सोमवार की सुबह एक माइक्रोबेड-फ्री स्क्रबिंग करें। सप्ताह के दूसरे दिन सामान्य फेस वॉश यूज़ करें। इससे आपका चेहरा खिला-खिला नज़र आएगा।
- ज्यादातर पुरुष फेशियल कराने से बचते हैं लेकिन इससे चेहरे की गंदगी साफ हो जाती है और आप अच्छा महसूस करते हैं। इससे चेहरे की मसल्स भी मज़बूत बनती हैं।
- सुबह की दिनचर्या में आई क्रीम या रोल-ऑन लगाना न भूलें। यह आंखों को आराम देगा और डार्क सर्कल्स भी हटाएगा।
- आपका जैकेट का शोल्डर परफेक्ट होना चाहिए, इसके स्लीव्स कलाई के थोड़े उपर होने चाहिए और पैंट्स की लेंथ proper और हेमिंग किए हुए होने चाहिए। अगर आपके सूट में इन चीजों को कमी है, तो बिना देर किए टेलर के पास जाएं और अपने सूट को Alteration के लिए डाल दें।
- सूट के बार में ये कहा जाता है कि लड़के सूट में सबसे ज्यादा आकर्षक लगते हैं। वैसे ये कोई जरूरी नहीं है कि आप हमेशा सूट में रहें, लेकिन जब भी सूट पहनें इस बात का ख्याल रखें कि वो परफेक्ट फिट हो। अगर आपका सूट फिट नहीं है और आपके शरीर में झूल रहा है, तो ऐसा सूट पहनने से अच्छा है ना पहनिए।



# कीवी के फायदे



वैसे तो कीवी मुख्य रूप से चीनी फल है, लेकिन इसकी ख़ूबियों को देखते हुए, दुनिया के अन्य देशों में भी इसे उगाया जाने लगा है. भारत के कुछ इलाकों में भी कीवी की खेती की जाती है, पर फिर भी हम इसका आयात करते हैं. विटामिन सी, के, ई और कैल्शियम, फ़ॉलेट, पोटैशियम, फ़ाइबर से भरपूर कीवी और किन-किन बीमारियों से राहत दिला सकता है, आइए हम आपको बताते हैं.

### पाचनक्रिया में सुधार

फ़ाइबर से भरपूर कीवी आपके पाचन क्रिया में सुधार लाने में मदद करता है. अगर आप कब्ज से परेशान हैं तो कीवी का सेवन करें. इसमें मौजूद लैक्सेटिव पेट को साफ़ करके कब्ज से राहत दिलाता है.

### ब्लड क्लॉटिंग में मददगार

शरीर में अगर ब्लड क्लॉटिंग होती है तो उससे स्ट्रोक, हार्ट अटैक व किडनी संबंधी सस्याएं होती हैं, जो आपके लिए बिल्कुल भी सही नहीं है. कीवी में मौजूद ऐंटी-थ्रोम्बॉटिक यानी कि ख़ून को ना जमने देनेवाला गुण मौजूद होता है.

### अस्थमा के लिए फ़ायदेमंद है

एक रिसर्च की माने तो रोजाना 1 ग्राम विटामिन सी के सेवन से अस्थमा के अटैक में कमी आती है. कीवी में भी विटामिन सी की मात्रा मौजूद होती है. अगर आप कीवी का सेवन किसी भी रूप में करते हैं, तो फ़ायदे में ही रहेंगे.

### इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाता है

कीवी में मौजूद विटामिन सी और कैरोटिनाइड और पॉलीफ़ेनॉल जैसे ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स के दुस्प्रभाव से बचाकर हमारे इम्यून सिस्टम को मज़बूती प्रदान करते हैं.

### गर्भावस्था में लाभदायक

कीवी में फोलेट काफ़ी मात्रा में मौजूद होता है. गर्भवती महिलाओं के लिए फोलेट एक ज़रूरी मिनरल्स है, जिसकी कमी से एनीमिया, थकान, कमजोरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.

### ऐंटी-एजिंग के फ़ायदों से भरपूर

कीवी में विटामिन्स और मिनरल्स इतनी अधिक मात्रा में मौजूद हैं, कि इसके रोजाना सेवन से एजिंग का प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है. इसे आप फ़ेस पैक के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

## एथनिक लुक कम्प्लीट करें
# पोटली बैग्स



कम्प्लीट ट्रेडिशनल लुक के लिए सिर्फ़ पारंपरिक पोशाकों से ही काम नहीं बनता. उसके लिए मैचिंग ज्वेलरी और बैग्स होना भी ज़रूरी होता है. अगर आपके पास ट्रेडिशनल ज्वेलरी हैं तो भी साड़ी, लहंगा, सूट और इंडो-वेस्टर्न जैसे ट्रेडिशनल पहनावे के साथ एक ऐसे बैग की ज़रूरत होती है, जो हमारे एथनिक लुक को पूरा करे. ऐसे में हम डिज़ाइनर क्लच और पोटली बैग्स को ख़ासा तवज्जो देते हैं. इन दिनों पोटली बैग्स का क्रेज बॉलिवुड सेलेब्स में भी देखने को मिल रहा है. हालांकि पोटली बैग्स का फ़ैशन सदाबहार है, जिसे हम ही नहीं हमारी दादी-नानी भी कई दशकों से अपने ट्रेडिशनल लुक के लिए पसंद करती आई हैं. रेखा से लेकर आथिया शेट्टी तक ने अपने एथनिक लुक को कम्प्लीट करने के लिए पोटली बैग्स कैरी किया है.



# दूध नहीं पीते तो डाइट में शामिल करें रागी



हमारे शरीर के लिए कैल्शियम बहुत जरूरी होता है. कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स लेने की सलाह दी जाती है. लेकिन अगर आप दूध नहीं पीते या डेयरी प्रोडक्ट्स लेने से किसी तरह की समस्या हो जाती है, तो आपको रागी के आटे को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए. रागी एक ऐसा नॉन डेयरी प्रोडक्ट है, जिसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है. आप रागी का आटा पिसवाकर इसे गेहूं के आटे के साथ 7 :3 के अनुपात में मिक्स करके खाने में यूज कर सकते हैं. इसके अलावा इसे अंकुरित करके भी खा सकते हैं. प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन्स, फाइबर, कार्बोहाइड्रेड जैसे तमाम पोषक तत्वों से भरपूर रागी और भी कई तरह से सेहत को लाभ पहुंचाती है. जानिए इसके बेमिसाल फायदे.

### ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम

किसी भी अनाज की तुलना में रागी में सबसे ज्यादा कैल्शियम होता है. इसकी वजह से ये हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है. यदि इसे नियमित रूप से डाइट में शामिल किया जाए तो ये ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम से शरीर को बचाती है और दांतों को मजबूत बनाती है.

### कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए

अगर आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर काफी बढ़ गया है, तो रागी आपके लिए काफी काम की है. कोलेस्ट्रॉल शरीर में हार्ट अटैक का रिस्क बढ़ाता है. रागी में डायटरी फाइबर और फायटिक एसिड होता है जो बैड कोलेस्ट्रॉल को शरीर से बाहर निकालने में मददगार होता है.

### डायबिटीज के रोगियों के लिए लाभकारी

रागी में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं, ऐसे में ये डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है. रागी के नियमित सेवन से शरीर में ग्लूकोज के बढ़ते स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है.

### एनीमिया से बचाती

रागी में भरपूर मात्रा में आयरन होता है, ऐसे में इसके सेवन से शरीर में तेजी से खून बनता है और एनीमिया जैसी परेशानी से बचाव होता है.

### तनाव घटाती है रागी

रागी में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो तनाव को कम करने में मददगार माने जाते हैं. आज के समय में स्ट्रेस बहुत कॉमन समस्या बन चुका है. ऐसे में रागी को नियमित रूप से डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए.

# साधारण दही से कितना अलग है ग्रीक योगर्ट?

ग्रीक योगर्ट का नाम सुनकर आपके मन में यह सवाल ज़रूर उठा होगा कि दही और फ्लेवर्ड दही तो ठीक है, लेकिन यह ग्रीक योगर्ट क्या है? नाम तो विदेशी जान पड़ता है. क्या यह दही से अलग है? खाने में इसका स्वाद कैसा होगा? और ना जाने कितने सवाल. तो चलिए इन सारे सवालों के जवाब हम आपको दिए देते हैं, ताकि आप समझ सकें कि यह ग्रीक योगर्ट है क्या? और यह हमारी सेहत के लिए कितना फ़ायदेमंद है?

### क्या है ग्रीक योगर्ट?

ग्रीक योगर्ट और साधारण दही में बहुत अधिक अंतर नहीं है. दोनों के जमाने की प्रक्रिया एक जैसी ही है, लेकिन जमने के बाद दही से एक्स्ट्रा पानी छानकर निकाल दिया जाता है और वह ग्रीक योगर्ट का रूप ले लेती है. ग्रीक योगर्ट साधारण दही की अपेक्षा अधिक गाढ़ा होता है और इसमें प्रोटीन अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिस वजह से वर्कआउट करनेवाले लोग इसे अधिक पसंद करते हैं. अधिक दूध के इस्तेमाल की वजह से ग्रीक योगर्ट का दाम साधारण दही से काफ़ी अधिक होता है, इसलिए लोग इसे ख़रीदने से बचते हैं.

### ग्रीक योगर्ट के फ़ायदे

साधारण दही की तुलना में ग्रीक योगर्ट कई मायनों में असरदार है. ग्रीक योगर्ट में प्रोटीन की मात्रा सामान्य दही की अपेक्षा दोगुनी होती है. सामान्यतः एक कप ग्रीक योगर्ट में 23 ग्राम जबकि साधारण दही में 14 ग्राम प्रोटीन होता है. इस वजह से वज़न कम करनेवाले या अधिक वर्कआउट करनेवाले लोग इसे अपनी डायट में शामिल करते हैं. इसके अलावा प्लेन दही से पानी निकालते समय उसमें मौजूद लैक्टोज़ और सोडियम की कुछ मात्रा भी बाहर निकल जाती है.

### इसके नुक़सान

हालांकि ग्रीक योगर्ट का प्रत्यक्ष रूप से कोई नुक़सान नहीं है, लेकिन अधिक प्रक्रिया से गुज़रने के कारण योगर्ट अपने कुछ ज़रूरी पोषण खो देती है. ग्रीक योगर्ट में कैल्शियम की मात्रा घटकर आधी रह जाती है. साधारण दही में कैल्शियम 49 फ़ीसदी पाया जाता है, तो ग्रीक योगर्ट में 25 फ़ीसदी ही होता है. फ़ैट की मात्रा भी ग्रीक योगर्ट में अधिक पाई जाती है, इसलिए अगर आप साधारण दही की जगह ग्रीक योगर्ट का विकल्प चुन रहे हैं, तो कम फ़ैट वाले विकल्प चुनें.



# टीबैग के सेहतमंद इस्तेमाल

आपका टीबैग आपको तरोताज़ा करने के अलावा भी काम आ सकता है. आइए जानते हैं कैसे?

### खरोंच

भीगा हुआ टीबैग त्वचा की बाहरी खरोंचों को जल्द हील करता है. टीबैग्स में टैनिन होता है, जो खरोंचों से निकलनेवाले ख़ून को रोकता है. त्वचा की खरोंचों पर भीगा हुआ टीबैग डालने पर खरोंचों का रंग बदलता है और उनकी हीलिंग जल्दी होती है.

### जलना

चाहे सनबर्न हो या रेज़र बर्न भीगा हुआ टीबैग जलन को कम करता है. टीबैग्स को गर्म पानी से बाहर निकालकर ठंडा होने दें. फिर उन्हें बर्न से प्रभावित जगह पर रखें. त्वचा पर टीबैग्स को रगड़ें नहीं. त्वचा को टीबैग के सत्व को अवशोषित करने दें.

### मसूड़े

यदि आपके मसूड़ों से ख़ून आ रहा हो तो टीबैग्स आपके काम आ सकते हैं. आप मसूड़ों पर ठंडा किया हुआ यूज़्ड टीबैग रखें. जल्द ही मसूड़ों से ख़ून आना बंद होगा और सूजन में भी कमी देखने मिलेगा.

### मस्सा

टी बैग्स में मौजूद टैनिक एसिड मस्सों को प्रभावी बनानेवाले बैक्टीरिया से लड़ता है, जिसके चलते मस्सों के सूखने की प्रक्रिया में तेज़ी आती है. मस्सों पर १० मिनट के लिए गर्म टीबैग रखें. दिन में दो-तीन बार यह प्रक्रिया दोहराकर आप मस्सों में फ़र्क़ महसूस कर सकेंगे.

# सूखा आलू बुखारा जो देगा सेहत का तोहफ़ा

सूखे मेवों यानी ड्रायफ्रूट्स में हम किशमिश, खूबानी और अंजीर के बीच काले रंग के इन छोटे-छोटे सूखे आलू बुखारा को हमेशा दरकिनार कर देते हैं या फिर दूसरे सूखे मेवों की अपेक्षा इनका बहुत ही कम इस्तेमाल करते हैं. हालांकि इस मेवे में कई पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा होती है, जिसकी वजह से इसे आप बेझिझक अपनी डायट में शामिल कर सकते हैं.



आलू बुखारे में प्रोटीन की मात्रा भले ही कम हो, लेकिन फ़ाइबर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है. क़रीब प्रति 15 ग्राम आलू बुखारे में 1 ग्राम फ़ाइबर पाया जाता है. यह ब्लड में शुगर लेवल और टाइप-2 डायबिटीज़ को कंट्रोल रखने में सहायक होता है. केले के अलावा आलू बुखारा ही एक ऐसा नैचुरल फ़ूड है जिसमें पोटैशियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है. अगर आप कब्ज़ से परेशान हैं तो सूखे आलू बुखारा का सेवन आपकी पाचन क्रिया को ठीक करने में मदद कर सकता है. यह हड्डियों को मज़बूती देने के साथ उनके स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है. ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स और विटामिन्स से भरपूर आलू बुखारे आंख व त्वचा के लिए फ़ायदेमंद होते हैं. आयरन की कमी को भी पूरा करने में यह मदद करते हैं.

एक वयस्क व्यक्ति को रोज़ाना 3-4 आलू बुखारा से ज़्यादा नहीं खाना चाहिए. ध्यान रहे कि हमेशा ताज़े आलू बुखारा को ही अपने डायट में शामिल करें. डिब्बाबंद या पैकेट में आनेवाली इसकी अनेक क़िस्मों से बचें, क्योंकि उनमें प्रिज़र्वेटिव्स होते हैं और कभी-कभी इसमें शक्कर भी मिलाया होता है.

# सावधान! अगर आपको चक्कर आ रहे हैं



चक्कर आना अक्सर कमजोरी और थकान के कारण होता है, जो एक आम समस्या हो सकती है। लेकिन कभी-कभी ये सामान्य समस्याएं कुछ अलग कारणों से होती हैं। कभी-कभी चक्कर आना शरीर में हार्मोनल समस्याओं के कारण होता है और कभी-कभी यह रक्तचाप के कारण हो सकता है। चक्कर आना सुनवाई हानि, धुंधली दृष्टि और बोलने में कठिनाई की विशेषता है। चक्कर आना भी चक्कर आने का एक और कारण हो सकता है। जिसमें व्यक्ति को हमेशा चक्कर आते हैं। यह समस्या मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में अधिक आम है। कुछ लोग अपना संतुलन खो देते हैं और गिर जाते हैं। इसके अलावा, यह रक्तचाप में अचानक परिवर्तन के कारण भी होता है।

इन बीमारियों से बचने के लिए आपको अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य समस्याओं का बहुत ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए भोजन समय पर बनाया जाना चाहिए और भोजन से कभी भी परहेज नहीं करना चाहिए। कभी-कभी एंटीबायोटिक्स लेते समय भी चक्कर आ सकते हैं। इसलिए डॉक्टर की सलाह पर ही दवाइयां लें। एनीमिया के मामलों में चक्कर आना आम है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी है। यदि कोई निर्जलित है, तो चक्कर भी आ सकता है। हमेशा अपने साथ पानी की बोतल लेकर जाएं। यदि आप समय-समय पर चक्कर महसूस करते हैं, तो आप डॉक्टर से परामर्श करके तुरंत उपचार शुरू कर सकते हैं।

## आज की रेसिपी
# सोया मेथी गार्लिक नान



यह एक झटपट और स्वादिष्ट नान है जिसमें आपको मेथी और सोया की गुडनेस मिलेगी, इसे एक बार जरूर ट्राई करें.

**सामग्री :**

- 1/2 कप सोया आटा
- 1 कप गेहूं का आटा
- 3 टी स्पून कसूरी मेथी
- 2 टी स्पून लहसुन, बारीक कटा हुआ
- 1 टी स्पून सूखा खमीर
- 1 टी स्पून नमक
- 1/2 टी स्पून तेल

**विधि :**

- एक बाउल में नमक के साथ खमीर और पानी मिलाएं. ढककर लगभग 10 मिनट के लिए रख दें, जब तक वह फूल न जाए.
- अब गेहूं का आटा, सोया आटा, खमीर, नमक, तेल, कसूरी मेथी और लहसुन को एक साथ मिलाकर एक नरम आटा गूंध लें, जरूरत के हिसाब से पानी का उपयोग करें.
- आटे को एक मुलायम कपड़े से ढक दें और इसे लगभग 20 मिनट तक रेस्ट दें.
- अब आटे को बराबर भागों में बांटे. सूखा आटा छिड़क कर एक हिस्सा दबाएं और इसे फ्लैट रोल करें.
- एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और नान को दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक पकाएं. बाकी बचे आटे से इस प्रक्रिया को दोहराएं. गर्म-गर्म नान परोसें.

# ऐसे बढ़ाएं अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता

शरीर लगातार विभिन्न प्रकार की बीमारियों के वाहक जीवाणुओं के हमले झेलता रहता है। ये हमले नाकाम तभी हो सकते हैं जब हमारे शरीर का किला यानी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो। इस किले को मजबूत करना कोई ज्यादा मुश्किल नहीं है। आइए देखते हैं कैसे :




### जल

यह प्राकृतिक औषधि है। प्रचुर मात्रा में शुद्ध जल के सेवन से शरीर में जमा कई तरह के विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पानी या तो सामान्य तापमान पर हो या फिर थोड़ा कुनकुना। फ्रिज के पानी के सेवन से बचें।

### रसदार फल

संतरा, मौसमी आदि रसदार फलों में भरपूर मात्रा में खनिज लवण तथा विटामिन सी होता है। प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आप चाहें तो पूरे फल खाएँ और चाहें तो इनका रस निकालकर सेवन करें। हां, रस में शकर या नमक न मिलाएं।

### गिरीदार फल

सर्दी के मौसम में गिरीदार फलों का सेवन फायदेमंद होता है। इन्हें रात भर भिगोकर रखने व सुबह चाय या दूध के साथ, खाने से आधे घंटे पहले लेने से बहुत लाभ होता है।

### अंकुरित अनाज

अंकुरित अनाज (जैसे मूंग, मोठ, चना आदि) तथा भीगी हुई दालों का भरपूर मात्रा में सेवन करें। अनाज को अंकुरित करने से उनमें उपस्थित पोषक तत्वों की क्षमता बढ़ जाती है। ये पचाने में आसान, पौष्टिक और स्वादिष्ट होते हैं।

### सलाद

भोजन के साथ सलाद का उपयोग अधिक से अधिक करें। भोजन का पाचन पूर्ण रूप से हो, इसके लिए सलाद का सेवन जरूरी होता है। ककड़ी, टमाटर, मूली, गाजर, पत्तागोभी, प्याज, चुकंदर आदि को सलाद में शामिल करें। इनमें प्राकृतिक रूप से मौजूद नमक हमारे लिए पर्याप्त होता है। ऊपर से नमक न डालें।

### चोकर सहित अनाज

गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का जैसे अनाज का सेवन चोकर सहित करें। इससे कब्ज नहीं होगी तथा प्रतिरोध क्षमता चुस्त-दुरुस्त रहेगी।

### तुलसी

तुलसी का धार्मिक महत्व अपनी जगह है मगर इसके साथ ही यह एंटीबायोटिक, दर्द निवारक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी फायदेमंद है। रोज सुबह तुलसी के 3-5 पत्तों का सेवन करें।

### योग

योग व प्राणायाम शरीर को स्वस्थ और रोगमुक्त रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी जानकार से इन्हें सीखकर प्रतिदिन घर पर इनका अभ्यास किया जाना चाहिए।

### हंसिए भी

हंसने से रक्त संचार सुचारु होता है व हमारा शरीर अधिक मात्रा में ऑक्सीजन ग्रहण करता है। तनावमुक्त होकर हंसने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने में मदद मिलती है।